RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 175
नई दिल्ली, मंगलवार, 2 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



ट्रायल में भाग नहीं लेंगी साइना नेहवाल

स्पोर्ट्स-12

# सुलह की गुंजाइश नहीं बची तो सुप्रीम कोर्ट तलाक मंजूर करेगा

● अनुच्छेद 142 के तहत प्राप्त विशेषाधिकार का इस्तेमाल करेगी शीर्ष अदालत, छह महीने की अनिवार्य अवधि का पति और पत्नी को नहीं करना होगा इंतजार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने सोमवार को व्यवस्था दी कि वह जीवनसाथियों के बीच आई दरार भर नहीं पाने के आधार पर किसी शादी को खत्म करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपने विशेषाधिकारों का इस्तेमाल कर सकता है और हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत छह महीने की अनिवार्य अवधि के प्रावधान का इस्तेमाल किए बिना दोनों पक्षों को परस्पर सहमति के आधार पर तलाक की अनुमति दे सकता है।

न्यायालय ने यह स्पष्ट कर दिया कि कोई भी वादकार संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत एक रिट याचिका दायर करके न सुधर पाने वाले रिश्तों के आधार पर विवाह समाप्त करने का अनुरोध नहीं कर सकता। मौलिक अधिकारों से वंचित किए जाने की स्थिति में देशवासियों को अनुच्छेद 32 के तहत उच्चतम न्यायालय से संवैधानिक राहत हासिल करने का अधिकार है। संविधान का अनुच्छेद 142 शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित किसी मामले में संपूर्ण न्याय के लिए उसके आदेशों के क्रियान्वयन से संबंधित है। अनुच्छेद 142(एक) के तहत उच्चतम न्यायालय की ओर से पारित आदेश पूरे देश में लागू होता है। हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13-बी आपसी सहमति से तलाक से संबंधित है और इस प्रावधान की उप-धारा (2) यह व्यवस्था करती है कि पहला प्रस्ताव पारित होने के बाद, पक्षकारों को दूसरे प्रस्ताव के साथ अदालत का रुख करना होगा, यदि तलाक संबंधी याचिका छह महीने के बाद और पहले प्रस्ताव के 18 महीने के भीतर वापस नहीं ली जाती है। न्यायमूर्ति एस. के. कौल की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि जीवनसाथियों के बीच रिश्तों में आई दरार भर नहीं पाने के आधार पर तलाक की अनुमति देना अधिकार नहीं, बल्कि विशेषाधिकार है, जिसका इस्तेमाल विभिन्न कारकों को ध्यान में रखते हुए बहुत ही सावधानी से किया जाना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि दोनों पक्षों के साथ पूर्ण न्याय हो। शीर्ष अदालत इन प्रश्नों पर अपना निर्णय दे रही थी कि क्या जीवनसाथियों के बीच आई दरार भर नहीं पाने के आधार पर किसी शादी को खत्म करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपने विशेषाधिकारों का इस्तेमाल करके तलाक की अनुमति दी जा सकती है, खासकर तब जब एक पक्ष तलाक देना न चाहता हो। पीठ ने कहा, हमने अपने निष्कर्षों के अनुरूप, व्यवस्था दी है कि इस अदालत के लिए किसी शादीशुदा रिश्ते में आई दरार के भर नहीं पाने के आधार पर उसे खत्म करना संभव है। (शेष पेज 9)

### क्या है अनुच्छेद 142

**संविधान** का अनुच्छेद 142 शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित किसी मामले में संपूर्ण न्याय के लिए उसके आदेशों के क्रियान्वयन से संबंधित है। अनुच्छेद 142 (एक) के तहत उच्चतम न्यायालय की ओर से पारित आदेश पूरे देश में लागू होता है।

## महिलाओं को जीवन में आगे बढ़ने का मौका मिलेगाः एनसीडब्ल्यू

● महिला संगठनो और कार्यकर्ताओ ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** महिला आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा, महिला कार्यकर्ताओं और वकीलों ने उच्चतम न्यायालय के उस फैसले का स्वागत किया है, जिसमें शीर्ष अदालत ने व्यवस्था दी है कि वह जीवनसाथियों के बीच आई दरार भर नहीं पाने के आधार पर हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत छह महीने की अनिवार्य अवधि के प्रावधान का इस्तेमाल किए बिना दोनों पक्षों को परस्पर सहमति के आधार पर तलाक की अनुमति दे सकता है। रेखा शर्मा ने कहा कि इस निर्णय से महिलाओं को जिंदगी में आगे बढ़ने और अपने भविष्य के बारे में योजना बनाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, मैं फैसले का स्वागत करती हूं। अगर आपसी सहमति से अलगाव होता है, तो महिलाओं को अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने और भविष्य के बारे में योजना बनाने का मौका मिलेगा।

महिला अधिकार कार्यकर्ता और पीपुल्स अगेंस्ट रेप इन इंडिया (परी) की संस्थापक योगिता भयाना ने कहा कि यह प्रगतिशील फैसला है, लेकिन किसी वैवाहिक रिश्ते में आई दरार के भर नहीं पाने के आधार पर विवाह विच्छेद को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए था। उन्होंने यह भी कहा कि गुजारा भत्ता कैसे दिया जाएगा, इसे भी स्पष्ट रूप से बताया जाना चाहिए। वकील प्रभा सहाय कौर ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश इस सिद्धांत पर आधारित हैं कि ऐसे किसी दंपति को शादी में बने रहने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता, जिनके रिश्ते में दरार अब पाटने योग्य नहीं रह गई है। उनके मुताबिक, शीर्ष अदालत ने संतुलित विचार रखा है। महिला अधिकार कार्यकर्ता रंजना कुमारी ने कहा कि अब ऐसी शादियों में समय जाया करने का का कोई मतलब नहीं है, जो चलने लायक नहीं हैं।

## हाईकोर्ट ने सुनवाई के लिए केस वापस मथुरा भेजा

**कृष्ण जन्मभूमि मामला**

● यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और शाही मस्जिद न्यास की प्रबंधन समिति से कहा, अपनी शिकायत मथुरा कोर्ट के समक्ष रखें, जहां मामला निर्णय के लिए लंबित है

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**मथुरा** में कृष्ण जन्मभूमि और शाही मस्जिद विवाद मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सोमवार को यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और शाही मस्जिद न्यास की प्रबंधन समिति को अपनी शिकायत मथुरा अदालत के समक्ष रखने को कहा, जहां यह मामला निर्णय के लिए लंबित है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया द्वारा जिला न्यायाधीश, मथुरा के 19 मई, 2022 के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनाया गया। 19 मई के आदेश में जिला न्यायाधीश ने दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) को संबंधित पक्षों को सुनने के बाद इस मामले में निर्णय देने का निर्देश दिया था। यह मामला कुछ श्रद्धालुओं द्वारा मथुरा के दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) के समक्ष 25 सितंबर, 2020 को दीवानी मुकदमे के रूप में दायर किया गया था जिसमें कटरा केशव देव में स्थित 13.37 एकड़ विवादित संपत्ति पर दावा किया गया था।

याचिकाकर्ताओं के मुताबिक, वह भूमि भगवान कृष्ण की जन्मस्थली है और वहां खड़ा किया गया ढांचा हटाया जाना चाहिए। मुकदमा दायर किए जाने के समय दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) ने इस वाद को दीवानी मुकदमा के तौर पर दर्ज नहीं किया बल्कि इसे विविध मामले के तौर पर दर्ज किया जिसका आधार यह था कि वादी संख्या 3 से 8 मथुरा के निवासी नहीं हैं, जबकि प्रश्नगत संपत्ति जिला मथुरा में स्थित है। (शेष पेज 9)

## अफजाल अंसारी को एक और झटका, लोकसभा सदस्यता रद्द

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**बहुजन** समाज पार्टी के सांसद अफजाल अंसारी को एक और झटका लगा है। उनकी लोकसभा सदस्यता सोमवार को रद्द कर दी गई है। उन्हें उत्तर प्रदेश की एक अदालत ने अपहरण एवं हत्या के एक मामले में दोषी करार देते हुए चार साल कारावास की सजा सुनाई थी। लोकसभा सचिवालय की अधिसूचना में कहा गया है, दोषी ठहराए जाने के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश के गाजीपुर संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले अफजाल अंसारी को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8 और भारत के संविधान के अनुच्छेद 102 (1) के प्रावधानों के तहत उन्हें दोषी ठहराए जाने की तिथि अर्थात 29 अप्रैल, 2023 से लोकसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य ठहराया जाता है। गाजीपुर की विशेष सांसद-विधायक अदालत के अपर सत्र न्यायाधीश ने गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में 29 अप्रैल को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के सांसद अफजाल अंसारी को चार साल कैद की सजा सुनाई थी। उन पर एक लाख रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया था।

## खड़गे के बेटे ने प्रधानमंत्री मोदी को कहा नालायक

● भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने दर्ज कराई कड़ी आपत्ति, कहा- पिता खड़गे की तरह बेटा भी माफी मांगेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** कलबुर्गी



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मोदी को जहरीला सांप कहने का मामला अभी शांत नहीं हुआ था, अब उनके बेटे प्रियंक खड़गे ने मोदी को नालायक कहकर नया विवाद खड़ा कर दिया है। भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज की है, जबकि कांग्रेस ने जोर देकर कहा कि इस तरह की टिप्पणी उन्होंने कभी नहीं की। कलबुर्गी जिले के चित्तपुर से चुनाव लड़ रहे प्रियंक ने कहा कि मोदी का बंजारा समुदाय का बेटा होने का दावा करना और उनकी देखभाल करने का वादा करना नालायक था, क्योंकि उन्होंने और उनकी पार्टी ने अनुसूचित जाति समुदाय के लिए आरक्षण के बारे में भ्रम पैदा किया।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्षी नेता अपने आकाओं को खुश करने के लिए प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि चुनाव हारने की हताशा में प्रियंक मर्यादा भूल चुके हैं। कुछ दिन पहले उनके पिता ने अपनी बात वापस ली थी। अब, उनकी बारी है। जनता उन्हें सबक सिखाएगी। इस बीच मल्लिकार्जुन खड़गे ने बेटे का बचाव करते हुए कहा कि प्रियंक ने कभी ऐसी टिप्पणियां नहीं की हैं। उन्होंने उस संसद सदस्य पर हमला किया, जिन्होंने उसे गाली दी थी। प्रियंक ने मोदी के एक संबोधन को उद्धृत करते हुए कहा कि जब प्रधानमंत्री गुलबर्गा आए थे, तो आपने बंजारा समुदाय के लोगों से क्या कहा था? आप सब लोग डरिए मत। बंजारा का एक बेटा दिल्ली में बैठा है। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए पूछा कि ऐसा नालायक बेटा बैठा तो कैसे होता भाई? घर कैसे चलेगा? (शेष पेज 9)

## आनंद मोहन की रिहाई को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई 8 को

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी कृष्णैया की 1994 में हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व सांसद आनंद मोहन को समय से पहले रिहा करने के बिहार सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर आठ मई को सुनवाई करने पर सोमवार को सहमत हो गया। जान गंवाने वाले जिलाधिकारी कृष्णैया की पत्नी उमा कृष्णैया के वकील द्वारा मामले की तत्काल सुनवाई का अनुरोध किए जाने पर प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि वह मामले पर 8 मई को सुनवाई करेगी। बिहार की जेल नियमावली में संशोधन के बाद आनंद मोहन को 27 अप्रैल को सहरसा जेल से रिहा कर दिया गया था।

जी. कृष्णैया की पत्नी उमा कृष्णैया ने अपनी याचिका में दलील दी है कि गैंगस्टर से नेता बने आनंद मोहन को सुनाई गई उम्रकैद की सजा उसके पूरे जीवनकाल के लिए है और इसकी व्याख्या महज 14 वर्ष की कैद की सजा के रूप में नहीं की जा सकती। (शेष पेज 9)

## भाजपा का समान नागरिक संहिता व एनआरसी लागू करने का वादा

● कर्नाटक चुनाव के लिए भगवा दल ने जारी किया घोषणा पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



कर्नाटक के गुब्बी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के रोड में उमड़ा जनसमुद्र

**भाजपा** ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। इसमें पार्टी के सत्ता में लौटने पर सभी अवैध प्रवासियों को वापस भेजने का वादा किया गया है। इस तरह 2021 के असम विधानसभा चुनाव के बाद पहली बार किसी विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) का मुद्दा फिर चर्चा में आ गया है। इसके अलावा भाजपा ने हाल के चुनाव में आजमाई अपनी रणनीति के अनुसार राज्य केंद्रित घोषणापत्र में समान नागरिक संहिता को शामिल किया है और इसे लागू करने की बात कही है। समान नागरिक संहिता भाजपा का राष्ट्रीय एजेंडा रहा है। पार्टी ने कहा कि यदि वह कर्नाटक की सत्ता मे दोबारा आती है, तो एक उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों के आधार पर समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी। पार्टी ने अब तक असम को छोड़कर विभिन्न विधानसभा चुनावों के घोषणापत्रों में एनआरसी के मुद्दे से परहेज किया था। भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव घोषणा पत्र में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) बनाने और संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) लागू करने का वादा किया था। सीएए को 2019 में संसद से मंजूरी मिल गई थी, लेकिन नियमों के अभाव के चलते इसे लागू नहीं किया गया। सरकार ने दिसंबर 2019 में एनआरसी और सीएए को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों के बीच कहा था कि उसका देशव्यापी एनआरसी का कोई इरादा नहीं है। सरकार ने विपक्षी दलों पर इस मुद्दे पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया था। कई मुस्लिम समूहों और विपक्षी दलों ने सीएए और एनआरसी को धार्मिक आधार पर भेदभावपूर्ण करार दिया था। राजनीति के जानकारों को लगता है कि भाजपा एनआरसी का मुद्दा छेड़कर कर्नाटक में अपने हिंदुत्व के एजेंडे को धार देने की कोशिश कर रही है। यह एक ऐसा मुद्दा है, जो पार्टी समर्थकों के दिल के काफी करीब रहा है। भाजपा कर्नाटक में विपक्षी दल कांग्रेस को सत्ता से दूर रखने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है।

## ओडिशा में ओबीसी सर्वेक्षण शुरू

**भुवनेश्वर( पीएनएस )।** ओडिशा में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से संबंधित बहुप्रतीक्षित सर्वेक्षण सोमवार को शुरू हो गया। अधिकारियों ने बताया कि ओडिशा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा ऑनलाइन और ऑफलाइन तरीके से किया जा रहा यह सर्वेक्षण 27 मई तक जारी रहेगा। यह सर्वेक्षण राज्य के सभी 314 ब्लॉक और 114 शहरी स्थानीय निकायों में किया जा रहा है। ओडिशा ओबीसी सर्वेक्षण करने वाला बिहार के बाद दूसरा राज्य है। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि सर्वेक्षण में पिछड़ेपन के विभिन्न संकेतक शामिल किए गए हैं जिसमें ओडिशा में पिछड़ेपन की सामाजिक और शैक्षिक स्थिति का भी पता लगाया जाएगा। आयोग ने सभी आंगनवाड़ी और विभिन्न पीडीएस केंद्रों में भी शिविर खोले हैं जहां समुदाय के लोग अपना विवरण जमा कर सकते हैं और सर्वेक्षण संबंधी औपचारिकताएं पूरी कर सकते हैं। सर्वेक्षण के दौरान राज्य सरकार द्वारा सूचीबद्ध ओबीसी समुदायों की सामाजिक और शैक्षिक स्थिति का पता लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद यह सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाएगा कि राज्य में संबंधित समुदायों के सभी व्यक्तियों का सर्वेक्षण हुआ है या नहीं।

### क्विक न्यूज

**ईरान में अजीत डोभाल ने अपने समकक्ष से की चर्चा**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने सोमवार को तेहरान में अपने ईरानी समकक्ष अली शामखानी के साथ मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच चाबहार बंदरगाह के विकास, अफगानिस्तान की स्थिति और द्विपक्षीय व्यापार व आर्थिक संबंधों पर विस्तार से चर्चा हुई। एनएसए एकदिवसीय ईरान दौरे पर थे। ईरान की इरना समाचार एजेंसी के मुताबिक, बातचीत में शामखानी ने व्यापार के लिए दोनों देशों के बीच रुपया-रियाल तंत्र को सक्रिय करने का समर्थन करते हुए कहा कि यह विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में साझा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक है। खबर में कहा गया कि सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव शामखानी ने बैठक में कहा कि ईरान-भारत संबंध किसी अन्य देश के खिलाफ नही है और वैश्विक व क्षेत्रीय विकास ने संबंधो को मजबूत करने के लिए जमीन तैयार की है। उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों के रूप में ऊर्जा, परिवहन, प्रौद्योगिकी और बैंकिंग की पहचान की। भारत और ईरान दोनों की तरफ से डोभाल के दौरे को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नही दी गई है।

## जीएसटी संग्रह अप्रैल में 1.87 लाख करोड़ के उच्चतम स्तर पर

**भाषा।** नई दिल्ली

**माल** एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अप्रैल में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 1.87 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। यह किसी एक महीने में जुटाया गया सबसे अधिक जीएसटी राजस्व है। जुलाई, 2017 में जीएसटी प्रणाली लागू होने के बाद से सर्वाधिक कर संग्रह का पिछला रिकॉर्ड 1.68 लाख करोड़ रुपए था जो पिछले साल अप्रैल में बना था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ट्वीट में कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी खबर। कर की कम दर के बावजूद कर संग्रह बढ़ना जीएसटी की सफलता को बताता है। यह बताता है कि जीएसटी ने एकीकरण और अनुपालन को किस तरह बढ़ाया है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को अप्रैल, 2023 के कर संग्रह आंकड़े जारी करते हुए कहा कि पिछले महीने सकल जीएसटी संग्रह 1,87,035 करोड़ रुपए रहा। इसमें केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) 38,440 करोड़ रुपए, राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) 47,412 करोड़ रुपए और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) 89,158 करोड़ रुपए रहा। इसमें 12,025 करोड़ रुपए (आयातित वस्तुओं पर प्राप्त 901 करोड़ रुपए समेत) का उपकर भी शामिल है। मंत्रालय ने कहा, एक साल पहले समान महीने की तुलना में अप्रैल, 2023 में जीएसटी संग्रह 12 प्रतिशत अधिक रहा है। इस दौरान घरेलू लेनदेन (सेवाओं के आयात समेत) से मिलने वाला कर राजस्व साल भर पहले की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2022-23 में जीएसटी का कुल संग्रह 18.10 लाख करोड़ रुपए रहा था, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 22 प्रतिशत अधिक है। (शेष पेज 9)

## किसी भी पहल की कामयाबी उसके प्रभाव से मापी जाती हैः मोदी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

● युवा संगम-युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की सराहना करने वाले जम्मू-कश्मीर के नौजवान को दिया उत्तर , नजाकत चौधरी ने असम की यात्रा का अवसर देने के लिए पीएम का आभार जताया



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने असम का दौरा करने और इसकी विविधता एवं संस्कृति का अनुभव करने के बाद युवा संगम युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की सराहना करने वाले जम्मू एवं कश्मीर के एक युवा को जवाब देते हुए कहा कि किसी भी पहल की सफलता लोगों पर उसके प्रभाव से मापी जाती है। नजाकत चौधरी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर युवा संगम पहल के तहत असम की यात्रा करने का अवसर देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इसके जवाब में प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि चौधरी भविष्य में भी इस तरह की और यात्राएं करेंगे। चौधरी (22), प्रधानमंत्री का जवाब मिलने से काफी खुश थे। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री से जवाब की उम्मीद नहीं कर रहा था, लेकिन उनका पत्र सबसे बड़े आश्चर्य के रूप में आया... यह आखिरी सांस तक मेरी स्मृतियों में रहेगा। सीमावर्ती पुंछ जिले के मेंढर उपसंभाग के निवासी ने अपने पत्र में 24 फरवरी से छह मार्च के बीच असम की अपनी यात्रा को उनके लिए जीवन बदलने वाला क्षण बताया।चौधरी ने कहा, मैंने युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत मुझे असम की यात्रा करने और इसकी विविधता, संस्कृति और व्यंजनों का अनुभव करने का अवसर देने के लिए उन्हें (प्रधानमंत्री को) धन्यवाद दिया है। शिक्षा मंत्रालय के युवा संगम युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करना है, विशेष रूप से विभिन्न राज्यों के युवाओं के बीच। साथ ही इसका उद्देश्य उन्हें भारत की संस्कृति और मूल्यों से परिचित कराना भी है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विचार की अवधारणा भारत के विभिन्न राज्यों के बीच एक सांस्कृतिक संबंध बनाने के लिए तैयार की गई थी। यह पहल फरवरी में शुरू की गई थी और युवा संगम के पहले चरण में 1,200 युवाओं की भागीदारी थी। युवाओं के पहले जत्थे ने पूर्वोत्तर भारत का दौरा किया। प्रधानमंत्री ने कहा, किसी भी महत्वपूर्ण पहल की सफलता लोगों पर उसके प्रभाव से मापी जाती है। किसी जन सेवक को संतुष्टि की सबसे बड़ी भावना तब महसूस होती है, जब लोग यह बताने के लिए लिखते हैं कि किसी विशेष घटना ने उनके जीवन को बदल दिया है। उन्होंने कहा, हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों का पता लगाने और नए अनुभवों को हासिल करने के लिए तैयार रहने वाले आप जैसे युवाओं का यह उत्साह वास्तव में सराहनीय है। तवी की भूमि से ब्रह्मपुत्र की भूमि तक की आपकी यात्रा ने स्पष्ट रूप से राष्ट्र के दो क्षेत्रों को करीब ला दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में कई तरह की संस्कृति, व्यंजन, रीति-रिवाज और जीवन शैली है, जहां विभिन्न समुदायों से संबंधित लोग, विभिन्न धर्मों का पालन करते हैं, विभिन्न भाषाएं बोलते हैं, विभिन्न अनुष्ठानों का पालन करते हैं, न केवल सह-अस्तित्व में रहते हैं, बल्कि एक-दूसरे की विविध जीवन शैली का जश्न भी मनाते हैं। उन्होंने कहा, यह हमारे देश का वह अनूठा पहलू है, जिसने दुनिया को हमारी ओर खींचा है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान, हमने यह सुनिश्चित करने के लिए काम किया है कि हमारा सुंदर पूर्वोत्तर क्षेत्र ना दिल से दूर, न दिल्ली से दूर हो। नतीजतन, आपने देखा होगा कि सभी क्षेत्रों में एक अभूतपूर्व परिवर्तन हो रहा है। चाहे वह संस्कृति हो या कृषि, वाणिज्य या संपर्क। यह क्षेत्र भारत का विकास इंजन बन रहा है। उन्होंने कहा कि असम राज्य प्रकृति और संस्कृति दोनों के मामले में भारत के सबसे खूबसूरत क्षेत्रों में से एक है। उन्होंने कहा, बिहू के त्योहार के दौरान असम की बहु-सांस्कृतिक भव्यता को देखना, विशाल ब्रह्मपुत्र नदी पर विचरण करना, वीर लचित बोड़फूकन, श्रीमंत शंकरदेव जैसी महान हस्तियों के बारे में जानना, साथ ही मूगा रेशम, तेजपुर लीची, जोहा चावल, बाका चौल और काजी नेमू जैसे अनूठे उत्पादों का आनंद लेना वास्तव में एक अविश्वसनीय अनुभव है। मुझे असम का गमोसा विशेष रूप से पसंद है। प्रधानमंत्री ने चौधरी से कहा कि वह अपने अनुभव मित्रों के साथ साझा करें और उन्हें एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना का अनुभव करने के लिए प्रोत्साहित करें।

# 59 पदों पर पुरुषों को टक्कर दे रहीं महिला प्रत्याशी

## गाजियाबाद में 113 सीटों पर एक भी महिला प्रत्याशी नहीं, महापौर के अलावा पंचायत अध्यक्ष पद पर 6 महिलाएं

- मतदान से पहले सभी पार्टियों ने तेज किया प्रचार अभियान




पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में नगर निकाय चुनाव का बिगुल बज गया है। 11 मई को जिले में दूसरे चरण का मतदान होना है। सभी प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। बात करें अगर प्रत्याशियों की तो इस चुनाव में गाजियाबाद निगम महापौर के अलावा नगर पालिका व नगर पंचायत के अध्यक्ष पद पर छह सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई हैं। बाकी की तीन सीटें पुरूषों के खाते में आई हैं। वार्ड पार्षद, सभासदों पर भी महिला सीट आरक्षित हैं। लेकिन अपनी उपस्थिति दिखाते हुए महिला प्रत्याशी सीधे तौर पर 59 सीटों पर पुरूष प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में टक्कर दे रही हैं।

जिले में नगर निकाय के कुल 294 वार्ड हैं जिसमें नौ सीटें मेयर, अध्यक्ष पद की हैं और बाकी की 285 सीटें पार्षद व सभासद की हैं। जिले में महापौर सीट महिला आरक्षित हैं जहां 12 प्रत्याशी मैदान में हैं। इसके अलावा नगर पालिका मुरादनगर, लोनी, खोडा मकनपुर, नगर पंचायत पतला और नगर पंचायत डासना अध्यक्ष पद की सीट भी महिला आरक्षित है।

इन नौ में से महज एक सीट पर एक भी महिला प्रत्याशी नहीं है तो नगर पालिका मोदीनगर की अध्यक्ष सीट है बाकी की दो पुरूष आरक्षित सीट पर भी महिला प्रतशाशी मैदान में हैं। 294 में से 122 सीटें महिला आरक्षित हैं।

बाकी की सीटें अन्य वर्गए सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित हैं। 113 सीटों में से एक भी सीट पर कोई महिला प्रत्याशी मैदान में नहीं है लेकिन 59 सीटों पर जरूर महिला पुरुषों को टक्कर देती नजर आ रही हैं। नगर पंचायत निवाडी के अध्यक्ष पद के लिए जहां आठ पुरूष प्रत्याशी मैदान में हैं तो वहीं तीन महिलाएं भी चुनौती दे रही हैं। नगर पंचायत फ रीदनगर के अध्यक्ष पद पर 19 पुरूष प्रत्याशी हैं तो यहां भी 3 महिला प्रत्याशियों ने नामांकन किया हैं।

### कहां कितनी महिला प्रत्याशी

| निकाय नाम | वार्ड | महिला | पुरूष |
|---|---|---|---|
| नगर निगम | 100 | 314 | 365 |
| मोदीनगर पालिका | 034 | 094 | 134 |
| मुरादनगर पालिका | 025 | 064 | 068 |
| लोनी पालिका | 055 | 153 | 213 |
| खोड़ा मकनपुर | 034 | 066 | 092 |
| निवाडी | 010 | 021 | 032 |
| पतला | 010 | 027 | 017 |
| फरीदनगर | 011 | 016 | 044 |
| डासना | 015 | 042 | 074 |

### गाजियाबाद में पांच को जनसभा करेंगे योगी

नगर निकाय चुनाव व नगर पालिका चुनाव में भाजपा महापौर व पार्षदों, चेयरमैन व सभासदों के चुनाव प्रचार के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 5 मई को चुनावी जनसभा को सम्बोधित करने आ रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। हालांकि चुनावी रैली का स्थान अभी निर्धारित नही हुआ है। भाजपा गाजियाबाद ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी है।

### विकास के लिए पूनम को जिताएं : किरणमय नंदा

अंबेडकर रोड पर सपा-रालोद और आजाद समाज पार्टी गठबंधन की महापौर प्रत्याशी पूनम यादव के मुख्य चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा ने किया। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद महानगर के विकास एवं तरक्की के लिए पूनम यादव को भारी मतों से जिताएं।

उन्होंने कहा कि गाजियाबाद के विकास के लिए नगर निकाय चुनाव और नगर निगम में सपा का वर्चस्व होना जरूरी है।

# फिल्म जिला गाजियाबाद पार्ट-2 बनाकर दिखाएं आधुनिकता

- मंत्री असीम अरुण ने कहा, अब यहां माफिया और गुंडागर्दी बीते दिनों की हुई बात

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

राज्यमंत्री स्वंत्रत प्रभार असीम अरुण ने मोदीनगर में कहा कि वर्ष 2013 में फिल्म जिला गाजियाबाद में दिखाया दृश्य बदल चुका है अब यहां विकास और आधुनिकता है। उन्होंने कहा कि बदले गाजियाबाद को दिखाने के लिए जिला गाजियाबाद पार्ट-2 बनाया जाना चाहिए। अब यहां माफि या, गुंडागर्दी का गाजियाबाद नहीं है, बल्कि आधुनिकता का गाजियाबाद है। एक्सप्रेस वेए फेरीफेरल बन चुके है। रैपिड ट्रेन का ट्रायल शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि दो वर्ष बाद फि ल्म जिला गाजियाबाद का पार्ट टू बनना चाहिए और इस पार्ट टू में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी के सपने को साकार करता गाजियाबाद नजर आएगा।

नगर निकाय चुनाव के चलते असीम अरुण मोदीनगर में पूर्व विधायक सुदेश शर्मा के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार चल रही है। नगर निकाय चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद ट्रिपल इंजन की सरकार चलेगी और देश तरक्की के पथ पर दौड़ेगा।

पूर्व विधायक सुदेश शर्मा ने कहा कि भाजपा के सभी प्रत्याशियों की जीत पक्की है। लेकिन, प्रत्याशी कार्यकर्ता और मतदाता के सम्मान के लिए घर.घर जाकर वोट मांगे। भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल, पूर्व ब्लाक प्रमुख कृष्णवीर सिंह ने भी विचार रखे। फ फ राना के प्रधान लीलू सहित ने कई ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 01.04.2017 से 31.03.2019 तक भारद्वाज हॉस्पिटल नोएडा के सभी आई.पी.डी. और ओ.पी.डी. रिकॉर्ड नष्ट किये जा रहे है। अगर किसी को इस फाइल से संबंधित किसी दस्तावेज की आवश्यकता है तो नीचे दिये गये पते पर इस प्रकाशन की तिथि से 14 दिनों के अन्दर सम्पर्क करें ।

Contact-
Mr Saurabh Gupta (General Manager),
Bhardwaj Hospital, NH-1, Sector-29,
Noida-201301 (U.P) Phone No- 9289300562
Mail Id: saurabh@bhardwajhospitalnoida.com

**LOST & FOUND**

I, Parash Jain, S/o. Kailash Jain. D-101, Dew Drops Apartments, Plot No.5, Sector-47, Gurgaon hereby declare that the original property document Allotment Letter & Builder Buyer Agreement. Application form No. 2747, dated 15/4/12. 2BHK Flat No.703, Tower No.-D5, Maya Garden City Zirakpur, Ambala Highway, Punjab-160017 of have been lost. If anybody is found please return to me at the above-mentioned Residence Address and Contact: 9540073277

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to public at large that my clients Mr. Shiv Dutt, Mr. Nand Kishore Juyal, Mrs. Bhana Devi who inherited Property bearing No.152 area measuring 75 sq. yards Pertaining Khasra Must. No.4 Kila No. 16/1, Wakya Mauja Gaunchhi Tehsil Ballabgarh District Faridabad Haryana after the death of Shankar Dutt who was the owner of the said property through Sale Deed dated 05.05.1993 executed by Smt. Vidhawati through Sh. Durga Prashad vide Doc. No. 443, SRO- Ballabgarh. Now, they intends to mortgage the property to **Piramal Capital & Housing Finance Limited.**
If any person(s) has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 07 days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever..

Mohd Khairul Hussain (Advocate)
A-38, Kailash Colony, Khaitan & Khaitan
New Delhi-48, Mob.-8810391672

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our Client ICICI Bank Ltd. that Mrs. Narinder Hazooria is the owner of Entire First Floor without roof rights (said floor), Built on Property No.21/16-AB, area measuring 143.4 Sq. Yds., Situated at Tilak Nagar, New Delhi the said property by virtue of Relinquishment Deed dated 18.05.2012, Registration No. 13206 executed by Mr. Arvind Singh Bhasin & Mr. Bimaljeet Singh Bhasin, after demise of Late Mr. Bhupinder Singh Bhasin, who was owner of the said floor on the basis of registered will dated 26.11.1997, executed by Late Mr. Harbhajan Singh Hazooria, All persons including other legal heirs if any are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said floor to someone who is taking Loan for purchase the said floor from ICICI Bank Ltd., if anybody has any objection/s upon the ownership of Mrs. Narinder Hazooria in respect of the said floor its sale /Mortgage/Litigation, and any kind of objection kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जगदीश प्रसाद यादव, उक्त संपत्ति Entire First Floor, withoutroof/terrace rights area measuring 88 Sq. Yards., Built on Property Bearing No. A-15, havingtotal area measuring 200 Sq. Yards., out of Khasra No. 81,80,84, & 77, situated in the area ofVillage Sarai Peepal Thala, abadi Known as Mahindra Park, Delhi-110033, का Notarized GPA, ATS & Will dated 02.08.2012 के द्वारा मालिक थे। उपरोक्त संपत्ति मेरे मुवक्किल यानि पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है और स्व० श्री जगदीश प्रसाद यादव के विधिक उत्तराधिकारी सुमन, शालू, और अजित सिंह को कोई आपत्ति नहीं है अगर श्री सुमित कुमार सोनी उपरोक्त संपत्ति को बंधक करें। यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दवा हैं, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पतेपर संपर्क करें ! अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है!

राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

**इंटीग्रेटिड टैक्नोलॉजीज़ लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय: 288, एजीसीआर एन्क्लेव दिल्ली – 110092, भारत
कॉर्पोरेट कार्यालय: बी – 16, दूसरी मंजिल, सैक्टर –2, नोएडा – 201301, भारत
ईमेल: info@integratedindustries.in | वेबसाइट: www.integratedindustries.in
टेलीफोन :+91 98110 60171 सीआईएन : L31909DL1995PLC277176

**37वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना, ई–वोटिंग जानकारी, पुस्तक बंद, रिकॉर्ड दिनांक**

कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") और उसके तहत बनाए गए नियमों के लागू प्रावधानों के अनुपालन में, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("एसईबीआई") (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) संशोधन, 2015 को परिपत्र संख्या 14 / 2020 दिनांक 08 अप्रैल, 2020, परिपत्र संख्या 17 / 2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, परिपत्र संख्या 20 / 2020, दिनांक 05 मई 2020, परिपत्र संख्या 02 / 2022 दिनांक 05 मई 2022 के साथ पढ़ित (सामूहिक रूप से "एमसीए परिपत्र" के रूप में संदर्भित) और सेबी परिपत्र संख्या सेबी / एचओ / सीएफडी / सीएमडी2 / सीआईआर / पी / 2022 / 62 दिनांक 13 मई, 2022 ("सेबी परिपत्र") (एमसीए परिपत्र और सेबी परिपत्र को सामूहिक रूप से "सर्कुलर" के रूप में संदर्भित किया गया है) | ऐतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि इंटीग्रेटिड टैक्नोलॉजीज़ लिमिटेड के सदस्यों की **सैंतीसवीं (37वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम)** | ("कंपनी") **सोमवार, 22 मई, 2023 को शाम 4.00 बजे (आईएसटी)** वीडियो कॉन्फ्रेंस / अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों ("वीसी / ओएवीएम") के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जिसमें एजीएम में सदस्यों की भौतिक उपस्थिति नहीं होगी, ताकि एजीएम में निर्धारित व्यवसाय का संचालन किया जा सके। वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के तहत कोरम के उद्देश्य से गिना जाएगा।

परिपत्रों के अनुपालन में वित्त वर्ष 2022–23 के लिए वार्षिक रिपोर्ट ("वार्षिक रिपोर्ट") के साथ एजीएम नोटिस केवल उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से भेजा गया है, जिनकी ईमेल आईडी कंपनी / रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए") / डिपॉजिटरी पार्टइसिपेंट ("डीपी") के पास पंजीकृत हैं। सभी सदस्यों को एजीएम सूचना का ई–मेल 29 अप्रैल, 2023 को शुरू कर दिया गया है। उपर्युक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.integratedindustries.in पर, स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट अर्थात बीएसई लिमिटडी www.bseindia.com पर और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध हैं।

**ईमेल पता, मोबाइल नंबर और बैंक खाता जनादेश को पंजीकृत / अपडेट करने का तरीका**

जिन सदस्यों की ईमेल आईडी पहले से ही कंपनी / आरटीए / डीपी के साथ जुड़ी हुई है, वे एजीएम नोटिस में दिए गए अनुसार एजीएम में रिमोट ई–वोटिंग के साथ–साथ ई–वोटिंग के निर्देशों का पालन कर सकते हैं। जिन सदस्यों ने अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं की है, उनसे अनुरोध है कि वे नीचे उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक रूप से वार्षिक रिपोर्ट, नोटिस आदिसहित सभी संचारों के लिए इसे पंजीकृत करें:

• भौतिक मोड में कंपनी के इक्विटी एसहार्स रखने वाले सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट–स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को सहायक दस्तावेजों के साथ विधिवत हस्ताक्षरित फॉर्म आईएसआर –1 प्रदान करें, या तो स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, डी –153 / ए, पहली मंजिल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेस –1, नई दिल्ली –110020 में अपने कार्यालय में। टेलीफोन: 011–40450193–97; या admin@skylinerta.com पर ई–मेल द्वारा। उक्त फॉर्म कंपनी की वेबसाइट www.integratedindustries.in पर उपलब्ध है ।

• डिमटेरियलाइज्ड फॉर्म में कंपनी के इक्विटी एसहार्स रखने वाले सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के माध्यम से अपने संबंधित डिपॉजिटरी के साथ अपने ईमेल पते, मोबाइल नंबर और बैंक खाते के विवरण को पंजीकृत / अपडेट करें।

**एजीएम के दौरान दूरस्थ ई–वोटिंग और ई–वोटिंग के निर्देश**

एजीएम नोटिस में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर रिमोट ई–वोटिंग सुविधा (एजीएम से पहले) और ई–वोटिंग सुविधा (एजीएम में) के माध्यम से समय–समय पर यथासंशोधित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासनिक अनुपातएन) नियमावली, 2014 के नियम 20 और सेबी (दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 ("लिस्टिंग विनियम") के विनियम 44 के साथ पढ़ित अधिनियम की धारा 108 के प्रावधानों के अनुसरण में, सदस्यों को अपना वोट डालने की सुविधा प्रदान की जाएगी। वोट डालने की सुविधा एनएसडीएल द्वारा प्रदान की जाएगी। एजीएम में ई–वोटिंग की सुविधा उन सदस्यों को उपलब्ध कराई जाएगी जो वीसी / ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में मौजूद हैं और ई–वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं डाला है। जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे भी वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं लेकिन एजीएम में मतदान करने के पात्र नहीं होंगे। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि:

1. 37वें एजीएम नोटिस में निर्धारित कार्य ई–वोटिंग के रूप में इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से मतदान के माध्यम से किया जाएगा।
2. सदस्यों के मतदान अधिकार कट–ऑफ तिथि यानी सोमवार, 15 मई, 2023 को कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयरों के अनुपात में होंगे। एक व्यक्ति जिसका नाम कट–ऑफ तिथि, यानी सोमवार, 15 मई, 2023 को जमाकर्ताओं द्वारा बनाए गए सदस्यों के रजिस्टर या लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, केवल एजीएम में दूरस्थ ई–वोटिंग / ई–वोटिंग के माध्यम से मतदान करने का हकदार होगा।
3. कोई भी व्यक्ति जो एजीएम के नोटिस भेजने के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट–ऑफ तारीख यानी सोमवार, 15 मई, 2023 को शेयर रखता है, वह evoting@nsdl.co.in को ईमेल भेजकर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है या info@skylinerta.com पर अपने फोलियो नंबर / डीपी आईडी और क्लाइंट आईडी का उल्लेख करके। हालांकि, यदि कोई व्यक्ति रिमोट ई–वोटिंग के लिए एनएसडीएल के साथ पहले से ही पंजीकृत है तो वोट डालने के लिए मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग किया जा सकता है।
4. दूरस्थ ई–वोटिंग अवधि शुक्रवार, 19 मई, 202 3 को सुबह 09:00 बजे (आईएसटी) शुरू होती है और रविवार, 21 मई, 202 3 को शाम 05:00 बजे (आईएसटी) समाप्त होती है। इसके बाद मतदान के लिए एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल को अक्षम कर दिया जाएगा। एक बार जब सदस्य द्वारा किसी संकल्प पर मतदान किया जाता है, तो सदस्य को बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
5. इस अवधि के दौरान, भौतिक रूप में या अभौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल सकते हैं।
6. सदस्यों को एजीएम में ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी और एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य और जिन्होंने एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, एजीएम में मतदान करने के लिए पात्र होंगे।
7. जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भी भाग ले सकते हैं, लेकिन एजीएम में फिर से मतदान करने के पात्र नहीं होंगे।
8. दूरस्थ ई–वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया और तरीके, एजीएम में ई–वोटिंग और वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने के निर्देश एजीएम नोटिस में प्रदान किए जा रहे हैं और कंपनी की वेबसाइट www.integratedindustries.in पर और एनएसडीएल की वेबसाइट evoting@nsdl.co.in पर भी उपलब्ध है।
9. किसी भी प्रश्न के मामले में, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और शेयरधारकों के लिए ई–वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल देख सकते हैं या टोल फ्री नंबर: 1800 1020 990 और 1800 22 44 30 पर कॉल कर सकते हैं या एनएसडीएल को evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं जो इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से मतदान से संबंधित शिकायतों का समाधान भी करेगा।
10. निदेशक मंडल ने सुश्री लवलीन गुप्ता (एफसीएस नं. 5287), निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से एजीएम के समक्ष आयोजित एजीएम और रिमोट ई–वोटिंग के दौरान ई–वोटिंग की प्रक्रिया की जांच करने के लिए श्स्क्रिटिनाइज़रश के रूप में कंपनी सचिव का अभ्यास करना।
11. परिणाम एजीएम के समापन के दो कार्य दिवसों के भीतर घोषित किए जाएंगे और समेकित जांचकर्ता की रिपोर्ट के साथ, कंपनी की वेबसाइट www.integratedindustries.in पर डाल दिए जाएंगे। और एनएसडीएल की वेबसाईट www.evoting.nsdl.com पर और बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com को को सूचित किया जाएगा।
12. एजीएम के उद्देश्य से कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक मंगलवार, 16 मई, 2023 से सोमवार, 22 मई, 2023 (दोनों दिन शामिल) तक बंद रहेगी।

कृते इंटीग्रेटिड टैक्नोलॉजीज़ लिमिटेड
सौरभ गोयल (प्रबंध निदेशक)
डीआईएन: 01094455
दिनांक : 29.04.2023
स्थान : नई दिल्ली

**सार्वजनिक सूचना**

जबकि, ट्यूलिप इंफ्राटेक प्रा. लिमिटेड (डेवलपर) गांव बादशाहपुर की राजस्व संपत्ति सेक्टर - 69 और 70, गुरुग्राम, हरियाणा में 25.44 एकड़ (2010 की लाइसेंस संख्या 78 दिनांक 15.10.2010) क्षेत्रफल की ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी के अलावा 7.0875 एकड़ अतिरिक्त क्षेत्र में एक ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी के विकास की प्रक्रिया में है।

जबकि, महानिदेशक टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, हरियाणा ने ट्यूलिप इंफ्राटेक प्रा. लिमिटेड (डेवलपर) को राम निवास एवं अन्य के सहयोग से गांव बादशाहपुर, सेक्टर-69, गुरुग्राम, हरियाणा की राजस्व संपदा में 7.0875 एकड़ अतिरिक्त भूमि क्षेत्र पर ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी स्थापित करने के लिए दिनांक 27-04-2023 के मेमो नं एलसी-1233-बी-जेई(डीएस)/2023/12068 के मध्यम से आशय पत्र प्रदान किया है।

और जबकि, कई व्यक्तियों ने उक्त कॉलोनी में फ्लैट/संपत्ति के आवंटन के लिए बुकिंग/फ्लैट क्रेता करार किया है (इसके बाद आवंटियों के रूप में संदर्भित)। और, जबकि उक्त कॉलोनी के लिए पूर्व में स्वीकृत स्थल/लेआउट प्लान को अब संशोधित करने का प्रस्ताव है।

और जबकि, कंपनी ने 7.0875 एकड़ की आवेदित भूमि पर कोई तृतीय-पक्ष अधिकार प्रदान नहीं किया गया है और आवेदक कंपनी स्वीकृत साइट/लेआउट प्लान को संशोधित करना चाहती है। उक्त कॉलोनी के लिए लाइसेंस प्रदान करने के बाद, पहले स्वीकृत साइट/लेआउट प्लान को अब संशोधित किया जाना प्रस्तावित है, और 32.5275 एकड़ क्षेत्र में कॉलोनी की संशोधित साइट/लेआउट योजना प्रस्तावित की गई है।

और जबकि, कार्यालय महानिदेशक, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, हरियाणा, चंडीगढ़ ने साइट/लेआउट प्लान में इस तरह के संशोधन की अनुमति देने के लिए पूर्व शर्त के रूप में साइट/लेआउट प्लान के संशोधन के प्रति आपत्ति मांगने को आवश्यक बनाया है।

तदूनुसार, इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से उक्त कालोनी के किसी भी आवंटी से उक्त कॉलोनी के स्थल/लेआउट प्लान के प्रस्तावित पुनरीक्षण पर आपत्तियां आमंत्रित की जाती हैं। दिनांक 26.03.2021 के मेमो नं. जेडपी-663/एडी(आरए)/2021/8279 के माध्यम से अनुमोदित पूर्व साइट/लेआउट प्लान एवं प्रस्तावित साइट/लेआउट प्लान हमारी वेबसाइट (www.tulipgroup.in) पर और ट्यूलिप इंफ्राटेक प्रा. लिमिटेड, 76-जी, सेक्टर-18, गुरुग्राम के साथ-साथ सीनियर टाउन प्लानर, गुरुग्राम, हरियाणा के कार्यालय में अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

किसी भी आवंटी को प्रस्तावित साइट/लेआउट पर कोई आपत्ति हो तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर वरिष्ठ नगर योजनाकार, सेक्टर 14, गुरुग्राम के कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है, ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि प्रस्तावित साइट/लेआउट योजना पर कोई आपत्ति नहीं है।

ट्यूलिप इंफ्राटेक प्रा. लिमिटेड
76-जी, सेक्टर-18, गुरुग्राम
स्थान : गुरुग्राम
दिनांक : 02.05.2023

# खोड़ा में प्रत्याशियों के दो गुटों में भिड़ंत, थाने पहुंचे समर्थक

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद की खोड़ा नगर पालिका क्षेत्र में पार्षद पद के दो प्रत्याशी गुट आमने.सामने आ गए। बीजेपी प्रत्याशी ने निर्दलीय प्रत्याशी पर आरोप लगा दिया कि उसने हमला करने के लिए अपने समर्थकों को भेजा है। पुलिस पहुंची तो पता चला कि गाड़ी खड़ी करने और पोस्टर लगाने का विवाद है। दोनों पक्षों पर आरोप.प्रत्यारोप लगाते हुए थाने में शिकायत की है।

स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया सुबह खोड़ा नगर पालिका चुनाव में प्रतिभाग कर रहे दो पक्षो के मध्य विवाद की सूचना प्राप्त हुई।

वहीं पर दूसरे प्रत्याशी का मकान होने के कारण दोनों पक्ष आमने-सामने हो गये। जिसमें पोस्टर को लेकर कहासुनी हुई। दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त कर ली गयी है। खोड़ा नगर पालिका के वार्ड नंबर-7 की बीजेपी प्रत्याशी निर्मला देवी का आरोप है निर्दलीय प्रत्याशी अमरपाल शर्मा ने कुछ युवक भेजे थे, जिन्होंने मेरे साथ अभद्रता और हमला करने का प्रयास किया। इस दौरान एक आरोपी पकड़ा गया। उसकी गाड़ी पर विधायक लिखा हुआ था।

# लिफ्ट में 20 मिनट फंसी रही महिला

- अचानक बिजली कटौती के कारण फंसी महिला, किया ओम नमः शिवाय का जाप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



एसोटेक विंडसर कोर्ट सोसायटी की लिफ्ट में फंसी पीड़िता।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा में हाईराइज सोसाइटी में बिजली कटौती के चलते लिफ्ट में लोगों का फंसना आम बात हो गई है। नोएडा में सोमवार को एक महिला 20 मिनट तक लिफ्ट में फंसी रही और अपनी जान बचाने के लिए ओम नमः शिवाय का जाप करती रही। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

यह लिफ्ट की घटना एसोटेक विंडसर कोर्ट सेक्टर.78 सोसाइटी की है। जहां बुधवार की सुबह करीब 7;00 बजे आई एंड जे टावर के 11वीं फ्लोर पर बिजली जाने से एक महिला लिफ्ट में फस गई। महिला ने कई बार इमरजेंसी बटन दबाया, लेकिन उसको कोई मदद नहीं मिली। महिला घबरा गई और जोर जोर से चिल्लाने लगी। तभी सोसाइटी की अन्य महिलाएं लिफ्ट के बाहर आकर इकट्ठा हो गई और अंदर फंसी महिला का हौसला बढ़ाया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

सोसाइटी के निवासियों का आरोप है कि बिल्डर से कई बार लिफ्ट की समस्या को लेकर शिकायत की गई है, लेकिन समाधान नहीं किया जा रहा है। आए दिन लिफ्ट खराब हो जाती है। बच्चे और बुजुर्गों को ऊंची ऊंची इमारतों से सीढ़ियों के सहारे नीचे उतरना पड़ता है। बिल्डर के द्वारा केवल मेंटेनेंस के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है।

# श्रमिक दिवस : जेपी ने 40 को नौकरी से निकाला

- जेपी अमन हाउसिंग सोसायटी के लोगों ने किया हंगामा



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

मजदूर दिवस पर जेपी अमन सोसाइटी से 40 लोगों को नौकरी से निकाल दिया गया है। इसमें हाउसकीपिंग और सुरक्षाकर्मी शामिल है। इसकी जानकारी जेपी अमन हाउसिंग सोसायटी के लोगों को होने पर सोसाइटी के निवासियों ने हंगामा करना शुरू कर दिया।

जेपी अमन हाउसिंग सोसायटी नोएडा के सेक्टर.151 में बनी हुई है। सोसाइटी में रहने वाले निशांत पवार ने बताया कि बिना नोटिस दिए बिल्डर ने 40 लोगों को नौकरी से निकाल दिया है। इसमें हाउसकीपिंग और सिक्योरिटी स्टाफ है। बिल्डर ने 40 मजदूरों को नौकरी से निकालने पर कहा कि मेंटेनेंस चार्ज नहीं मिलने से यह फैसला लिया गया है।

# उत्तराखंड स्कूल की डी सीलिंग के लिए हाईकोर्ट जाएंगे अभिभावक

- दो दिन का अल्टीमेटम, इसके बाद करेंगे नोएडा प्राधिकरण का घेराव

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तराखंड पब्लिक स्कूल का सीलिंग का मामला हाईकोर्ट जा सकता है। 400 से ज्यादा अभिभावकों ने स्मृति वन में एक बैठक की।

गौतमबुद्ध नगर पेरेंट्स वेलफेयर सोसाइटी के प्रेसिडेंट मनोज कटारिया ने कहा कि वे प्राधिकरण के इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में रिट दायर करेंगे। यदि दो से तीन दिन में स्कूल को डी सील नहीं किया गया तो वह प्राधिकरण का घेराव करेंगे। स्कूल में 1500 बच्चे पढ़ते है। मीटिंग में डीडी आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एनपी सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह जल्द से जल्द शासन.प्रशासन से बात कर हर हाल में स्कूल को डी सील करवाएंगे। उन्होंने स्कूल के अध्यक्ष हरीश पपने से मौके पर फोन कॉल करके बातचीत की।

# विधवा महिला ने 2 जेठों पर दर्ज कराया मारपीट का मुकदमा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना जारचा में खटाना गांव की एक महिला ने अपने दो जेठों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। उनका आरोप है कि यह दोनों उनके साथ मारपीट कर रहे है। इसके अलावा उनकी बेटी की हत्या करने की धमकी दे रहे हैं। महिला के पति की कुछ समय पूर्व संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना जारचा प्रभारी ज्ञान सिंह ने बताया कि प्रीति ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के मुताबिक उसके दो जेठ हेमंत और दीपक बीती रात को उसे घर पर आए। पीड़िता का आरोप है कि दोनों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

आरोप है कि मेरी बेटी के साथ मारपीट कर हत्या का प्रयास कर रहे है। पीड़िता के अनुसार पति की कुछ समय पूर्व संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हुई थी। तब से दोनों आरोपी उसके जान के दुश्मन बने हुए हैं और उसकी और उसकी एक वर्ष की बच्ची की हत्या करना चाहते हैं।

# फैक्ट्री की शटरिंग गिरी, कई मजदूर घायल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



थाना फेस-3 क्षेत्र के सेक्टर-64 स्थित एक निर्माणाधीन कंपनी में आज दोपहर को लेंटर डालने के लिए लगाई गई शटरिंग अचानक भरभरा कर गिर पड़ी। इस घटना में काम कर रहे 4 मजदूर घायल हो गए।

थाना फेस-3 के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि सेक्टर-64 में एक बिल्डिंग का निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि लेंटर डालने के लिए शटरिंग लगाई गई थी। आज दोपहर को आई बारिश के चलते शटरिंग भरभरा कर नीचे गिर गई। इस घटना में वहां पर काम कर रहे चार मजदूरों को चोट आई है। कुछ मजदूरों को मामूली चोट आई है। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना प्रभारी ने बताया कि अगर पीड़ित इस मामले में कोई शिकायत करेंगे तो घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच करेगी। वही आज आज दोपहर को आई तेज बारिश के चलते थाना फेस-3 क्षेत्र में एक बिजली का पोल सड़क पर गिर गया।

# नोएडा में शातिर चोर गिरोह का खुलासा

**नोएडा।** नोएडा की थाना सेक्टर 39 पुलिस ने घरों में घुसकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले चोरों के गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने इस गिरोह का खुलासा करते हुए पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के कब्जे से चोरी के मोबाइल 43 मोबाइल, आभूषण और चोरी की एक्टिवा स्कूटी बरामद की है।

थाना सेक्टर-39 नोएडा पुलिस द्वारा गोपनीय सूचना के आधार पर निर्माणाधीन गोदरेज अपार्टमेन्ट के सामने सदरपुर गांव की तरफ जाने वाली सड़क से 5 चोरों को गिरफ्तार किया। इस दौरान आकिल, आरिफ, फि रोज, रिक्की और अमित को गिरफ्तार किया गया। यह सभी लोग अलग.अलग जगह के रहने वाले हैं।

# बारिश से गाजियाबाद में हाईवे पर जलभराव, लगा जाम

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद के ज्यादातर इलाकों में सोमवार को तेज बारिश हुई। इससे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे और इससे सटे नेशनल हाईवे-9 समेत तमाम स्थानों पर जलभराव हो गया। इस वजह से सुबह से दोपहर तक वाहन रेंग.रेंगकर चलते रहे। जलभराव से कई इलाकों में कीचड़ हो गई, जिससे राहगीरों को भी दिक्कत रही।

निर्माणाधीन दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर लोनी इलाके दोपहर बाद तक पानी सड़क पर भरा गया। इससे पहले यहां नाले का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर आ गया था। यही स्थिति दिल्ली.भोपुरा बॉर्डर की है। वसुंधरा इलाके में शिप्रा मॉल के आसपास और मुख्य सड़क पर पानी भर गया है। स्थिति ये है कि लोग पैदल तक नहीं चल पा रहे हैं। भोपुरा से हिंडन एयरपोर्ट जाने वाले मार्ग पर वाहनों की लंबी लाइन लगी है।

नेशनल हाईवे.9 पर विजयनगर और लालकुआं के पास पानी भरा हुआ है। गाजियाबाद.बुलंदशहर हाईवे पर लालकुआं और इंडस्ट्रियल एरिया में जलभराव से जाम लगा हुआ है। यहां सड़क पर पहले से गहरे.गहरे गड्ढे थे, जिनमें बारिश का पानी भर गया है। कुल मिलाकर रास्तों पर जलभराव होने से वाहनों की स्पीड थम गई है और जाम लग रहा है।

एक घंटे की बारिश में गाजियाबाद हुआ पानी.पानी

एक घंटे की बारिश से गाजियाबाद पानी.पानी हो गया। सत्ता दल के नेता डवलपमेंट के मामले में इसको उत्तर प्रदेश का शो विंडो बोलते हैं। लेकिन इस सच्चाई में कितना दम है, ये आज एक घंटे की बारिश से पता चल गया। गाजियाबाद का ऐसा कोई रास्ता नहीं बचा, जहां जलभराव न हुआ हो।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादकः विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# मुझे भले ही फांसी दे दो, लेकिन खेल प्रभावित नहीं होना चाहिए : बृजभूषण

## डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष ने कहा, प्रदर्शन के चलते चार माह से कुश्ती गतिविधियां हैं ठप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अपने खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद से भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह लगातार प्रदर्शनकारी पहलवानों पर हमलावर हैं। उन्होंने सोमवार को कहा कि देश के शीर्ष पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के कारण पिछले चार महीने से खेल की सभी गतिविधियां ठप पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि वह फांसी चढ़ने के लिए तैयार हैं, लेकिन कुश्ती की गतिविधियां नहीं रुकनी चाहिए, क्योंकि इससे कैडेट और जूनियर पहलवानों को नुकसान हो रहा है।

भाजपा सांसद सिंह ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि पिछले चार महीनों से कुश्ती की सभी गतिविधियां ठप पड़ी हैं। मैं कहता हूं कि मुझे फांसी दे दो, लेकिन कुश्ती की गतिविधियों को मत रोको। बच्चों के भविष्य से मत खेलो। कैडेट की राष्ट्रीय चैंपियनशिप को होने दो, चाहे कोई भी इसे आयोजित करे। चाहे वह महाराष्ट्र हो, तमिलनाडु या त्रिपुरा, लेकिन कुश्ती की गतिविधियों को मत रोको।

बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट सहित देश के चोटी के पहलवान जंतर मंतर पर धरना दे रहे हैं। वे बृजभूषण पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, जिनके खिलाफ उन्होंने महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

खेल मंत्रालय ने कुश्ती महासंघ के सात मई को होने वाले चुनावों पर रोक लगा दी है तथा भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से इस खेल संस्था के कामकाज को देखने और 45 दिनों के अंदर चुनाव कराने के लिए तदर्थ समिति गठित करने के लिए कहा है। आईओए ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है, जिसमें पूर्व निशानेबाज सुमा शिरूर और भारतीय वुशु संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा है। इस समिति के अध्यक्ष उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश होंगे, जिनके नाम की अभी घोषणा नहीं की गई है। बृजभूषण ने पुष्टि की कि वह अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ेंगे।


राजधानी में जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे पहलवानों के साथ कांग्रेसी नेता नवजोत सिंह सिद्धू। फोटो : रंजन डिमरी

## अभी तक क्यों गिरफ्तार नहीं हुए बृजभूषण : सिद्धू

- जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारी पहलवानों के समर्थन में पहुंचे कांग्रेस नेता नवजोत सिंह और हरीश रावत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने सोमवार को प्रदर्शनकारी पहलवानों का समर्थन करते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की और कहा कि गैर जमानती पॉक्सो कानून के तहत मामला दर्ज होने के बावजूद उसे अभी तक गिरफ्तार क्यो नहीं किया गया है।

बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट समेत भारत के शीर्ष पहलवान बृजभूषण के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जंतर मंतर पर धरने पर बैठे हैं। सिद्धू से पहले कांग्रेस से प्रियंका गांधी और भूपिंदर सिंह हुड्डा, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, राष्ट्रीय लोक दल के नेता जयंत चौधरी, जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक, दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी सिंह और सौरभ भारद्वाज भी पिछले आठ दिन में धरना स्थल पर पहुंच चुके हैं।

सिद्धू ने सोशल मीडिया पर पहलवानों के साथ तस्वीर पोस्ट करके समर्थन जताया। उन्होंने ट्वीट में कहा कि प्राथमिकी दर्ज करने में देर क्यों की गई। प्राथमिकी सार्वजनिक नहीं करने से साफ है कि उसमें गंभीरता नहीं है और पहलवानों की शिकायत के अनुरूप नहीं है।

उन्होंने कहा कि मकसद साफ है कि दोषी को बचाना है। मामले को ढका जा रहा है। प्राथमिकी दर्ज करने में विलंब करने वाले अधिकारी के खिलाफ आईपीसी की धारा 166 के तहत कार्रवाई क्यों नहीं की गई। उन्होंने कहा, पॉक्सो कानून के तहत मामले गैर जमानती हैं। अभी तक गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई है।

## पुलिस ने अभी दर्ज नहीं किए महिला पहलवानों के बयान

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर खिलाड़ियों के कथित यौन उत्पीड़न के आरोप में मामला दर्ज होने के तीन दिन बाद भी दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारी महिला पहलवानों का बयान दर्ज नहीं किया है।

अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि पुलिस सिंह के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के संबंध में उनसे पूछताछ कर सकती है, लेकिन उन्हें अभी तक कोई आधिकारिक नोटिस नहीं दिया गया है। सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली एक नाबालिग सहित महिला पहलवानों को दिल्ली पुलिस ने रविवार को सुरक्षा प्रदान की थी।

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया था कि सिंह के खिलाफ उनकी शिकायतों के बाद पहलवानों को सुरक्षा प्रदान की जाए। सिंह पर दो प्राथमिकी में एक महिला की लज्जा भंग करने, पीछा करने और पॉक्सो अधिनियम की धारा 10 के तहत मामला दर्ज किया गया है। भाजपा सांसद ने अपने खिलाफ लगे आरोपों से इनकार किया है।

## आईजीआई की यात्री क्षमता 10 करोड़ होगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाईअड्डे का परिचालन करने वाली कंपनी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. (डायल) ने सोमवार को कहा कि इस साल विस्तार कार्य पूरा हो जाने के बाद इस हवाई अड्डे के टर्मिनलों की क्षमता बढ़कर सालाना 10 करोड़ यात्रियों की हो जाएगी।

आईजीआई का परिचालन करने वाली डायल ने एक बयान में कहा कि तीसरे चरण का विस्तार कार्य पूरा होने के बाद देश का पहला हवाई अड्डा हो जाएगा, जिसकी वार्षिक क्षमता 10 करोड़ यात्रियों को संभालने की होगी।

# छह साल में 30% कम हुआ प्रदूषण

- मुख्यमंत्री ने जारी किया समर एक्शन प्लान, हर तरह का प्रदूषण रोकने को 14 बिंदुओं पर होगा काम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गत 6 साल में वर्ष 2016 से वर्ष 2022 के बीच वायु प्रदूषण में 30 फीसदी की कमी आने का दावा किया है। उन्होंने कहा, दिल्ली सरकार के प्रयासों और 2 करोड़ जनता के संघर्ष के कारण प्रदूषण लगातार कम हो रहा है।

सीएम ने कहा कि साल 2016 में कुल 26 दिन ऐसे थे जिस दिन प्रदूषण का स्तर अत्यधिक रहा था। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 से ज्यादा दर्ज किया गया था। लेकिन साल 2022 में ये घटकर केवल 6 दिन रह गया है। साल 2016 में 124 दिन हवा की गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में थी जो साल 2022 में महज 72 हो गई है। केजरीवाल ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले साल से समर ऐक्शन प्लान बनाना शुरू कर दिया है। जिसके चलते आगे जाकर स्थिति ओर ज्यादा अच्छी होगी। इसी कड़ी में हवा में और सुधार लाने के इरादे से सोमवार को उन्होंने 14 फोकस बिंदुओं पर आधारित समर एक्शन प्लान जारी किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इसके तहत धूल प्रदूषण, ओपेन बर्निंग व औद्योगिक प्रदूषण रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे। साथ ही सॉलिड वेस्ट मैनेमेंट, रियल टाइम सोर्स अपोर्शनमेंट स्टडी, ग्रीन कवर बढ़ाने, झीलों के विकास, पेड़ों को ट्रांसप्लांट करना और पड़ोसी राज्यों से संवाद व अन्य कदम उठाए जाएंगे।

अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जैसे सर्दियों में उनकी सरकार अपना विंटर एक्शन प्लान बनाती है, वैसे ही पिछले साल से गर्मियों के लिए भी समर एक्शन प्लान बनाना शुरू किया है। जब से रियल टाइम सोर्स अपोर्शनमेंट स्टडी चालू की है, तब से यह अनुभव किया है कि सर्दियों में प्रदूषण के कारण अलग और गर्मियों में अलग हैं।

सर्दियों में प्रदूषण अधिकतर मौसम में बदलाव के कारण होता है। इसमें पराली जलाने, पटाखों, गाड़ियों से होने वाले धुंए और खुले में आग जलाना भी शामिल है। वहीं, गर्मियों में मुख्य रूप से धूल, कूड़े के पहाड़ों व झाड़ियों में आग लगने की वजह से प्रदूषण होता है। सीएम ने समर एक्शन प्लान की घोषणा करते हुए कहा कि समर एक्शन प्लान के तहत कुछ तत्कालिक और दीर्घकालीन कदम उठाए जाएंगे। 30 विभागों के साथ बैठक कर यह समर एक्शन प्लान बनाया है। जिनमें पर्यावरण, डीपीसीसी, विकास विभाग, कंटोनमेंट बोर्ड, सीपीडब्ल्यूडी, डीडीए, दिल्ली पुलिस, राजस्व, डीएसआईडी, शिक्षा, डीएमआरसी, पीडब्ल्यूडी, ट्रांसपोर्ट, एनएचएआई, दिल्ली जल बोर्ड, एमसीडी और एनडीएमसी समेत अन्य विभाग शामिल हैं। सीएम उम्मीद की है कि आगामी दो-चार साल में दिल्ली में प्रदूषण खतरनाक स्तर का नहीं होगा।


मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए।

### समर एक्शन प्लान के फोकस बिंदु

धूल प्रदूषण को रोकने के लिए 84 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनें लगाई जाएंगी। ताकि मशीनों से सड़कों की सफाई कराई जा सके। इसके अलावा, 609 स्प्रिंकलर और स्प्रिंकलर और 185 मोबाइल एंटी-स्मॉग गन भी तैनात की जाएंगी। ये मशीनें दिल्ली सरकार के पास उपलब्ध हैं। इसके अलावा, 70 इंटीग्रेटेड मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनें और 250 इंटीग्रेटेड वाटर स्प्रिंकलर मशीनें खरीदने की योजना है। इससे पीडब्ल्यूडी की सभी सड़कों की मैकेनिकल स्वीपिंग चालू हो जाएगी। एमसीडी की छोटी सड़कों पर हफ्ते में एक-दो दिन पानी का छिड़काव होगा। इसके अलावा, दोपहर में 225 और रात के समय में 159 टीमें गश्त करेंगी। सभी 13 हॉटस्पॉट में वायु प्रदूषण के स्रोतों का रियल टाइम अपोर्शनमेंट स्टडी के आधार पर पता लगाया जाएगा और उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। एक नया नियम बनाया है। जिसमें 500 वर्ग मीटर से अधिक वाले निर्माण साइट्स को सीएंडडी के वेब पोर्टल पर जाकर पंजीकरण करना होगा जिसकी लगातार निगरानी की जाएगी। वर्तमान में 750 साइट्स ने पंजीकरण कराया है।

# झमाझम बारिश से पारा गिरा लोगों ने जमकर की मस्ती

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में सोमवार को रुक-रुक कर हुई बारिश के कारण अनेक स्थानों पर जलभराव हो गया। इससे कई सड़कों पर यातायात भी बाधित रहा। दिल्ली यातायात पुलिस ने बताया कि यातायात से जुड़ी समस्याओं के 31 फोन कॉल नियंत्रण कक्ष में आए, वहीं तीन सूचनाएं जलभराव के बारे में थीं। झमाझम बारिश से तापमान में खासी गिरावट हो गई और मौसम सुहाना हो गया। लोगों ने घरों से निकलकर खूब मस्ती की और सुहाने मौसम का लुत्फ उठाया।

यातायात पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि बारिश के कारण झंडेवालान मंदिर, पश्चिम विहार, रोहिणी और दक्षिण दिल्ली में लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। दिल्ली यातायात पुलिस ने ट्वीट किया कि अरविंदो मार्ग में भारी यातायात है, कृपया इस मार्ग पर जाने से बचें। लोगों को कैब करने में भी परेशानी आई, साथ ही किराए में भी भारी उतार-चढ़ाव देखा गया।

लाजपत नगर से मंडी हाउस आने वाली सौम्या सिंह ने बताया कि छह कैब चालकों ने उनकी बुकिंग रद्द कर दी है। कई यात्रियों ने ट्विटर पर अपनी समस्याओं को साझा किया। लाजपत नगर, आईटीओ, लोधी रोड, लुटियंस दिल्ली तथा नोएडा में भारी बारिश दर्ज की गई।

## मस्ती, जिम्मेदारी, परेशानी







राजधानी में सोमवार को तेज बारिश से तापमान में गिरिावट के साथ मौसम बेहद सुहाना हो गया। वहीं युवाओं ने बारिश के बीच जमकर मस्ती की, वहीं रेनकोट पहनकर ट्रैफिक पुलिस ने अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। जबकि जगह-जगह पानी भरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# कार के बोनट पर गिरे व्यक्ति को तीन किमी ले गया चालक

- पीसीआर की मुस्तैदी से हादसा टला, चालक के खिलाफ केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में फिर रोड रेज का मामला सामने आया है। दक्षिण-पूर्व दिल्ली के आश्रम इलाके में एक कार और कैब में हुई मामूली टक्कर के बाद कार चालक वहां से गाड़ी लेकर भागने लगा तो कैब चालक आरोपी कार चालक के बोनट पर लटक गया।

कार चालक ने इसके बावजूद गाड़ी नहीं रोकी और आश्रम चौक से निजामुद्दीन दरगाह तक करीब तीन किलोमीटर तक उसे घुमाता रहा। दिल्ली पुलिस की पीसीआर वैन की मुस्तैदी से आरोपी कार चालक को ओवर टेक रोका। इससे बड़ा हादसा होने से बच गया। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। घटना रविवार रात करीब 11 बजे की है।

प्राप्त जानकारी के मुताबकि कार चालक जिस युवक को बोनट पर लटका कर चला रहा था। उसकी पहचान कैब चालक चेतन के रूप में की गई हैं और आरोपी चालक की पहचान राम अचल के रूप में की गई है। पीड़ित चेतन का कहना है कि वह एक यात्री को छोड़कर लौट रहा था। तभी आरोपी की कार ने उसके वाहन को मामूली टक्कर मार दी। इस पर उसे गुस्सा आ गया और वह अपनी कार से उतर कर रामचंद कुमार की कार के सामने खड़ा हो गया लेकिन वह रुकने के बजाए भागने लगा। इस दौरान वह बोनट से लटका गया।

आरोपी उसे बोनट पर लटका कर आश्रम चौक से निजामुद्दीन तक चलाता रहा। इस बीच वह उसे कार रोकने के लिए कहता रहा, लेकिन वह नहीं रुका। आरोपी नशे में था। रास्ते में एक पीसीआर खड़ी थी। उसने पीछा कर कार को रोका। इस मामले पर रामचंद ने अपने ऊपर लगे आरोप को गलत बताया। उसका कहना है कि उसकी कार ने कैब चालक चेतन के गाड़ी को टच नहीं किया। कैब चालक जानबूझकर कार के बोनट पर कूद कर लटक गया था।

पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने फोन कर कहा कि गोविंदपुरी निवासी चेतन ने कहा कि उसकी सियाज टैक्सी को आश्रम चौक पर लैंड रोवर ने टक्कर मारी और बोनट पर लेकर भागा। इस मामले में कार चालक की तरफ से मामला दर्ज किया गया है।

# भाजपा का सीएम आवास के बाहर अनिश्चितकालीन धरना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास की मरम्मत पर खर्च को लेकर भाजपा ने दिल्ली सरकार को घेरना शुरू कर दिया है।

दिल्ली प्रदेश भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सीएम आवास के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है और केजरीवाल पर कोरोना महामारी के दौरान अपने बंगले में 45 करोड़ रुपये खर्च करने का आरोप लगया है। सांसद डॉ. हर्ष वर्धन ने कहा की आज ना सिर्फ दिल्ली वाले बल्कि अन्ना हजारे भी केजरीवाल के आवास के निर्माण की बात सुनकर शर्मसार हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की केजरीवाल सरकार अब घोटालों व भ्रष्टाचार की पर्याय बन चुकी है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर बिधूड़ी ने कहा कि सीएम बंगले का सौन्दर्यीकरण पर केवल 15 लाख खर्च करने का अधिकार है।

# चिंताजनक : सर्दी के बाद अब गर्मियों में भी बढ़े दमा के मरीज

## जंक फूड, खतरनाक रसायन, फल-सब्जियों में इंसेक्टिसाइड्स का बढ़ता प्रयोग और प्रदूषण पड़ रहा स्वास्थ्य पर भारी : डॉ. पराशर

**वर्ल्ड अस्थमा डे आज**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दुनियाभर में अस्थमा की मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। अस्थमा से शिकार लोगों को खांसी, सांस लेने में दिक्कत जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लोगों को इस गंभीर बीमारी की जानकारी काफी कम होती है, इसी कारण हर साल 2 मई को विश्व अस्थमा डे मनाया जाता है ताकि लोग इस बीमारी के प्रति जागरुक रहें और अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें।

साधारण उपायों, घरेलू नुस्खों व आयुर्वेदिक दवाओं के प्रयोग से अस्थमा से बचा और इलाज भी किया जा सकता है। आयुर्वेदिक चिकित्सा से फेफड़ों और श्वसन तंत्र में स्थायी मजबूती आती है जबकि अन्य दवाओं से फेफड़े सिर्फ अस्थायी रूप से फैलते हैं और रोग में तात्कालिक लाभ ही मिलता है।

कोरोना संक्रमण के कारण फेफड़ों की क्षमता और कार्यप्रणाली में आई कमी के इलाज में भी आयुर्वेदिक दवाएं प्रभावी हैं। अस्थमा के मरीजों को अपने खाने में ताजी फल और सब्जियां जरूर शामिल करना चाहिए। इसके नियमित सेवन से अस्थमा के लक्षण को कम कर सकते हैं। इसके अलावा, इनमें कैलोरी भी कम मात्रा में मौजूद होती है। यह फेफड़ों को स्वस्थ्य रखने में भी मदद करते हैं।



### इन औषधियों का इस्तेमाल लाभकारी

अस्थमा के मरीजों को सितोपलादि चूर्ण, तालीसदी चूर्ण, टंकण भस्म, लक्ष्मी विलास रस, चंद्र अमृत रस, चित्रक हरीतकी, अगस्त्य हरीतकी, वासावलेह व तुलसी, हल्दी, वसाका, भृंगराज, कुटकी, कासनी आदि औषधियों का प्रयोग लाभदायक रहता है। यदि खून में ऑक्सीजन की मात्रा कम हो रही हो तो स्वर्ण समीर पन्नग रस व त्रैलोक्य चिंतामणि रस फायदा पहुंचाता है। यदि कब्ज हो जाए तो एरंड के तेल का प्रयोग रात में सोते समय दूध के साथ करना चाहिए। मरीजों को फेफड़ों में सांस भरकर अधिक से अधिक समय तक रोकने का अभ्यास नियमित रूप से करना चाहिए।

दिल्ली नगर निगम में चीफ मेडिकल ऑफिसर (आयुर्वेद) डॉ आरपी पराशर के अनुसारा आधुनिक भाग दौड़ भरी जीवन शैली में जंक फूड, प्रोसेस्ड फूड, रेडी टू ईट फूड आदि भोजन के साथ के विभिन्न प्रकार के खतरनाक रसायनों की अत्यधिक मात्रा शरीर में पहुंच रही है। इसके अलावा फलों व सब्जियों में इंसेक्टिसाइड्स व पेस्टिसाइड्स की मौजूदगी और बढ़ते प्रदूषण जैसे कारणों के चलते अस्थमा के मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पहले जहां सर्दी के मौसम में अस्थमा के मरीज अधिक आते थे वहीं अब प्रदूषण के कारण गर्मियों में भी अच्छे खासे मरीज आ रहे हैं।

प्रदूषण से बचाव के उपाय

डॉक्टर पराशर के अनुसार, प्रदूषित हवा को शरीर में जाने से रोकना बेहदी है। इसके लिए घर से बाहर निकलने पर मास्क का प्रयोग नियमित रूप से करें ताकि 2.5 माइक्रोन से छोटे कण भी शरीर में प्रवेश न कर पाएं।

यदि प्रदूषण के कण श्वसन तंत्र व शरीर में प्रवेश कर भी गए हैं तो घर पहुंचने के बाद जलनेति व स्वेदन की सहायता से उन कणों को शरीर से बाहर निकाला जा सकता है और अस्थमा से बचाव किया जा सकता है। इसके अलावा प्रदूषण से बचाव में वाष्पीकरण की प्रक्रिया कारगर है। मरीज अगर सुबह शाम घर के अंदर दरवाजे के पास 2 लीटर पानी खुले में उबाले तो प्रदूषक तत्व वाष्प के साथ नीचे बैठ जाएंगे जिससे घर की हवा का प्रदूषण समाप्त हो जाएगा और हवा साफ हो जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

### उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों ने ली पद की शपथ

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय के दो अतिरिक्त न्यायाधीशों को सोमवार को पद की शपथ दिलाई गई, जिसके बाद अब अदालत में न्यायाधीशों की संख्या 47 हो गई। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा ने अन्य न्यायाधीशों और वकीलों की उपस्थिति में अदालत परिसर में आयोजित शपथग्रहण समारोह में न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया और न्यायमूर्ति मनोज जैन को शपथ दिलाई। केंद्र ने 27 अप्रैल को दो न्यायाधीशों की नियुक्ति को मंजूरी दी थी। इससे पहले अप्रैल में, प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने केंद्र को उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए न्यायिक अधिकारियों, न्यायमूर्ति कठपालिया और न्यायमूर्ति जैन के नामों की सिफारिश की थी।

### ओखला कर्मचारी राज्य बीमा निगम में स्वच्छता पखवाड़ा



**नई दिल्ली।** ओखला स्थित उपक्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय कार्यालय परिसर में 'स्वच्छता पखवाड़ा-2023' के उपलक्ष्य में सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उप निदेशक (प्रभारी) प्राणेश कुमार सिन्हा द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'स्वच्छता शपथ' दिखाने के साथ हुई। उप क्षेत्रीय कार्यालय के अतर्गत चारों शाखा कार्यालयों (आश्रम, ओखला, कालकाजी एवं पालम) में भी स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर 'जपाइको' की डॉ. शालिनी खरे एवं डॉ. आरजू फिरदौस भी मौजूद रहे। इसके अलावा हंस राज (सहायक निदेशक), संत सिंह (सहायक निदेशक) एवं फतेह चंद (सहायक निदेशक) के अलावा राम नरेश (सहायक निदेशक), संत सिंह (सहायक निदेशक) तथा विभिन्न शाखाओं के कार्यालय अधीक्षक व कर्मचारीगण मौजूद थे।

### गुजरात और महाराष्ट्र का स्थापना दिवस मनाया गया

**नई दिल्ली।** राजभवन में महाराष्ट्र और गुजरात का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर स्कूल की छात्राओं ने मनमोहक गरबा और लावणी नृत्य पेश कर सभी का मनमोह लिया। इस अवसर पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि देश के विकास में इन दोनों राज्यों का योगदान महत्वपूर्ण रहा है।

### मुठभेड़ के बाद बदमाश रंजीत झा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और उत्तर प्रदेश पुलिस ने एक ऑपरेशन को अंजाम दिया है। इस दौरान मेरठ में बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। जख्मी हालत में उसे मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उसे गिफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान रंजीत झा के रूप में हुई। उसके कब्जे से एक सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। इस संबंध में मेरठ के थाना कंकरखेड़ा में मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, रंजीत झा पर तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें दो हत्या और एक हत्या का प्रयास का मामला शामिल है।

### चार पर्यटन स्थल निजी हाथों में सौंपने की तैयारी

**नई दिल्ली।** आजाद हिंद ग्राम तथा दिल्ली हाट समेत चार पर्यटन स्थलों के संचालन निजी संस्थानों को सौंपने का दिल्ली सरकार विचार कर रही है। यह निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि पर्यटन विभाग को इन पर्यटन स्थलों के संचालन कार्य में कठिनाई हो रही है। दिल्ली सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि पर्यटन विभाग अगले सप्ताह आशय का पत्र जारी करने की योजना बना रहा है ताकि यह समझा जा सके कि इस कार्य को राजस्व-साझाकरण मॉडल के जरिए किया जाए या किसी अन्य तरीके से किया जाना चाहिए। विभाग अपने पर्यटन स्थलों के लिए निजी कंपनियों को शामिल करने की योजना बना रहे हैं।

# वर्षों की समस्या का कराया समाधान तो नवीन गोयल का हुआ सम्मान

### बसई रोड ऑटो मार्केट से गंदगी हटवाकर मैदान को कराया है समतल

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम।


गुरुग्राम में बसई रोड आटो मार्केट के सुधार पर नवीन गोयल का स्वागत करते लोग।

**बसई** रोड पर पटौदी चौक के पास प्रस्तावित ऑटो मार्केट की जमीन पर वर्षों से गंदगी की समस्या से परेशान लोगों को कुछ दिनों में ही राहत दिलाकर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने लोगों का दिल जीत लिया। इसी को लेकर क्षेत्र के लोगों ने नवीन गोयल का नागरिक अभिनंदन, सम्मान समारोह करके उन्हें इस कार्य के लिए धन्यवाद किया।

इस अवसर पर नवीन गोयल ने कहा कि किसी भी काम को सिरे चढ़ाने के लिए इच्छा शक्ति की जरूरत होती है। जनता की जायज समस्या को दूर कराना, करने के प्रयास करना हमारा कर्तव्य था। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के मार्गदर्शन में काम करते हुए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा की ओर से इस काम के लिए निरंतर प्रयास किए गए। सच्चे मन से प्रयास किए तो सफलता भी मिले। उन्होंने कहा कि मंत्रियों, अधिकारियों तक लगातार उन्होंने इस समस्या को पहुंचाया। लोगों के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक कराई।

तब जाकर इस समस्या का समाधान हुआ है। नवीन गोयल ने कहा कि हमारा प्रयास रहता है कि हम समस्या को उठाने के साथ उसका समाधान सुझाएं या समाधान कराएं। जनता से मिलकर जनता के लिए ही काम करना उनका उद्देश्य रहता है। किसी की उम्मीद पर जब खरे उतरते हैं तो खुशी होती है। नवीन गोयल ने कहा कि ऑटो मार्केट की बेहतर सफाई कराकर लोगों को गंदगी, बदबू से मुक्ति दिलाना था।

## ज्ञानेन्द्र उर्फ भोला को झगड़ में फायरिंग करने से गवानी पड़ी जान

**सोहना।** असावटा निवासी ज्ञानेन्द्र उर्फ भोला की हत्या आपसी झगड़ा के दौरान की गई फायरिंग का बदला लेने के इरादे से जान लेवा हमला किया था। इस जानलेवा हुआ ज्ञानेन्द्र उर्फ भोला के बाद मौत हो गई थी।

सोहना अपराध शाखा पांच पुलिस ने ज्ञानेन्द्र उर्फ भोला हत्याकांड में तीन दिन की रिमांड पर आया अजय उर्फ अज्जू ने पुलिस को तीन दिन तक को गई पूछताछ के बाद सोमवार को अदालत में पेश किया। अदालत ने अजय उर्फ अज्जू को न्यायिक हिरासत में 14 दिन के लिए भोंडसी जिला जेल में भेज दिया है। पुलिस ने अजय उर्फ अज्जू से पूछताछ में ज्ञानेन्द्र उर्फ भोला पर हमले के दौरान उपयोग किया गया अवैध हथियार भी बरामद कर लिया है। सोहना अपराध शाखा पांच के प्रभारी एसआई सत्य प्रकाश ने बताया कि ज्ञानेन्द्र उर्फ भोला ने गिरफ्तार आरोपी अजय उर्फ अज्जू के दोस्त भारत पर झगड़े के दौरान जान लेने के इरादे से फायरिंग की थी। जिसमें भारत बाल बाल बच गया था। यही से अजय उर्फ अज्जू व भारत ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर बदला लेने की योजना बनाई ली थी।

# महाराष्ट्र दिवस पर महाराजा शिवाजी के जयघोष से गूंजा गुरुग्राम

### पीएम मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत मनाया गया महाराष्ट्र दिवस

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम।


गुरुग्राम में महाराष्ट्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में महाराजा शिवाजी को नमन करे पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल।

**एक** भारत श्रेष्ठ भारत मुहिम चलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों की कला और संस्कृति को परस्पर जानने का बेहतर अवसर दिया है। कई राज्यों के स्थापना दिवस मनाकर इस मुहिम को गुरुग्राम में लगातार गतिशील रखा जा रहा है। इसी कड़ी में अब महाराष्ट्र दिवस मनाया गया। एक मई को महाराष्ट्र राज्य का गठन हुआ था। इसकी पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में महाराजा शिवाजी के जयघोष से गुरुग्राम गूंज उठा।

भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी हरियाणा के प्रदेश संयोजक एवं परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के सह-संयोजक एवं पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाण प्रमुख नवीन गोयल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। इस दौरान महाराष्ट्र और हरियाणा की संस्कृति की झलक कलाकारों द्वारा मंच पर दिखाई गई। लोकमान्य गणेशोत्सव समिति आणि महाराष्ट्र मंडल गुरुग्राम की टीम ने कार्यक्रम में विशेष योगदान दिया। नवीन गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा और महाराष्ट्र का बहुत पुराना नाता रहा है। पानीपत की लड़ाई में मराठों ने जो शौर्य दिखाया था, वह इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। सदियों तक उसे याद रखा जाएगा। गुरुग्राम के विकास में अन्य राज्यों के साथ महाराष्ट्र के लोगों का भी अहम योगदान बताते हुए नवीन गोयल ने कहा कि चाहे बोली अलग हो, खान-पान अलग हो लेकिन हमारी सोच, विचार समान हैं। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि रामराज शर्मा ने कहा कि गुरुग्राम में काफी लोग महाराष्ट्र के रहते हैं। उन्हें कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि वे बाहरी प्रदेश से आकर यहां रह रहे हों। कार्यक्रम में माढेकर, संजू कावरे, अरविंद कठबे, विष्णु पाटिल, शांताराम उदागे, कमलाकर वाडेकर, मनोहर बोढरे, मसाराम, शरद, प्रह्लाद महाजन, अनिल, भूषण, प्रदीप चव्हाण, नंद किशोर, कैलाश आदि मौजूद रहे।

## मालिबू टाउन गुरुग्राम में हुआ दूसरा 108 कुण्डीय गीता महायज्ञ


गुरुग्राम में गीता महायज्ञ के दौरान पुस्तक का विमोचन करते समाजसेवी बोधराज सीकरी।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### गीता महायज्ञ के दौरान अर्जुन स्तुति भी की गई

**गीता** मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के शिष्य श्रीजी लोकेशव द्वारा संचालित श्री कृष्ण गुरुकुल और श्री सनातन धर्म सभा मालिबू टाउन ने मिलकर 108 कुण्डीय गीता महायज्ञ का आयोजन किया।

लगभग 200 परिवारों ने बढ़-चढ़कर इस गीता अमृत महोत्सव में भाग लिया और गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के द्वारा रचित गीता के काव्य श्लोकों के द्वारा गीता महायज्ञ किया। श्रीजी लोकेशव और साक्षी ने बहुत ही भावपूर्ण संगीतमय तरीके से यज्ञ करवाया और अर्जुन स्तुति के भावों के साथ-साथ साक्षी ने सुंदर-सुंदर भजन भी प्रस्तुत किए। इस दौरान मालिबू टाउन के बच्चों ने शिव नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी और सबके मन को मोह लिया।

इस अवसर पर समाजसेवी बोधराज सीकरी मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे और उन्होंने भी मुक्त कंठ से महायज्ञ और अर्जुन स्तुति की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यज्ञ की शक्ति को हम भुलाते जा रहे हैं, जोकि अत्यंत चिंता का विषय है। मनुष्य को जीवन में अपने धर्म की शक्ति को जानना बहुत आवश्यक है। अगर आप अपने ग्रंथों का सिर्फ अध्ययन ही कर लो तो आप को बहुत ही विशिष्ट अनुभव होने लगेंगे, बशर्ते अध्ययन उपरांत स्वाध्याय, समीक्षा, मंथन और उसका चिंतन भी किया जाए। गीता में हर समस्या का समाधान है चाहे वो व्यापारिक हो या व्यावहारिक हो या व्यक्तिगत समस्या हो। बोधराज सीकरी ने गीता के दूसरे अध्याय के दसवें श्लोक को विस्तार पूवज़्क विवेचनात्मक दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया ताकि लोगों को जीवन में प्रसन्न रहने का अभ्यास हो।

इस अवसर पर श्रीजी लोकेशव ने यज्ञ और देवताओं का जीवन में सफ्लता से संबंध, यज्ञ की निरंतरता और भावपूर्ण प्रस्तुति का महत्व बताया और साथ में उन्होंने अर्जुन स्तुति के माध्यम से आज कल हमारे घरों में होने वाली समस्याओं और अपने बच्चों से हमारे रिश्ते क्यों खराब हो जाते हैं, इस पर एक सुंदर वक्तव्य प्रस्तुत किया तथा उसको कृष्ण अर्जुन संवाद से काव्य रूप में भी जोड़ा। इस अवसर पर श्रीजी लोकेशव की एक पुस्तक का भी विमोचन बोधराज सीकरी के हाथों से करवाया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रमोद सलूजा ने भी अपने विचार रखे।

# देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाते हैं श्रमिक: सुंदर लाल

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम।


गुरुग्राम के खंड फरूखनगर में एक कंपनी में श्रमिकों के साथ केक काटते सरपंच सुंदर लाल।

**गुरुग्राम** सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष सुंदरलाल यादव ने कहा कि श्रमिक हमारे देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सबसे ज्यादा मेहनत कर रहे हैं। इनकी मेहनत से ही आज देश तरक्की कर रहा है। यह बात उन्होंने सोमवार को श्रमिक दिवस के अवसर पर फरुखनगर में बने गति लॉजिस्टिक कंपनी के वेयर हाउस में आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने श्रमिकों के साथ मिलकर केक भी काटा।

सुंदर लाल यादव ने कहा कि श्रमिक की मेहनत से ही आज देश आधुनिक तकनीक हथियारों का निर्माण कर अन्य देशों को निर्यात कर रहा है। आज हर तरफ ऊंची इमारतें बन रही हैं। कारखाने चल रहे हैं। यह सभी श्रमिकों के कारण ही चल पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम आज जहां पहुंचे हैं और जिस तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इसके पीछे श्रमिकों का सबसे अधिक योगदान है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रमिकों के लिए कई ऐसी योजनाएं शुरू की हैं जिनका फायदा श्रमिकों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को इन सरकारी योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। उन्होंने वहां मौजूद सभी श्रमिकों के साथ मिलकर केक काटा और उनके साथ नाश्ता किया।

सुंदरलाल यादव ने कहा कि श्रमिक देश को आंतरिक रूप से मजबूती प्रदान कर रहे हैं। मैनें खुद श्रमिकों के साथ कायज़ किया है तो मैं इनकी मेहनत को अच्छे से समझ सकता हूं। उन्होंने समाज से भी अपील की कि श्रमिकों को हीन भावना से नहीं देखना चाहिए बल्कि इन्हें उचित सम्मान देना चाहिए। इस अवसर पर गति कंपनी से डिस्ट्यूब्शन मैनेजर जयदीप सिंह, जयप्रकाश, लेखवार, पेपेन्द्र सिंह, रमेश गोस्वामी, विजय पाल सरपंच, प्रवीण यादव, मोगली यादव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## समलैंगिक विवाह मामले का निर्णय जल्दबाजी में न लेने के लिए सौंपा ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम।


समलैंगिक विवाह मामले में ज्ञापन सौंपते लोग।

समलैंगिक विवाह मामले में जल्दबाजी में निर्णय नहीं लेने की मांग को लेकर नए गुरुग्राम के लोगों ने एसडीएम रविंद्र यादव को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रपति के नाम सौंपे ज्ञापन में समाजिक लोगों की तरफसे कहा गया कि इस मामले में जल्दबाजी में किसी भी तरह का निर्णय नहीं लिया जाना चाहिए। इससे देश के लोगों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं।

ज्ञापन के माध्यम से लोगों ने कहा गया कि विवाह दो विषम लैंगिक का मिलन नहीं है। इससे मानव का जन्म भी होता है। यह प्रकृति रूप से तैयार की गई एक प्रणाली है। इसको लेकर लिया जाने वाला निर्णय किसी प्रकार की जल्दबाजी में नहीं होना चाहिए। इस दौरान एसडीएम रविंद्र यादव ने कहा कि ज्ञापन को राष्ट्रपति तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान गुरुग्राम सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष सुंदरलाल यादव, वाटिका के ब्लाक से राहुल सोनी, संजय यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

## कर्णावती यूनिवर्सिटी ने की रिकॉर्ड 295 इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी एप्लीकेशन फाइनल

### एशियन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा सम्मानित किया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** भारत



**गुजरात** स्थित कर्णावती यूनिवर्सिटी ने अपनी उपलब्धियों की लिस्ट में एक और उपलब्धि जोड़ ली है। कर्णावती विश्वविद्यालय को रिकॉर्ड नंबर में इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी फाइलिंग करने के लिए एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। किसी यूनिवर्सिटी द्वारा आज तक एक दिन 151 डिजाइन एप्लीकेशन और 144 कॉपीराइट एप्लीकेशन फाइल करना एक रिकॉर्ड है।

स्टूडेंट्स की इस उपलब्धि को सेलिब्रेट करने के लिए हाल ही में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कर्णावती यूनिवर्सिटी राज्य की प्राइवेट यूनिवर्सिटी है जो एक्सीलेंस इन टीचिंग और इंटरडिसिप्लिनरी लर्निंग पर फोकस्ड है। कर्णावती यूनिवर्सिटी ने 26 अप्रैल, 2023 को भारतीय पेटेंट ऑफिस में 295 इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी प्रोटेक्शन एप्लीकेशन के लिए आवेदन करके एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स (एबीएस) और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स (आईबीआर) में रिकॉर्ड बनाया है। एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के साथ-साथ इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के निर्णायक सुश्री नीलिमा छाजेड़ और श्री समीर दास ने सम्मान समारोह के लिए विश्वविद्यालय परिसर का दौरा किया। कार्यक्रम में कर्णावती यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट श्री रितेश हाडा भी मौजूद रहे। इस अवसर पर कर्णावती यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट श्री रितेश हाडा ने कहा, ''कर्णावती यूनिवर्सिटी में हमारा निरंतर प्रयास है कि हम इनोवेशन के लिए प्लेटफार्म तैयार करें और युवाओं को डिजाइन में क्रिएटिव कदम उठाने दें।

## जाबरा ने लॉन्च किए फ्लेक्सिबल हाइब्रिड वर्किंग के लिए बने नए प्रोफेशनल ऑडियो प्रोडक्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दुनिया** के लीडिंग प्रोफेशनल ऑडियो ब्रांड जाबरा ने मॉर्डन हाइब्रिड वर्कर को सशक्त बनाने के लिए अपने प्रमुख हेडसेट और कॉन्फ्रेंस स्पीकर लाइन में नए प्रोडक्ट पेश किए है। जाबरा इवॉल्व सीरीज़ में इवॉल्व2 65 फलेक्स और इवॉल्व2 मिड-रेंज हेडसेट, इवॉल्व2 50 और इवॉल्व2 55 शामिल हैं, जो कहीं से भी काम करने में मदद करते हैं।

इस बीच, जाबरा स्पीक जो मार्केट लीडिंग प्रोफेशनल स्पीकरफ़ोन लाइन-अप है, वह जाबरा स्पीक2 75, स्पीक2 55 और स्पीक2 40 के साथ बढ़ाया गया है जो मोबाइल, फ्यूचरप्रूफ साउंट क्लिरैटी और क्वालिटी प्रदान करती है।

नया इवॉल्व2 हेडसेट यूजर को उनके फोकस को बनाए रखने के लिए सबसे उपयोगी और प्रोफेशनल सुविधाओं के साथ सशक्त बनाने के लिए है और उन्हें कॉल और मीटिंग लेने में सक्षम बनाता है, भले ही उनका एनवायरनमेंट कैसा भी हो। इसके अतिरिक्त, ब्रांड ने प्रोफेशनल यूज और म्यूजिक के लिए साउंट को ऑप्टिमाइज किया है, इसलिए जब ब्रेक का समय हो तो हेडसेट स्विच करने की कोई आवश्यकता नहीं है। जाबरा इवॉल्व 2 65 फ्लेक्स अनूठे फोल्ड-एंड-गो डिजाइन, कोलैप्सीबल हिंज्ड हेडबैंड, स्लिम-डाउन ईयरकप और छोटा हाइड-अवे बूम आर्म के साथ आता है। जाबरा वायरलेस ऑप्शन में, इवॉल्व2 55, और कॉर्डेड वर्जन इवॉल्व 2 50 के साथ एक्टिव नॉइस कैंसीलेशन (एएनसी) की प्रोफेशनल हेडसेट की विस्तृत श्रृंखला भी ला रहा है। सभी प्रोडक्ट सभी प्रमुख वर्चुअल मीटिंग प्लेटफ़ॉर्म जैसे माइक्रोसॉफ्ट टीम, गूगल मीट और जूम के लिए प्रमाणित हैं।

जाबरा के वाईस प्रेसिडेंट एवं मैनेजिंग डायरेक्टर-साउथ एशिया और हैड-पब्लिक सेक्टर पीटर जयसीलन कहते हैं कि ''जाबरा में, हम आज के ऐसे विकसित उपभोक्ताओं के लिए लगातार इनोवेटिव सॉल्यूशन प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं, जो काम और म्यूजिक दोनों के लिए आरामदायक, फ्लैक्सिबल और आसान प्रोडक्ट की तलाश में हैं। हम साउंड क्लिरिटी के महत्व को समझते हैं जो कहीं से भी काम करने की आजादी देता है। यही कारण है कि हम प्रो-ग्रेड सॉल्यूशन रेंज की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं।

## कैंसर के सफल उपचार में एनेस्थेसियोलॉजिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**एनेस्थेसियोलॉजिस्ट** यानी निश्चेतना विशेषज्ञ की भूमिका को सही तरह से नहीं समझा जाता है। यहां तक कि रोगियों और अन्य लोगों द्वारा भी इसे कम करके ही आंका जाता है। हालांकि कैंसर जैसी बड़ी सर्जरी में एनेस्थेटिक मैनेजमेंट की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी) में एनेस्थेसियोलॉजी के निदेशक डॉ. राजीव चावला ने कहा कि निरंतर शोध के परिणामस्वरूप कैंसर के मरीजों की जटिल जरूरतों को पूरा करने के लिए ओंको-एनेस्थेसियोलॉजी एक सुपर-स्पेशियलिटी की तरह विकसित हो रही है। वह आरजीसीआईआरसी में डिपार्टमेंट ऑफ एनेस्थेसियोलॉजी एंड क्रिटिकल केयर द्वारा आयोजित कंप्रेहेंसिव ओंको एनेस्थेसिया ट्रेनिंग (सीओएटी) प्रोग्राम 2023 के उद्घाटन सत्र में बोल रहे थे।

इस अवसर पर इंस्टीट्यूट रोटेरी कैंसर हॉस्पिटल, एम्स की प्रमुख प्रोफेसर सुषमा भटनागर ने 'ओंको-एनेस्थेसिया के भूत, वर्तमान एवं भविष्य' विषय पर अपने विचार रखे।

सीओएटी प्रोग्राम के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. अमित मित्तल और डॉ. शगुन शाह ने कहा कि कैंसर के इलाज के लिए प्रयोग होने वाली कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी इनवेसिव (शरीर पर चीरा लगाकर होने वाली) प्रक्रियाएं हैं। ऐसे में एक एनेस्थेसियोलॉजिस्ट सुनिश्चित करता है कि प्रक्रिया सुरक्षित और दर्दरहित हो।

एम्स दिल्ली, मेदांता इंस्टीट्यूट, इंद्रप्रस्थ अपोलो, सर गंगाराम हॉस्पिटल जैसे अग्रणी अस्पतालों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों की उपस्थिति में रोचक सत्रों के माध्यम से आरजीसीआई-कोट प्रोग्राम 2023 अकादमिक रूप से बहुत शानदार रहा। एमएएमसी, एलएचएमसी, यूसीएमएस, पीजीआईएमएस रोहतक जैसे विभिन्न मेडिकल कॉलेज से भी विशेषज्ञों ने इन सत्रों में हिस्सा लिया। देशभर से 120 से ज्यादा युवा एनेस्थेटिस्ट ने इसमें हिस्सा लिया। इसमें भारतीय रेलवे और ईएसआईसी समेत बड़े सरकारी संस्थानों के एनेस्थेटिस्ट भी शामिल रहे। उन सभी को यहां साझा की गई जानकारियों से लाभ मिला। ओंको-एनेस्थेसियोलॉजिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए डॉ. राजीव चावला ने कहा कि कैंसर के मरीज के इलाज की पूरी प्रक्रिया में ओंको-एनेस्थेसियोलॉजिस्ट चुपचाप साथ निभाने वाले दोस्त की भूमिका निभाता है, जो न केवल परेशानियों को कम करता है, बल्कि सुनिश्चित करता है कि कई इनवेसिव प्रक्रियाएं दर्दरहित हों।

## गुरुग्राम के डा. नकुल दलाल बने सेना में लेफ्टिनेंट

### गुरुग्राम के सेक्टर-4 में रहता है डा. नकुल का परिवार

**प्रवीन शर्मा।** गुरुग्राम


अपने लेफ्टिनेंट बेटे डा. नकुल दलाल के साथ पिता अशोक दलाल व मां सोनी दलाल।

**पिछले** महीने शादी के 25 बंसत पूरे करने वाले अशोक दलाल एवं सोनी दलाल के साथ पूरे परिवार को अब दूसरी बड़ी खुशी मिली है। उनके बेटे डा. नकुल दलाल सेना की मेडिकल कोर में लेफ्टिनेंट बन गये हैं। पुणे में आयोजित पासिंग आउट परेड के बाद उनका अधिकारिक रूप से सेना में पदार्पण हो गया। अपनी आंखों से बेटे को सेना की वर्दी में सेल्यूट करते देख माता-पिता की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

गुरुग्राम के सेक्टर-4 में रहने वाले अशोक दलाल मूलरूप से झज्जर जिला के गांव मांडोठी के निवासी हैं। नकुल दलाल गुरुग्राम में जन्मे हैं। व्यवसाय के चलते अशोक दलाल ने गुरू द्रोण की नगरी गुरुग्राम को चुना। पहचान ग्राफिक्स नाम से अपना व्यवसाय चलाने वाले अशोक दलाल के बड़ी पीढ़ियां भले ही गांव में रहते हुए धरती का सीना चीरकर फसलों के रूप में सोना उगाते रहे हों, लेकिन उन्होंने स्वयं का अपना एक अलग ध्येय बनाया। इसके बाद अपने बेटे नकुल दलाल को को देश की सेवा के लिए प्रेरित किया।

नकुल दलाल का भारत में सेना के एक मात्र मेडिकल संस्थान आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कालेज (एएफएमसी) में दाखिला कराया। वहां से नकुल ने एमबीबीएम की डिग्री करके अपने व अपने माता-पिता के सपनों को पूरा कर दिया। इन सपनों को पुणे में पासिंग आउट परेड में हकीकत होता देख परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं था। बेटे के तन पर सेना की वर्दी सजी देख माता-पिता खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। ये ऐसे पल थे, जिन्हें कोई भी माता-पिता जीवनभर नहीं भूल पाता। यहां उनके बेटे का सिर्फ जीवन नहीं बना, बल्कि भारतीय सेना को भी एक होनदार डाक्टर मिला है। उनसे देश को बहुत उम्मीदें हैं।

## कॉलेजदेखो सारथी : मेगा कॅरियर गाइडेंस एंड कॉलेज एडमिशन फेयर

### नौकरी के आश्वासन के साथ कॉलेज मार्गदर्शन, एडमिशन और डिग्री के साथ छात्रों की सहायता के लिए मल्टी-सिटी फेयर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**कॉलेजदेखो,** भारत का सबसे बड़ा और सबसे विश्वसनीय हायर एजुकेशन इकोसिस्टम है। कॉलेजदेखो ने सारथी-मेगा एडमिशन फेयर के शुभारंभ की घोषणा की है ताकि कॉलेज एडमिशन, डिग्री और जॉब लेने की यात्रा को आसान बनाया जा सके। यह 6 मई और 7 मई 2023 को उत्तर प्रदेश के मेरठ में ग्रैंड ऑरा बैंक्वेट में आयोजित होने वाला है। यह एक मल्टी-सिटी इवेंट होगा जो 2 महीने तक चलेगा। मेला छात्रों के लिए नि:शुल्क है और इसका उद्देश्य छात्रों के लिए हायर एजुकेशन जर्नी को आसान बनाना है। फेयर प्रत्येक शहर में दो दिनों तक आयोजित किया जाएगा।

भारत में 52,000 से अधिक कॉलेज हैं, जिससे छात्रों के लिए विभिन्न विकल्पों का चयन करना और उनकी हायर एजुकेशन और करियर की संभावनाओं के बारे में बेहतर निर्णय लेना बेहद कठिन बन जाता है। कॉलेजदेखो सारथी छात्रों को भारत और विदेश के 1500 से अधिक कॉलेजों में प्रवेश पाने का अवसर प्रदान करता है, कॉलेजदेखो के उच्च प्रशिक्षित सलाहकारों द्वारा व्यक्तिगत रूप से मुफ्त में छात्रों को निर्देशित किया जाता है। कंपनी ने अपने सभी प्लेटफॉर्म पर 1.30 लाख से अधिक छात्रों को एडमिशन दिलाते हुए 85 लाख से अधिक छात्रों की काउंसलिंग की है।

कॉलेजदेखो सारथी छात्रों के लिए अपने करियर से संबंधित चिंता को समाप्त करने और जॉब एश्योरेंस के साथ चुनिंदा पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने का एक बेहतर अवसर है। मेला छात्रों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा। एंट्री गेट पर मौजूद क्यूआर कोड को स्कैन करने के बाद ईमेल या व्हाट्सएप के माध्यम से छात्र इवेंट पास प्राप्त कर सकेंगे।

फेयर के बारे में बोलते हुए, कॉलेजदेखो के सीईओ रुचिर अरोड़ा ने कहा, ''कॉलेजदेखो ने पाया कि भारत के टियर 2 और टियर 3 शहरों में रहने वाले छात्रों के लिए कोई प्रोफेशनल काउंसलिंग उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण हम इस तरह के मेले का आयोजन कर रहे हैं। कंपनी हमेशा छात्र के हितों को प्राथमिकता देती है। कॉलेजदेखो सारथी छात्रों को अपने भविष्य के बारे में बेहतर निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाने का एक प्रयास है।'' कॉलेजदेखो की वेबसाइट छात्रों को कोर्स और 35,000 से अधिक कॉलेजों के बारे में उपयोगी जानकारी प्रदान करती है।

विश्व अस्थमा दिवस आज

# गर्भवती के स्मोकिंग से गर्भस्थ बच्चे को अस्थमा का जोखिम : डॉ छाबरा

## बलगम से सिकुड़ने लगती हैं सांस नलियों की मांसपेशियां

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**विश्व** स्तर पर अस्थमा से बचाव और रोकथाम के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल विश्व अस्थमा दिवस मनाया जाता है। इस बारे में मैरिंगो एशिया अस्पताल से श्वास रोग विभाग के डायरेक्टर डॉ. गुरमीत सिंह छाबरा ने कहा कि ब्रोन्कियल अस्थमा हमारी छाती में सांस की नलियों की बीमारी है। अगर हमारी सांस की नलियों की अन्दर की स्किन में सूजन हो और ऐसे में अस्थमा को बढ़ाने वाले कारक जैसे हवा में मौजूद पॉलेन (पराग), धूल-मिट्टी या फंफूद इस स्किन के संपर्क में आते हैं तो इससे सांस की नलियों में सिकुड़न बन जाती है। वहां बलगम बनने लगता है और सांस की नलियों की मांसपेशियां भी सिकुड़ने लगती हैं। जिससे मरीज को सांस लेने में तकलीफ होने लगती है। फिर छाती में से सांय-सांय की आवाज भी आने लगती है। यह बीमारी आमतौर पर आनुवंशिक होती है।

अगर गर्भवती महिला स्मोकिंग करती है तो उसके गर्भ में पल रहे बच्चे को भी भविष्य में अस्थमा का



डॉ. गुरमीत सिंह छाबरा

जोखिम बढ़ सकता है। किसी अन्य व्यक्ति द्वारा स्मोकिंग करने पर निकलने वाले धुएं के संपर्क से भी बच्चों को अस्थमा का खतरा हो सकता है। रोजाना ओपीडी में 30-40 प्रतिशत मरीज अस्थमा के होते हैं, इनमें जवान लोग और बच्चे ज्यादा होते हैं। आमतौर पर बुजुर्ग लोगों में क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) की समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। आजकल अस्थमा के मरीज बढ़ रहे हैं, क्योंकि बैशाख के मौसम में पेड़ों के पॉलेन (पराग) बढ़ जाते हैं। अस्थमा उन लोगों में ज्यादा गंभीर हो सकता है जो अस्थमा मरीज अपनी दवाइयां ठीक से नहीं लेते हैं। अनियंत्रित अस्थमा में मौसम के बदलाव से भी मरीज को सांस का अटैक पड़ सकता है। अगर किसी व्यक्ति को अस्थमा को जोखिम ज्यादा है और वह फ्लू के वायरस से संक्रमित हुआ है तो उसे भी अस्थमा का अटैक आ सकता है क्योंकि फ्लू का इन्फेक्शन सीधा सांस की नलियों को प्रभावित करता है। अगर यह मरीज कोरोना, फ्लू का वैक्सीन ले चुका है तो उसमें अस्थमा के गंभीर होने की संभावना कम हो जाती है। अगर मरीज ने कोरोना, फ्लू का वैक्सीन नहीं लगवाया है और निमोनिया बना हुआ है। ऐसे में कोविड या फ्लू का संक्रमण होता है तो फिर अस्थमा का गंभीर अटैक आ सकता है।

### फेस मास्क का इस्तेमाल करें

**सलाह :** जिन लोगों या बच्चों को अस्थमा का खतरा ज्यादा है, वे घर के अन्दर रहें। घर के दरवाजे एवं खिड़की बंद करके रखें क्योंकि मौजूदा मौसम में हवा में पॉलेन (पराग) ज्यादा बढ़ रहे हैं। अगर आपको घर में पालतू पशु से भी एलर्जी होती है तो उससे दूर रहें। घर से बाहर निकलने के दौरान फेस मास्क का इस्तेमाल करें। बाहर से घर में आने के बाद स्नान करें और अपने कपड़ों को को बदल देना चाहिए क्योंकि आपके कपड़ों, स्किन पर पॉलेन (पराग) हो सकता है। जिससे आपकी अस्थमा की समस्या बढ़ सकती है, वैक्सीन लगवाएं। अपनी दवा समय पर लेते रहें। समय-समय पर डॉक्टर की सलाह अनुसार पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट भी करा सकते हैं।

# अस्थमा से बचने के लिए धूम्रपान से बचना जरूरी : डॉ. रवि शेखर

## डॉ. रवि शेखर झा ने कहा, 38 मिलियन अस्थमा रोगी हैं पूरे भारत देश में

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**दुनियाभर** में 300 मिलियन से अधिक लोग अस्थमा से पीड़ित हैं। इनमें से करीब 38 मिलियन अस्थमा रोगी भारत में हैं। ऐसा देखा गया है कि वायु प्रदूषण तथा दवाओं तक पहुंच के अभाव में निम्न एवं मध्यम आय-वर्गों के लोगों में अस्थमा की वजह से रुग्णता और मृत्यु के अधिक मामले सामने आते हैं। असमय मृत्यु की वजह से कितने ही युवा अपनी जान से हाथ धो बैठते हैं और अस्थमा के मरीज बच्चों को बीमारी की वजह से स्कूली पढ़ाई से वंचित रहना पड़ता है, जबकि युवा आबादी अस्थमा के हमले के कारण काम पर नहीं जा पाते।

अस्थमा मुख्य रूप से एलर्जी जनित रोग है, लेकिन कई बार कुछ अस्थमा रोगी ऐसे भी होते हैं जिनके मामले में किसी प्रकार की एलर्जी का पता नहीं चल पाता। कई बार उम्र बढ़ने और कुछ लोगों में वृद्धावस्था की वजह से भी अस्थमा होता है।

धूम्रपान के कारण भी अस्थमा अटैक होता है, लेकिन हाल के वर्षों में, वायु प्रदूषण को अस्थमा के एक बड़े कारण के रूप में देखा जाने लगा है। वायु प्रदूषण के अलावा, वायरल इंफेक्शन, इन्हेलर का गलत इस्तेमाल, परागकण (पॉलन्स), मौसम में बदलाव और कुछ तीखी गंध भी अस्थमा का कारण बनते हैं। यह अस्थमा रोगी के साथ उठने-बैठने या साथ खाना खाने से नहीं होता लेकिन एलर्जिक रोगों के पीछे कुछ आनुवांशिक वजह हो सकती है। अस्थमा के आरंभिक लक्षणों को पहचानना जरूरी है ताकि जल्दी उपचार शुरू कर बेहतर नतीजे प्राप्त किए जा सकें, क्योंकि ज्यादातर अस्थमा रोगियों में एलर्जिक हिस्ट्री देखी गई है, मरीज़ों को अक्सर सीने में कसावट, सांस फूलने, खराश और घरघराहट, तथा खांसी की शिकायत होती है जो रात में या सुबह के समय ज्यादा बिगड़ सकती है। एलर्जी के अन्य परिणामों के तौर पर, नाक बहना, छींक आना, और त्वचा में रैश आदि भी दिखायी पड़ सकते हैं। यदि समय पर इलाज किया जाए तो अस्थमा को आसानी से नियमित किया जा सकता है।

# सीखने से होता है नेतृत्व करने का विकास : प्रोफेसर राणा



विद्यार्थियों से संवाद करतीं डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. ज्योति राणा।

## श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में नेतृत्व विकास और व्यवसायिक उत्कृष्टता के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**श्री** विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. ज्योति राणा ने कहा कि जीवन में सीखने का सबसे ज्यादा महत्व है। सीखने की प्रक्रिया से ही नेतृत्व का विकास होता है। इसलिए हमें हमेशा अपने व्यक्तित्व में सीखने के जरिए गुणवत्ता का समावेश करना चाहिए। प्रो. राणा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहीं थीं।

इंडस्ट्री और एकेडमिक परिवेश के बीच अंतराल को खत्म करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यशाला में कई विशेषज्ञों ने प्रबंधन के विद्यार्थियों को गुर सिखाए। प्रो. ज्योति राणा ने इस मौके पर कहा कि किसी भी कार्य को उत्साह के साथ करना चाहिए। हमारी सक्रियता परिणामों को बदल सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को हमेशा बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में विद्यार्थियों की नेतृत्व क्षमता को विकसित करने के बारे में विस्तार से बताया गया।

विश्वविद्यालय के इंडस्ट्री इंटीग्रेशन के उप निदेशक अमित अमैया ने विद्यार्थियों को एमओयू लेखन कला के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यशाला की संयोजक डॉ. श्रुति गुप्ता ने कहा कि श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों में नेतृत्व विकास से लेकर उनमें व्यवसायिक क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है। इसी उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की संयोजक दूसरी डॉ. अंशिका अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को नेतृत्व कौशल, वार्ता कौशल, लिखित एवं मौखिक कौशल, प्रस्तुति कौशल, एचआर, टेंडरिंग और खरीद प्रक्रिया से लेकर ई फाइलिंग के बारे में गुर सिखाए गए।

## पिटाई से क्षुब्ध युवक ने फांसी लगाई, पांच पर मामला दर्ज

**फरीदाबाद।** शिव दुर्गा विहार में पिटाई से क्षुब्ध युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने इस मामले में तीन महिला सहित पांच लोगों पर उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने की धाराओं के तहत मुकदमा किया है। शिव दुर्गा विहार में रहने वाली सोनल ने पुलिस को बताया है कि उसका पति अनिकेश परचून की दुकान पर नौकरी करता था। सोनल भी एक फैक्ट्री में नौकरी करती है। दुकान मालिक ने अनिकेत को रुपयों का तकाजा करने के लिए वीना नाम की महिला के घर भेजा था। आरोप है कि तकाजा करने पर वीना बुरा मान गई और उसने अपने किरायेदार कुलदीप, टिंकू, प्रीति और सविता के साथ मिलकर अनिकेत को बुरी तरह पीटा था। क्षुब्ध होकर अनिकेत ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने वीना, कुलदीप, टिंकू, प्रीति व सविता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है ।

# सेक्टर-10-12 पर बनी सड़क व साइकिल ट्रैक निर्माण में हुआ बड़ा घोटाला : सुमित गौड़

## कांग्रेसी नेता सुमित गौड़ ने साइकिल ट्रैक पर बैठ कर भाजपा सरकार पर लगाए आरोप

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुमित गौड़ ने सेक्टर-10-12 पर बनी सड़क व साइकिल ट्रैक निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने सांठगांठ करके भ्रष्टाचार की तमाम हदें को पार करते हुए जनता की खून पसीने की कमाई को लूटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपाईयों की इस स्वयंभू स्मार्ट सिटी में विकास के नाम पर केवल मोटा घोटाला हुआ है और मंत्री-विधायक व पार्षद सभी इसमें संलिप्त है, लेकिन कांग्रेस पार्टी



ट्रैक पर साइकिला चलाते सुमित गौड़

भाजपा सरकार ऐसे भ्रष्टाचार को जनता के समक्ष उजागर करती रहेगी। सुमित गौड़ सोमवार को साइकिल ट्रैक पर बैठकर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रूप से चेयरमैन अशोक रावल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संजय सोलंकी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अनिल कुमार नेताजी, कांग्रेसी नेता बाबूलाल रवि, युवा समाजसेवी वरूण श्योकंद, युवा कांग्रेसी नेता वरूण बंसल, राजकुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

सुमित गौड़ ने कहा कि 2900 स्केयर मीटर यानी 2.5 किलोमीटर के साइकिल ट्रैक व सड़क निर्माण के लिए 28 करोड़ 48 लाख 19 हजार का बजट बनाया गया और हैरानी की बात है कि घास लगाने के नाम पर भी 28 लाख का बजट निर्धारित किया गया। जबकि सच्चाई तो यह है कि पेड़ों के नीचे घास कैसे लगेगी, यह सोचनीय विषय है। उन्होंने ट्रैक पर साइकिल चलाते हुए कहा कि यह अधूरा छोड़ दिया गया है और इस ट्रैक के आसपास इतना कूडा कचरा है, जिसे देखकर प्रतीत होता है कि यह ट्रैक है या फिर कचरे का ढेर।

# श्रमिकों का देश की उन्नति में अहम योगदान : भड़ाना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**देश** की उन्नति में श्रमिकों का अहम योगदान है। श्रमिक ही अपनी मेहनत एवं श्रम के बल पर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का काम करते हैं। मगर, प्रदेश की भाजपा सरकार ने श्रमिकों की आवाज को दबाने और उनका शोषण करने का काम किया है।

ये विचार आम आदमी पार्टी के नेता धर्मवीर भड़ाना ने श्रमिक दिवस के मौके पर बड़खल गुड़गांव रोड स्थित जिला कार्यालय पर श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहे। इस



श्रमिकों को मिठाई बांटते धरमवीर भड़ाना

मौके पर धर्मबीर भड़ाना एवं रणधीर भड़ाना ने श्रमिकों को फल एवं कपड़े वितरित किए और कहा कि मजदूर ही किसी भी संस्थान की धुरी होता है। आज मजदूर दिवस के मौके पर उन्होंने मजदूरों को बधाई दी और कहा कि आप किसी भी संस्थान में काम कर रहे हों, आप पूरी ईमानदारी एवं शिद्दत के साथ काम करें। भड़ाना ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने मजदूरों को बेवकूफ बनाने का काम किया है। युवाओं को स्थाई नौकरी देने की बजाय उनको कौशल विकास योजना के तहत काम दिया जा रहा है। जिसमें न तो कर्मचारियों का कोई स्थायित्व है और न ही उनको कोई सुरक्षा है। आज मजदूर दिवस के मौके पर प्रत्येक विभाग बिजली, निगम, हुडा, आंगनवाड़ी, आशा वर्कर, टूरिज्म, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे होते हैं।

# राष्ट्रीय सम्मेलन में महापुरुषों के जीवन चरित्र को अपनाने पर चर्चा की

## अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में आयोजित किया गया सम्मेलन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ में राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में राजनीतिक विचारकों के योगदान पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के मार्गदर्शन व नेतृत्व में किया गया। इस सम्मेलन को महानिदेशक उच्च शिक्षा, हरियाणा द्वारा अनुमोदित किया गया था। कार्यक्रम का प्रारंभ दीपशिखा प्रज्ज्वलन एवं पौधा देकर अतिथियों के सत्कार के साथ हुआ।

प्राचार्य ने कहा कि सम्मेलन एक मंच प्रदान करेगा। शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और छात्रों के बीच बातचीत को सक्षम करेगा। सम्मेलन का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम में हमारे महान राजनीतिक विचारकों, कार्यकर्ताओं और स्वतंत्रता सेनानियों



सम्मेलन में पुस्तिका का विमोचन करते शिक्षाविद्।

के योगदान पर चर्चा और प्रशंसा करना है।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, फरीदाबाद के निदेशक व सेवानिवृत्त प्राचार्य डीएवी शताब्दी महाविद्यालय से डॉ. सतीश आहूजा रहे। जिन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में राजनीतिक विचारकों के योगदान का अध्ययन करने से हमें अपने देश के इतिहास को समझने में मदद मिलती है। उन्होंने मां सरस्वती के सात रूप- पानी, वाणी, समय, शब्द, संगीत, ज्ञान व वाकपटुता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने रविंद्रनाथ टैगोर, लोकमान्य तिलक, गंगाधर राव, दयानंद सरस्वती, महात्मा हंसराज इत्यादि विचारको और चिंतकों के विचारों से मां सरस्वती के सात रूपों को अपनाने व जीवन में उतारने पर चर्चा की।

बीज वक्ता डॉ. चारू माथुर, एसोसिएट प्रोफेसर, आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के राजनीतिक विचारकों द्वारा प्रतिपादित विचार और सिद्धांत आज भी लोगों को प्रेरित करते हैं। उन्होंने चाणक्य नीति, मनुस्मृति, मार्क्सवाद, गैलेलियो, राजा राममोहन राय के पुनर्जागरण, दयानंद सरस्वती के आर्य समाज और वेदों की ओर लौटो, विवेकानंद का आध्यात्मिक विचार, महात्मा ज्योतिबा फूले और सावित्रीबाई फूले की स्त्री शिक्षा और जाति प्रथा, पंडिता रमाबाई, दादाभाई नौरोजी, लाल-बाल-पाल, अरविंद घोष, महात्मा गांधी, रवींद्रनाथ टैगोर, डॉ. भीमराव अंबेडकर, इकबाल, नेहरू, जयप्रकाश नारायण, जय प्रकाश लोहिया इत्यादि राजनीतिक विचारकों के ऋणी हैं। इन्हीं के पथ पर चलकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकते हैं।

# सेक्टर 21-ए में लापरवाही के चलते हुडा शॉपिंग सेंटर में गंदगी का साम्राज्य



सेक्टर-21ए में मार्केट के सामने गंदगी का ढेर।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शहर** के पॉश कहे जाने वाले सेक्टर 21-ए के हुडा शॉपिंग सेंटर में चौतरफा गंदगी पसरी रहने से यहां आने वाले ग्राहकों एवं स्थानीय निवासियों का माथा ठनका हुआ है। नियमित रूप से समय-समय पर मार्केट का कूड़ा नहीं उठाए जाने से वातावरण प्रदूषित हो रहा है।

समाजसेवी युगल किशोर शर्मा ने बताया कि सेक्टर 21-ए हुडा मार्केट शॉपकीपर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। हुडा मार्केट शॉपकीपर्स एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट एवं शुभ मेडिकल के संचालक रोहित नारंग ने बताया कि हमें नगर निगम में बार-बार शिकायत भेजने के बावजूद भी कोई सहयोग नहीं मिल रहा है। दुकानदार कलेक्शन देकर कूड़ा फेंक पाने के लिए एकमत नहीं हैं। गोलू जूस विक्रेता ने बताया कि गंदगी की वजह से उनके पास आने वाले ग्राहकों को भी परेशानी महसूस होती है। दूसरी ओर वैलफेयर कल्चरल एंड रीक्रिएशनल एसोसिएशन ने भी सफाई के प्रति उदासीन रवैया अपना रखा है। लोगों का कहना है कि दोनों एसोसिएशन तालमेल बिठाकर सेक्टर में गंदगी का साम्राज्य खत्म करवाएं। साथ ही नगर निगम सफाई कर्मियों, सफाई अधीक्षक आदि से अपेक्षा है स्वच्छ वातावरण, स्वस्थ वतन की अवधारणा को आगे बढ़ाने के लिए सफाई को प्राथमिकता देते हुए कर्तव्य का निर्वहन करें।

## संक्षिप्त समाचार

### बीके स्कूल में मनाया गया वृद्धजन सम्मान दिवस



बीके स्कूल में अव्वल छात्रों के साथ वृद्धजन।

**फरीदाबाद।** बीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल शिव विहार पलवल में वृद्धजन सम्मान दिवस आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सुखबीर सिंह तवर डिप्टी डीईओ पलवल, विशिष्ठ अतिथि के रूप में मामराज खंड शिक्षा अधिकारी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश भारद्वाज अध्यक्ष बीके एजुकेशन सोसाइटी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत नरोत्तम कौशिक ने दीप प्रज्ज्वलन करके की। जिसका विषय बुजुर्गों का सम्मान ही घर का स्वर्ग है, था। जिसमें 12 स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और सभी ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। निर्णायक गण की भूमिका महेंद्र गर्ग ने निभाई, जिसमें प्रथम स्थान पर हितिशा आर्य केसीएम स्कूल, द्वितीय स्थान पर कंचन एमबीएन स्कूल, तृतीय स्थान पर भूमि बीके स्कूल और आदित्य केसीएम स्कूल तथा सांत्वना पुरस्कार दीक्षा शर्मा सेंट सीआर स्कूल ने प्राप्त किया। स्कूल के प्रधानाचार्य सतीश कौशिष ने बताया कि आज उनके पिताजी बाल किशनजी की पुण्यतिथि वृद्धजन सम्मान दिवस के रुप में मनाई जा रही है। उन्होंने बताया जिस घर में बुजुर्गों का सम्मान होता है, वही घर सबसे बड़ा धनवान है। बुजुर्गों का सम्मान ही घर का स्वर्ग है। ऐसा बताते हुए उन्होंने कहा बुजुर्गों की सेवा करना ही हम सबका परम धर्म है। उनका आशीर्वाद मिलना हमारे लिए वरदान से कम नहीं है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सतवीर पटेल, रवि दत्त शर्मा, अनिल मोहन, हेम मंगला, डॉक्टर ताराचंद शर्मा, अनिल भारद्वाज, भगवत सिंगला, सुभाष चंद्र भी उपस्थित रहे।

### एसपीएस इंटरनेशनल के 10 छात्रों ने पास की जेईई मेन की परीक्षा



परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों के साथ चेयरमैन सुरेश भारद्वाज

**पलवल।** जेईई मेन की परीक्षा परिणामों में एसपीएस इंटरनेशनल के छात्रों ने अपनी जगह बनाई। विद्यालय के 10 छात्रों ने जेईई मेन की परीक्षा पास की। विद्यालय की छात्रा प्राची शर्मा ने (96.8), पार्थ कौशिक (96.7), प्रीत डागर (95), अमित (94.7), रूद्र नाथ मिश्र (94.5), चेतना (91) मनोज, उत्तम, मयंक और अभिषेक ने सफलता सूची में अपना नाम दर्ज कराया। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन सुरेश भारद्वाज, निदेशक रोहित भारद्वाज, प्रबंधक चेतन भारद्वाज और प्राधानाचार्य ने उन्हें तथा उनके अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्रों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए उपलब्धि का श्रेय विद्यालय की प्रबंधन समिति, लगनशील व कर्मठ अध्यापकों और अभिभावाकों के सहयोग को दिया।

### विश्वंभरा सेवा न्यास के वार्षिक कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



कार्यक्रम में प्रस्तुत देते बच्चे।

**फरीदाबाद।** ग्रीन फील्ड कॉलोनी में विश्वंभरा सेवा न्यास द्वारा संचालित सिंधु शिक्षा सदन में विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए आयोजित वार्षिक उत्सव संपन्न हुआ। बच्चों की बेहतर परवरिश और उनकी शिक्षा के लिए कार्यरत ट्रस्ट फरीदाबाद जिले में बच्चों को सशक्त बनाने के लिए वार्षिक कार्यक्रम आयोजित करता है। बच्चों द्वारा समूह नृत्य, एकल नृत्य, नुक्कड़ नाटक एवं देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। राष्ट्रीय स्वयं सेविका समिति की अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख शरद रेणु, उद्योगपति विदुर कुमार सोनी, हरियाणा महिला आयोग चेयरपर्सन रेणु भाटिया एवं अन्य लोगों द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके अतिरिक्त कमलेश सेठ, सुमन अरोड़ा, बृज किशोरी, रीता गुप्ता, अंजू सिंगला, वंदना शर्मा, रजनी गुलाटी, सुषमा तोलम्बिया, ममता मलिक, अनीता शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। विश्वंभरा सेवा न्यास संस्कार केंद्र के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रदर्शनों, नुक्कड़ नाटक, देशभक्ति, कविता पाठ एवं देशभक्ति गीत गाकर इस कार्यक्रम को औपचारिक रूप से आगे बढ़ाया गया। राष्ट्रीय स्वयं सेविका समिति की अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख शरद रेणु ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रत भारत और इसके विकास के चरणों के बारे में बताया। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों को उनके बलिदान के लिए नमन किया। बच्चों को भारत के इतिहास के बारे में और नए अनुभव प्राप्त करने में स्वयं को भागीदार बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अमृत महोत्सव, डिजिटल इंडिया के बारे जानकारी देते हुए उपस्थित बच्चों एवं छात्रों से शिक्षा के साथ-साथ संस्कार को आत्मसात करते हुए अधिक रिसर्च कार्य करने का आग्रह किया।

### विश्व मजदूर दिवस पर कर्मचारियों को किया सम्मानित



कर्मचारियों को सम्मानित करते शिक्षक

**फरीदाबाद।** विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस यानी वर्ल्ड लेबर डे मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के बीच इस दिन का उद्देश्य बताने के लिए निबंध व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं विद्यालय में ईमानदारी, लगन और मेहनत से कार्य करने वाले 30 से 40 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक दीपक यादव ने कहा कि एक मई अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को मनाने के पीछे का खास मकसद होता है दुनिया भर में मौजूद मजदूरों, श्रमिकों द्वारा किए जाने वाले प्रत्येक कार्यों, उनकी मेहनत, उनकी उपलब्धियों के प्रति सम्मान व्यक्त करना। दीपक यादव ने कहा कि मजदूर दिन मनाने का सही उद्देश्य तभी है, जब हर मजदूर रोज रोटी मिले। वहीं श्रमिकों की सराहना करते हुए कहा कि मजूदर हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग माना गया है। सही मायने में श्रमिक हमारे जीवन को सरल बनाने में सहयोग करते है। हम सभी को श्रमिकों का सम्मान करना चाहिए। विद्यालय के चेयरमैन धर्मपाल यादव ने कहा कि देश के भाग्य निर्माण में श्रमिक समाज की भूमिका रहती है। प्रदेश सरकार की तरफ से श्रमिकों के लिए तमाम कारगर योजनाएं चलाई हुई है। जिसको श्रमिक समय-समय पर फायदा लेते हैं। जिसके कारण हम सभी समस्याओं, परेशानियों में सुधार लाते हैं।

## घृणापूर्ण भाषण
### सुप्रीम कोर्ट का फैसला

**सुप्रीम कोर्ट** ने राज्यों तथा पुलिस को आदेश दिया है कि वे स्वत: 'घृणापूर्ण भाषण' के खिलाफ कार्रवाई कर सकते हैं, लेकिन इस फैसले से विवाद खड़े हो सकते हैं। हालांकि, घृणापूर्ण भाषण की बढ़ती प्रवृत्ति पर सर्वोच्च न्यायालय की चिन्ता प्रशंसनीय है। यह प्रवृत्ति सार्वजनिक बहस में गिरते मानकों का नतीजा है। ऐसे अनेक नेता व व्यक्ति हैं जो सभ्यतापूर्ण शब्दों का प्रयोग करने में विश्वास नहीं करते हैं और निन्दनीय बयान देते हैं जिसके परिणामस्वरूप लोगों की भावनायें आहत होती हैं और अक्सर गुस्सा भड़कता है। ऐसे बयान इसी प्रकार के अन्य बयानों को उकसाते हैं। प्रचार पाने की इच्छा रखने वाले अक्सर भड़काऊ बयान देते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने सार्वजनिक निन्दाजनक बयानों पर अपनी अप्रसन्नता व्यक्त की है। शुक्रवार को सर्वोच्च न्यायालय ने 2022 में दिए अपने आदेश का विस्तार कर सभी राज्यों व संघशासित क्षेत्रों को आदेश दिया कि वे घृणापूर्ण भाषणों पर स्वत: कार्रवाई करें। पिछले साल दिया आदेश केवल दिल्ली, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के लिए था। अब पुलिसजनों की घृणापूर्ण भाषणों पर स्वत: कार्रवाई की जिम्मेदारी है और अदालत ने चेतावनी दी है कि ऐसा न करना अदालत की अवमानना समझा जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय उचित ही घृणापूर्ण भाषण की बढ़ती प्रवृत्ति से चिन्तित है। उसने कहा है कि इससे 'देश का पंथनिरपेक्ष ढांचा प्रभावित हो सकता है।' सर्वोच्च न्यायालय की सार्वजनिक जीवन में सभ्यता व गरिमा के प्रति चिन्ता स्वाभाविक है, पर इसके अनजाने परिणाम हो सकते हैं। सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से इससे सरकार और पुलिस की शक्तियां बढ़ जाएंगी।



सभी जानते हैं कि सरकार तथा पुलिस के निर्णय अक्सर केवल प्रशासन के सरोकारों से निर्देशित होने के साथ ही राजनीतिक उद्देश्यों से भी निर्देशित हो सकते हैं। कानून-व्यवस्था पर नियंत्रण राज्यों के अधिकार क्षेत्र में आता है। अतीत में ऐसे अनेक उदाहरण हैं जब पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 296ए व 153ए के अंतर्गत राजनेताओं तथा संबंधित राज्य सरकारों का विरोध करने वालों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज किए। कोई आपराधिक मामला न केवल किसी की स्वतंत्रता बाधित करता है, बल्कि यह उसके लिए अनेक परेशानियों का कारण भी बन सकता है। मामला दर्ज होने पर वकील की सेवायें लेना, जमानत कराना, समुचित जमानत देने में सक्षम जमानतदार की व्यवस्था करना तथा मुकदमे की हर तारीख पर व्यक्तिगत रूप से हाजिर होना, आदि इनमें शामिल हैं। कहा जाता है कि इस प्रकार प्रक्रिया ही दंड बन जाती है। ऐसी कार्रवाईयों के लिए अक्सर 'सार्वजनिक सहभागिता के खिलाफ रणनीतिक मुकदमा'-स्लैप शब्द का प्रयोग किया जाता है। इसके पीछे मुकदमा जीतने के बजाय विरोधी को खामोश करने का इरादा होता है। सर्वोच्च न्यायालय के नवीनतम निर्णय से 'स्लैप के डंक' की संभावना बढ़ जाती है। चूंकि पुलिस संबंधित राज्यों में अपने राजनीतिक आकाओं के आधीन होती है, इसलिए वे राज्य सरकारों को नापसंद व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमे दायर करने में न केवल राज्य सरकारों की बात मानेंगे, बल्कि सत्तारूढ़ दल या पार्टी कार्यकर्ताओं के भड़काऊ भाषणों को अनदेखा भी कर सकते हैं। इस प्रकार कानून के शासन का अर्थ 'कुछ लोगों का शासन' में बदल सकता है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि वह 'व्यापक सार्वजनिक हित' में तथा 'कानून का शासन' सुनिश्चित करने के लिए देश के अनेक भागों से घृणापूर्ण भाषणों के खिलाफ याचिकायें सुन रहा है। दुर्भाग्य से घृणापूर्ण भाषणों के संबंध में उसका नवीनतम आदेश न्यायाधीशों के उद्देश्यों के विपरीत भी जा सकता है।।

# हत्यारे की सजा घटाना अनुचित

कृष्णैया की दिनदहाड़े हत्या के दोषी आनन्द मोहन की समय पूर्व रिहाई आईएएस अधिकारी के परिवार व न्याय तथा सरकारी कर्मचारियों को धक्का है।



**राघव चंद्रा**
(लेखक, भारत सरकार के सेवानिवृत्त सचिव हैं)



अपना कर्तव्य निभा रहे सरकारी कर्मचारी की उग्र भीड़ द्वारा सार्वजनिक स्थल पर दिनदहाड़े हत्या से अधिक जघन्य और कोई अपराध नहीं हो सकता है। ये सरकारी कर्मचारी जिले के सर्वोच्च कार्यकारी अधिकारी जिलाधीश थे तथा भीड़ का नेतृत्व एक निर्वाचित राजनेता कर रहा था। इससे यह मामला और अधिक आश्चर्यजनक तथा महत्वपूर्ण हो जाता है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी व बिहार के गोपालगंज में तत्कालीन जिलाधिकारी की 5 दिसंबर, 1994 को हत्या की गई थी। यह मामला सार्वजनिक प्रशासन के दृष्टिकोण से अपनी संवेदनहीनता, क्रूरता व बेशर्मी के कारण जलियांवाला बाग त्रासदी के समान है। ऐसे में स्वाभाविक रूप से देश भर के सिविल सर्वेन्ट जेल में बंद अपराधी आनन्द मोहन की समय से पहले रिहाई के कारण व्यथित हैं। यह न केवल न्याय तथा अधिकारी के परिवार के प्रति अन्याय है, बल्कि यह देश भर के सिविल सर्वेन्टों के मुंह पर तमाचे की तरह है। यदि इस निर्णय को बने रहने दिया गया तो इसका सिविल सेवाओं पर स्थाई व निराशाजनक प्रभाव पड़ेगा।

इससे सिविल सर्वेन्ट हमेशा के लिए हतोत्साहित हो जाएंगे। कृष्णैया एक निर्बल सामाजिक पृष्ठभूमि वाले दलित थे। हालांकि, इससे यह मामला अधिक महत्वपूर्ण नहीं हो जाता है क्योंकि अपना कर्तव्य निभा रहा कोई भी सिविल सर्वेन्ट 'जातीय पहचान' से ऊपर होता है तथा वह केवल संविधान के प्रति प्रतिबद्ध होता है। सिविल सर्वेन्ट सरकारी ढांचे में रीढ़ की हड्डी की तरह होते हैं जो पूरे ढांचे को एकसाथ बांधे रख कर परस्पर संबंध बनाए रखने तथा सभी अंगों को मजबूत करने का काम करते हैं। सरदार पटेल ने सिविल सर्वेन्टों का महत्व पहचाना था। उनको अपने दृष्टिकोण में निष्पक्ष व न्यायोचित होने की सलाह देने के साथ ही उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि सरकारों को सिविल सर्वेन्टों को प्रसन्न व संतुष्ट रखना जरूरी है ताकि वे अपना सर्वोत्तम योगदान कर सकें। अमेरिका में सार्वजनिक प्रशासन के जन्मदाता माने जाने वाले वुडरो विल्सन ने सिविल सेवा के महत्व व उसकी पवित्रता के बारे में विस्तार से अपनी बातें रखी हैं।

इसके बावजूद कानून का घोर उल्लंघन करते हुए जिला मजिस्ट्रेट की हत्या के दोषी व्यक्ति को समय पूर्व रिहा किया गया है। अनेक कानूनी आधार इस सजा को घटाना अनुचित सिद्ध करते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि हत्या के दोषी व्यक्ति के लिए आजन्म कारावास एक नियम है और मृत्यु दंड अपवाद है। इसके साथ ही घटना की जघन्यता तथा अन्य परिस्थितियों पर भी गौर किया जाना चाहिए। पंजाब में हत्याओं के कुख्यात माछी सिंह मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने 'समुदाय' की अवधारणा पर विचार किया था। उसने स्वयं को समुदाय की जगह रख कर अपराधी को मृत्यु दंड देते हुए 'सामूहिक चेतना' की बात भी कही थी। इसके साथ ही सर्वोच्च न्यायालय ने उन आयामों पर भी विचार किया जो अपराध को असाधारण बनाते हैं।

कर्नाटक के स्वामी श्रृद्धानंद मामले में 2006 में उसने एक संदर्भ देते हुए कहा था, 'जब पीड़ित ऐसा व्यक्ति हो जिसे उसकी सेवाओं के लिए समुदाय में सम्मान प्राप्त हो तथा जनता उससे प्रेम करती हो तो उसकी हत्या व्यक्तिगत कारणों के बजाय राजनीतिक या ऐसे ही अन्य कारणों से की जाती है।' सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी स्वीकार किया था कि 'जेल की सजा का विस्तार उस समय तक होना चाहिए जब तक अपराधी का जीवन समाप्त न हो जाए। जब असाधारण परिस्थितियां हों तो हत्या की क्रूरता घटाई नहीं जा सकती है और समुदाय ऐसे दोषी को जीवित छोड़ने का जोखिम नहीं उठा सकता है। इससे यह न्यायिक आशंका पैदा हो सकती है कि जब तक अपराधी भौतिक रूप से असहाय न हो जाए तब तक वह कुछ समय बाद फिर हत्या का कृत्य दुहरा सकता है।' इस प्रकार सर्वोच्च न्यायालय ने अपराध की परिस्थितियों के आधार पर एक मानक परिभाषित किया था जिसमें आरोपी की पृष्ठभूमि तथा पीड़ित की प्रकृति पर गौर करते हुए कहा था कि आजीवन कैद की सजा प्राप्त अपराधी को रियायत नहीं दी जानी चाहिए। उसने यह भी कहा था कि स्थाई रूप से आजीवन कारावास की सजा मिलने पर उसमें रियायत की कोई संभावना नहीं होनी चाहिए। न्यायालय ने कहा था, 'हमारी जानकारी में कोई ऐसा कानून नहीं लाया गया है जो आजीवन कारावास या कालापानी की सजा प्राप्त कैदी को रियायतों समेत एक खास अवधि समाप्त होने पर बिना शर्त रिहाई का अनिवार्य अवसर देता हो।

जेल अधिनियम के अंतर्गत नियम आजीवन कारावास या कालापानी के स्थान पर कम सजा का प्राविधान नहीं करते हैं। आजीवन कारावास की सजा से यह सुनिश्चित होना चाहिए कि अपराधी को आजीवन जेल में रखा जाना चाहिए क्योंकि कैदी की मृत्यु का कोई समय निर्धारित करना और नियमों में उसके आधार पर रियायत देना संभव नहीं होगा। कालापानी की सजा का कोई विकल्प नहीं है।'

वर्तमान मामले में13 साल की सुनवाई के बाद सेशन अदालत ने आनन्द मोहन को मृत्यु दंड की सजा दी थी। इसके खिलाफ अपील पर पटना उच्च न्यायालय ने इसे 'कठोर आजीवन कारावास' में बदल दिया था। उच्च न्यायालय के निर्णय के खिलाफ अपील पर सर्वोच्च न्यायालय ने 'कठोर आजीवन कारावास' की सजा की पुष्टि कर दी थी। इस प्रकार यह अपराधी को अंतिम सजा थी। सर्वोच्च न्यायालय के पहले के फैसलों से भी स्पष्ट है कि आजीवन कारावास का अर्थ जीवन के प्राकृतिक रूप से समाप्त होने तक है और इसे मशीनी रूप से 14 साल नहीं कहा जा सकता है। बाद में विभिन्न निर्णयों से इसकी पुष्टि होती है। मारू राम बनाम भारत सरकार तथा भारत सरकार बनाम श्रीहरन मामलों में संविधान पीठ का यही निर्णय है। इसलिए बिहार राज्य द्वारा 24 अप्रैल, 2023 के कार्यकारी आदेश के माध्यम से आनन्द मोहन को सजा में रियायत देना सर्वोच्च न्यायालय के पहले के फैसलों के पूर्णत: विपरीत है। बिहार जेल मैनुअल के अनुसार भी सजा में रियायत देने का यह आदेश गलत है। बिहार जेल मैनुअल, 2012 के नियम 481-1-सी के अनुसार यदि मृत्यु दंड प्राप्त कैदी की सजा घटा कर आजीवन कारावास में बदली गई है तो उसे केवल सजा के 20 साल पूरे होने पर ही किसी रियायत पर विचार किया जा सकता है। इस मामले में दोषी आनन्द मोहन को कठोर आजीवन कारावास की सजा मिली थी जिसकी पुष्टि सर्वोच्च न्यायालय ने की थी। चूंकि आनन्द मोहन ने सजा के केवल 14 साल पूरे किए हैं, इसलिए उसके मामले में रियायत पर किसी प्रकार विचार नहीं किया जा सकता है।

इसके साथ ही सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों के अनुसार रियायत में विचार करते समय सजा के समय ही लागू रियायत के नियम अपराधी पर लागू होते हैं। वर्तमान मामले में एक अधिघोषणा भी लागू होती है जिसमें कहा गया था कि उन दोषियों को कोई रियायत नहीं दी जाएगी जिन्होंने अपना कर्तव्य निभा रहे सिविल सर्वेन्टों की हत्या की हो। इस प्रकार बिहार सरकार ने इस मामले में न केवल नियमों की अनदेखी की है, बल्कि आनन्द मोहन को रिहा करने के लिए पूर्वगामी प्रभाव से जेल मैनुअल में संशोधन किया है। यह कदम पूर्ण रूप से अवैध होने के साथ ही अपराधी शक्तियों पर लगाम लगाने के आदेश का खुला उल्लंघन है। इस प्रकार यह प्रशासन के प्रति लचर रवैया अपनाने की सार्वजनिक स्वीकारोक्ति भी है।

बिहार सरकार के इस आदेश को निश्चित रूप से चुनौती दी जानी चाहिए। यह कहना गलत नहीं होगा कि बिहार सरकार का यह निर्णय राजनीतिक कारणों से है। इस प्रकार इसे मनमाना, अतार्किक व अन्यायपूर्ण घोषित कर समाप्त किया जाना चाहिए। यदि कोई सरकार सिविल सर्वेन्टों का मनोबल गिराती तथा कानून के शासन को धता बताती है तो वह स्वयं अपने विनाश को न्यौता दे रही है। कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राण न्योछावर करने वाले जी. कृष्णैया जैसे लोगों के लिए टेनीसन के शब्द याद आते हैं कि 'उनकी गरिमा का कभी अंत नहीं हो सकता है।'

# दो ट्रिलियन डॉलर का निर्यात लक्ष्य

> रुपये का भुगतान काम आ सकता है और व्यापार परिदृश्य को बदल सकता है। लक्ष्य, हालांकि चुनौतीपूर्ण है, पर साध्य है।

**अश्विनी महाजन**
(लेखक, दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं।)



31 मार्च 2023 को घोषित विदेश व्यापार नीति के अनुसार 2030 तक वस्तु एवं सेवा निर्यात का लक्ष्य 2000 अरब डॉलर निर्धारित किया गया है। हमारे निर्यात के अब तक के लचर प्रदर्शन के कारण, कई विशेषज्ञ इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य के बारे में संदेह व्यक्त कर रहे हैं। लेकिन साथ ही अर्थशास्त्रियों का एक बड़ा तबका इस लक्ष्य को अप्राप्त नहीं मान रहा है. दस साल पहले, 2012-13 में, भारत का सामान और सेवाओं का निर्यात केवल 452.3 अरब डॉलर था। तब से, हमारे आयात में बहुत तेज गति से वृद्धि हुई है, लेकिन निर्यात वृद्धि धीमी हो रही है।

2021-22 में, हालांकि वस्तुओं और सेवाओं का हमारा निर्यात 683.7 अरब डॉलर तक पहुंच गया था, आयात 765.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। पिछले 10 वर्षों में, हम सालाना माल के निर्यात में केवल 3.27 प्रतिशत की अल्प वृद्धि देखते हैं, लेकिन सेवाओं की वृद्धि दर 5.94 प्रतिशत से बेहतर थी। कुल मिलाकर, पिछले 10 वर्षों में निर्यात बहुत तेजी से नहीं बढ़ा। लेकिन पिछले साल वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात की वृद्धि 11.3 प्रतिशत से कहीं बेहतर थी। यानी जहां पहले 2030 में 1000 अरब डॉलर का लक्ष्य असंभव लग रहा था, वहीं 2030 में 2000 अरब डॉलर के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश को निर्यात वृद्धि की गति को केवल 14.81 फीसदी पर बनाए रखना होगा.

आज जब दुनिया के तमाम देश बढ़ती महंगाई की मार झेल रहे हैं, भारत में महंगाई की दर अभी भी कम है। भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। हालांकि आयात शुल्क जीएसटी प्राप्तियों का एक बड़ा हिस्सा है, मध्यवर्ती वस्तुओं के आयात पर मूल्यवर्धन भी जीएसटी में वृद्धि का कारण बन रहा है।



दुनिया में जारी आर्थिक संकट और महंगाई के कारण घटती क्रय शक्ति के कारण निर्यात बढ़ाना वास्तव में एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। इसके बावजूद सेवाओं और वस्तुओं के भारत के निर्यात में वृद्धि का विशेष महत्व है। 2021-22 में खाद्य निर्यात 50 बिलियन अमरीकी डालर को पार कर गया। 2022-23 के आंकड़े अभी आने बाकी हैं, लेकिन खाद्य निर्यात अभी भी कुल निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

गौरतलब है कि अब तक भारत रक्षा के क्षेत्र में आयात पर ज्यादा निर्भर रहा है। लेकिन रक्षा उद्योग में हुई प्रगति से देश न केवल आत्मनिर्भर हुआ है बल्कि निर्यात में भी इस उद्योग का योगदान बढ़ा है। जहां देश अपनी रक्षा जरूरतों का 70 फीसदी आयात से पूरा करता था, वहीं अब वह केवल 32 फीसदी उपकरणों के लिए आयात पर निर्भर है। पिछले 6 वर्षों में रक्षा निर्यात में 10 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है, जो भविष्य में इस क्षेत्र से निर्यात की संभावना को दर्शाता है। भारत पिछले 30 वर्षों से सेवा क्षेत्र में बड़े कदम बढ़ा रहा है, लेकिन वर्तमान समय में इसका महत्व और अधिक बढ़ गया है। देश के सॉफ्टवेयर में प्रगति चीन सहित अन्य देशों को पीछे छोड़ रही है।

दुनिया के कई देश जो पहले भारत से आयात करने के इच्छुक थे; डॉलर की कमी के कारण ऐसा नहीं कर पाए। हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने एक परिपत्र के माध्यम से रुपये में आयात और निर्यात के लिए निपटान की अनुमति दी। इसके बाद दिसंबर में पहली बार रूस के साथ व्यापार का समझौता रुपये में शुरू हुआ। अब तक, भारत सरकार के प्रयासों की बदौलत, भारतीय बैंकों ने इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, जर्मनी, मलेशिया, इज़राइल, रूस और संयुक्त अरब अमीरात सहित 19 देशों में विशेष वोस्ट्रो खाते खोले हैं। इन 19 देशों के साथ अभी भी भारत को बड़े पैमाने पर निर्यात किया जाता है, अगर रुपये में भुगतान किया जाता है, तो अब भारतीय रुपये का एक बड़ा भंडार होगा।

अतीत में, भारतीय वस्तुओं में बुनियादी ढांचे की कमी के कारण दुनिया के अन्य देशों की तुलना में प्रतिस्पर्धात्मकता का अभाव रहा है। पिछले कुछ समय से देश में बिजली की कोई कमी नहीं है और उद्योग निर्बाध बिजली आपूर्ति का लुत्फ उठा रहे हैं। सौर ऊर्जा आदि के कारण बिजली की लागत में भी कुछ कमी आई है। सड़कों, रेलवे और जलमार्गों ने देश में बुनियादी ढांचे के परिदृश्य को बदल दिया है। बेहतर डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर से भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता में भी सुधार हो रहा है।

ऐसे में जहां भारत अब तक 767 अरब डॉलर का लक्ष्य हासिल कर चुका है, अगले सात साल में 2000 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, वह अभेद्य लक्ष्य नहीं लगता। लेकिन इसके लिए देश को लगातार प्रयास करने होंगे। देश में मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत करना होगा, उत्पादन की लागत और लेनदेन को कम करना होगा और बुनियादी ढांचे के निर्माण की मौजूदा गति को बनाए रखना होगा। तथ्य यह है कि वर्ष 2013-14 में, भारत का सकल घरेलू उत्पाद केवल 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से कम था, और निर्यात 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर से थोड़ा कम था; जब भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 3.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक विस्तारित हो गया और निर्यात 767 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, 2030 में जब हम 7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन गए, तो 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात लक्ष्य प्राप्त करने योग्य लग रहा है

## आप की **बात**

### समलैंगिक विवाह

**सुप्रीम कोर्ट** में इस समय समलैंगिक विवाह को मान्यता देने के बारे में सुनवाई चल रही है। पक्ष में दलील है कि समलैंगिक लोगों को विवाह का अधिकार नहीं देना समानता के अधिकार का उल्लंघन है। लेकिन विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के अंतर्गत केवल महिला व पुरुष एक-दूसरे से विवाह करने की स्वीकार्यता है। लोगों की दलील है कि इस प्रविधान को जेंडर न्यूट्रल होना चाहिए। दूसरी ओर केंद्र सरकार का स्पष्ट कहना है कि ऐसा कोई अधिकार उसे विवाह की परिभाषा बदलने के लिए बाध्य नहीं कर सकता है। इस तरह की शादी को मान्यता दी गई तो समाज पर दुष्प्रभाव पड़ेगा व इससे कई अन्य कानूनों के प्राविधान भी प्रभावित होंगे। सरकार के साथ ही समाज का बड़ा वर्ग इस तरह के विवाह को मान्यता दिए जाने का विरोध कर रहा है। उनका तर्क है कि इससे समाज में परिवार नाम की संस्था के अस्तित्व पर संकट आएगा व समाज का ढांचा प्रभावित होगा। धार्मिक व सांस्कृतिक आधार पर भी समलैंगिक विवाह की स्वीकार्यता मिलना संभव नहीं है। कई समूहों ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। ऐसे में समलैंगिक विवाह को मान्यता देना एक जटिल मसला है। अत: बहुत संभलकर भी किसी नतीजे पर पहुंचना चाहिए।

– **सदन जी,** पटना

### तंबाकू से मुक्ति

**सार्वजनिक** स्थलों पर धूम्रपान करने तथा किसी अवयस्क को तंबाकू उत्पाद बेचने के अपराध में जुर्माना हो सकता है। समस्त क़ानूनी प्रतिबंधों के उपरांत भी तंबाकू सेवन पर पूर्ण प्रतिबन्ध नहीं हो पाया है। तंबाकू सेवन पर प्रतिबंध हेतु अधिकारीयों, स्वयंसेवी संस्थानों, मीडिया, जन प्रतिनिधियों व जनता का सक्रिय सहयोग अति आवश्यक है। इन सबसे अधिक आवश्यक है आत्म नियंत्रण। अंतर्राष्ट्रीय तंबाकू एवं धूम्रपान निषेध दिवस का मुख्य उदेश्य युवाओं, छात्र-छात्राओं एवं जनसामान्य में तंबाकू उत्पादों के प्रति बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश के लिए इसके दुष्परिणामों से अवगत करा कर जानलेवा बीमारियों से बचाना है। सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संगठनों, शिक्षण संस्थानों, नगर निकायों, ग्राम पंचायतों तथा विभिन्न शासकीय कार्यालयों द्वारा अपने स्तर पर कार्यक्रमों, जैसे, वाद-विवाद, निबंध लेखन, चित्र कला, नाटक, काव्य गोष्ठी, प्रश्न मंच, गायन, नृत्य आदि आयोजित कर जागरूकता लाने का प्रयत्न करना चाहिए। तंबाकू छोड़ने के लिए अभी तक कोई दवाई, टीका, इंजेक्शन या गोली कारगर नहीं साबित हुई है।

– **संजय वर्मा,** धार

### सुपरफूड शैवाल

**कैलीफोर्निया** विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों का मानना है कि सूक्ष्म शैवाल भविष्य में मनुष्यों के भोजन के लिए एक नया सुपरफूड बन सकता है। पत्रिका फ्रंटियर इन न्यूट्रिशन में प्रकाशित शोध के अनुसार यह सूक्ष्म शैवाल जमीन पर मकई के मुकाबले 167 गुना अधिक पैदा हो सकती है। इसकी पैदावार सोयाबीन जैसी फसलों से 20 गुना अधिक हो सकती है। इससे भी बेहतर बात यह है कि यह बंजर भूमि पर, गंदे पानी में व खारे पानी में भी पैदा हो सकती है। मानव की बढ़ती हुई आबादी और घटते हुए खाद्यान्न उत्पादन के चलते विश्व में अभी से ही खाद्यान्न संकट चल रहा है। अगले दशकों में हम कल्पना कर सकते हैं कि खाद्यान्न की कितनी अधिक जरूरत पड़ेगी? ऐसे में केवल पारंपरिक खेती से दुनिया भर की जनता की जरूरत का खाद्यान्न उत्पन्न होना मुश्किल है। अत: अब वैज्ञानिकों को इसे मानव के खाने योग्य बनाने के एक बड़े मिशन पर जुट जाना चाहिए ताकि विश्व की जनता को विशेष तौर से गरीब देशों को पर्याप्त मात्रा में प्रोटीनयुक्त सुपर फूड न्यूनतम दामों में उपलब्ध हो सके। यह मानव सुरक्षा का अभियान बन सकता है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### प्रतीकों की रक्षा

**भारत** का सनातनी गौरव दुनिया के कई देशों में फैला हुआ है। धार्मिक प्रतीक, मंदिर, पवित्र वृक्ष, आदि आज भी विश्व में भारत की गौरव गाथा गाते हैं। लेकिन इनकी सुरक्षा का जिम्मा उन देशों की सरकारें ठीक से नहीं उठा पा रही है जहां यह स्थित हैं। पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमले, अमेरिका आदि देशों में महात्मा गांधी की मूर्तियों की तोड़फोड़ जैसे कई मामले हैं। ये प्रतीक सुरक्षा के अभाव में अपना अस्तित्व खो सकते हैं। हाल ही में खबर आई थी कि बोधगया के पवित्र बोधि वृक्ष की शाखा से श्रीलंका में विकसित महाबोधि वृक्ष को जहरीले तेजाब से खतरा है। श्रीलंका स्थित नोरोच चोलाई कोयला बिजली संयंत्र से वाष्पित होने वाली खतरनाक तेजाब बोधिवृक्ष को नुकसान पहुंचा सकती है। बोधिवृक्ष न केवल सनातनी अमानत है अपितु मानवता का संदेश देते महापुरुषों के आश्रय स्थल का भी प्रतीक है जो दुनिया को शांति और सुख समृद्धि का संदेश देते हैं। ऐसे में भारत सरकार को श्रीलंका प्रशासन से महाबोधि वृक्ष की सुरक्षा की गारंटी लेनी चाहिए।

– **अमृतलाल मारू,** इन्दौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# भाई-बहन और बुआ-बबुआ ने प्रतापगढ़ की धार को किया कुंदः मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतापगढ़ में भी अपनी बातें रखीं। उन्होंने कहा कि आंवले के जरिये लोगों की सेहत सुधारने वाले प्रतापगढ़ को भाई-बहन की जोड़ी और बुआ-बबुआ की पार्टियों ने यहां की पूरी धार को कुंद कर दिया थाए जिससे आंवले की खेती बंद हो गयी। आंवला फिर से ओडीओपी का हिस्सा बना है। यहां की पहचान ऑटो ट्रेक्टर लिमिटेड को बंद कर दिया। प्रतापगढ़ के बारे में कहा जाता था कि ना सौ पढ़ाए ना एक प्रतापगढ़ा यानी 100 पढ़े लिखों पर एक प्रतापगढ़ का व्यक्ति भारी पड़ता था, लेकिन उसकी पहचान को खत्म किया गया। यहां फिरौती व वसूली की जाने लगी थी, रंगदारी का धंधा शुरू हो गया था, व्यापारी परेशान थे तो बेटियां स्कूल नहीं जा पाती थीं। नौजवान जिनको स्कूल जाना चाहिये था, उनके हाथों में तमंचे पकड़ाए जाने लगे। कांग्रेस, सपा, बसपा ने प्रदेश को बर्बाद करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि राम वन गमन पथ अयोध्या से प्रतापगढ़ होते हुए चित्रकूट के लिए जा रहा है। इसे फोरलेन के रूप में बनाने की कार्रवाई सरकार कर रही है। गंगा एक्सप्रेस वे मेरठ से प्रतापगढ़ होते हुए प्रयागराज तक पहुंच रहा है। यहां के बाईपास के विस्तार को स्वीकृति दे दी गई है। आज प्रतापगढ़ का अपना मेडिकल कॉलेज है। जौनपुर में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सही और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रदेश के नौजवानों के सामने पहचान का संकट नहीं है। आज हमारे युवाओं के हाथ में तमंचा नहीं, बल्कि टैबलेट है। युवाओं के टैलेंट को टेक्नोलॉजी और ट्रेनिंग के साथ जोड़ करके उनके भविष्य को उज्ज्वल बना रहे हैं। अब यूपी के विकास पर कोई प्रश्नचिन्ह नहीं खड़ा कर सकता। दुनिया भारत की तरफ और भारत उत्तर प्रदेश की तरफ उम्मीद की निगाह से देख रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाई बहन की पार्टी और बुआ बबुआ की पार्टियों ने जौनपुर को बर्बाद करके रख दिया था। इस वजह से जौनपुर के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। यहां की इमरती की मिठास को कड़वाहट में बदल दिया था। गोमती के जल को प्रदूषित करने का काम किया था। यहां के इत्र की खूशबू को बदबू में बदलकर रख दिया था। उन्होंने भाजपा को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि डबल इंजन के साथ अगर तीसरा इंजन जुड़ जाए तो फिर सोने पर सुहागा हो जाएगा। उन्होंने जौनपुर में हुए विकास कार्यों को भी गिनाया।



## प्रदेश में बढ़ाई जाए गेहूं क्रय केंद्रों की संख्याः मुख्यमंत्री

### ● सीएम योगी ने कहा, गेहूं खरीद में किसानों को किसी प्रकार की समस्या का न करना पड़े सामना

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में गेहूं क्रय केन्द्रों की संख्या बढ़ाते हुए क्रय केन्द्रों पर किसानों को समस्त सुविधाएं सुनिश्चित कराई जाएं ताकि गेहूं खरीद के लिए किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। योगी सोमवार को लखनऊ में एक उच्च स्तरीय बैठक कर रहे थे। बैठक मे संजीव चोपड़ा सचिव खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार एवं अशोक केके मीणा अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, भारतीय खाद्य निगम, वीना कुमारी प्रमुख सचिव खाद्य तथा रसद एवं सौरभ बाबू आयुक्त, खाद्य एवं रसद उपस्थित रहे। बैठक के दौरान गेहूं क्रय मोटे अनाज क्रय एवं उसके उपयोग तथा उचित दर विक्रेताओं की दुकानों के आधुनिकीकरण के संबंध में विमर्श किया गया।

मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि किसानों को दी जा रही धनराशि उनके खाते में समयबद्ध रूप से स्थानान्तरित की जाए। इस संबंध में यह भी निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों के सहयोग से गेहूं खरीद में अपेक्षाकृत प्रगति कराए जाने के लिए समस्त वांछित प्रयास किए जाएं। प्रदेश में असमय बारिश व ओलावृष्टि से प्रभावित गेहूं के क्रय किए जाने में मानकों के शिथिलीकरण के कारण की जाने वाली कटौती की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा की जा रही है। शिथिल मानकों के तहत किए जा रहे गेहूं क्रय में कृषकों को हो रहे भुगतान में कोई कटौती नहीं की जाए। इसी प्रकार प्रदेश में श्रीअन्न के उत्पादन को बढ़ाये जाने तथा इसकी राजकीय क्रय केन्द्रों के माध्यम से किए जाने के निर्देश भी प्रदान किए गए। गत वर्ष 43437 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद की गई थी, जिसके सापेक्ष आगामी सत्र में अधिक से अधिक मात्रा में मक्का एवं बाजरा क्रय किए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए जाए। उचित दर विक्रेताओं के दुकान के आधुनिकीकरण के विषय में भारत सरकार द्वारा मनरेगा योजना के अन्तर्गत पंचायत स्तर पर पंचायत सचिवालय के साथ उचित दर विक्रेता की दुकान का निर्माण कराये जाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है।

# पेशेवर अपराधियों व माफियाओं की खोली जाए हिस्ट्रीशीटः डीजीपी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीजीपी** आरके विश्वकर्मा ने विभिन्न प्रकार के पेशेवर अपराधी, माफिया व ऐसे अपराधी जो संगठित अपराधों, गिरोहों के सरगना हैं या ऐसे गिरोहों के सदस्य हैं, उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने यह भी निर्देशित किया है कि प्रदेश में समस्त चैन स्नेचर, बैंक लुटेरे, एटीएम लुटेरे, शातिर साइबर क्रिमिनल, वाहन चोरी गिरोह के सदस्य, रोड होल्डअप, लूट करने वाले तथा क्रियाशील अपराधियों की हिस्ट्रीशीट सात दिवस के अन्दर अवश्य खोली जाए। चेतावनी दी है कि जो राजपत्रित अधिकारी इस कार्रवाई को सम्पूर्ण नहीं करेंगे, उन्हें प्रारम्भिक जांच करके निलंबित करने के सम्बन्ध में स्थापित नियमों के अनुसार कार्रवाई पर विचार किया जाएगा। इस सम्बन्ध में उनके वार्षिक गोपनीय मन्तव्य में भी विशेष प्रविष्टि की जाएगी।

डीजीपी ने कहा है कि हिस्ट्रीशीट केवल उन व्यक्तियों की खोली जानी चाहिए जो अभ्यासिक अपराधी या ऐसे अपराधियों के दुष्प्रेरक हों या उनका ऐसा हो जाना संम्भाव्य हो। अपराधियों के हिस्ट्रीशीट खोलने सम्बन्धी व्यवस्था पुलिस रेगुलेशन के अध्याय-20 में वर्णित है। जिसके अनुसार हिस्ट्रीशीट थानों में रखे जाने वाले गोपनीय दस्तावेज ग्राम अपराध रजिस्टर का एक भाग है। पुलिस रेगुलेशन के प्रस्तर-228 के अनुसार ग्राम अपराध रजिस्टर के भाग-5 में हिस्ट्रीशीट का समावेश होगा। यह निगरानी के अधीन अपराधियों का व्यक्तिगत अभिलेख होता है। डीजीपी ने कहा है कि हिस्ट्रीशीट केवल उन व्यक्तियों की खोली जानी चाहियेए जो अभ्यासिक अपराधी ऐसे अपराधियों के दुष्प्रेरक हों या उनका ऐसा हो जाना सम्भाव्य हो। शीट के दो वर्ग होंगे। पहला डकैत, सेन्धमार, पशु चोर, रेलवे डिब्बों से माल के चोर और उनके दुष्प्रेरकों के लिए वर्ग 'क' हिस्ट्रीशीट।

# सीएम ने महाराष्ट्र व गुजरात दिवस पर दी शुभकामनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र और गुजरात दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि सभी महाराष्ट्र वासियों को 'महाराष्ट्र दिवस' की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं, प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि छत्रपति शिवाजी महाराज, बाल गंगाधर तिलक व 'स्वातंर्त्यवीर' सावरकर की पुण्यभूमि सदैव प्रगति पथ पर गतिमान रहे। एक अन्य ट्वीट में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सभी गुजरात वासियों को गुजरात दिवस की अनंत बधाई एवं शुभकामनाएं। भगवान सोमनाथ के आशीर्वाद से अभिसिंचित, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे महापुरुषों की जन्मस्थली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में 'प्रगति व संस्कृति' का पर्याय और सेवा, सुरक्षा व सुशासन की प्रेरणा स्थली बना गुजरात ऐसा ही समृद्धि के सुपथ पर सदैव गतिमान रहे, यही कामना है।

## मुख्यमंत्री आज लखनऊ, प्रयागराज व झांसी में करेंगे जनसभा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को प्रयागराज, झांसी तथा लखनऊ में जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील करेंगे। मुख्यमंत्री मंगलवार की सुबह 11 बजे प्रेस का ग्राउण्ड लूकरगंज प्रयागराज तथा दोपहर 1:20 बजे क्राफ्ट मेला मैदान झांसी में जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए विजय शंखनाद करेंगे। वहीं दोपहर 3:40 बजे तेलीबाग चौराहा लखनऊ में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी मंगलवार को रामपुर में संगठनात्मक बैठक तथा कार्यकर्ता सम्मेलनों में विजय का मंत्र सौंपेगें। भूपेन्द्र चौधरी सुबह 11 बजे शहनाई मंडप विलासपुर रोड मिलक रामपुर तथा दोपहर 12:30 बजे पुरानी गल्ला मंडी, शिवबाग, विलासपुर रामपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दोपहर 2:45 बजे भाजपा जिला कार्यालय रामपुर में नगर पालिका परिषद रामपुर की चुनाव संचालन समिति की बैठक में वरिष्ठ नेताओंए पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ मंत्रणा करेंगे। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को प्रयागराज, श्रावस्ती तथा गोण्डा में जनसभाओं को सम्बोधित करेंगें। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सुबह 10:45 बजे प्रेस का ग्राउण्ड, लूकरगंज, प्रयागराज तथा दोपहर 1:50 बजे जूनियर हाईस्कूल, भिन्गा श्रावस्ती में आयोजित जनसभाओं में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील करेंगें। वहीं दोपहर 3:05 बजे रामलीला मैदान गोण्डा में जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

# पूर्व मंत्री समेत बसपा के कई नेता भाजपा में हुए शामिल

### ● सपा-बसपा की सरकारों में यूपी भ्रष्टाचारियों के चंगुल में कैद थाः ब्रजेश पाठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भाजपा** में सोमवार को भी विभिन्न दलों से टूट कर आए नेताओं के शामिल होने का क्रम जारी रहा। भाजपा मुख्यालय में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के समक्ष बहुजन समाज पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक डा. केके सचान (कानपुर) तथा प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व सात बार विधायक रहे नरेन्द्र सिंह यादव फर्रूखाबाद ने बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसके साथ ही अध्यक्ष जिला पंचायत फर्रूखाबाद मोनिका यादव, समाजवादी पार्टी से फर्रूखाबाद लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सचिन सिंह यादव तथा प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश टिंबर एसोशिएन व प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी व्यापार सभा मोहनीश त्रिवेदी अपने समर्थको के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए।



उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय राय, रामप्रताप सिंह चौहान व प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में पार्टी के राज्य मुख्यालय पर हुए सदस्यता ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में बहुजन समाज पार्टी व समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं सहित व्यापारी नेताओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों को पटका पहनाकर भाजपा परिवार में शामिल किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकारें जन-जन की आत्मनिर्भरता से आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प लेकर कार्य कर रही हैं। ब्रजेश पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की अंत्योदय विचारधारा के साथ विभिन्न राजनीतिक दलों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारी संगठनों के लोग लगातार बड़ी संख्या में भाजपा परिवार में शामिल हो रहें हैं।

भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बना है और अब हम सब मिलकर इसे सर्वोत्तम प्रदेश बनायेंगें। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश सबको शिक्षा, सबको सुरक्षा व सबको चिकित्सा की प्रतिबद्धता के साथ विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है। जबकि सपा बसपा की सरकारों में उत्तर प्रदेश गुंडे, माफियाओं, शोहदों, अपराधियों और भ्रष्टाचारियों के चंगुल में कैद था। उपमुख्यमंत्री ने भाजपा की नीतियों तथा विचारधारा पर आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी ज्वाइंन करने वाले सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि नगर निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आप सभी अपने-अपने क्षेत्रों में परिश्रम के साथ जुटकर बड़े अंतर से भाजपा की जीत सुनिश्चित करने में अपना योगदान दीजिए।

# नगर निकाय चुनाव से ही लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम तय होंगेः राजेन्द्र चौधरी

### ● सपा मेयर प्रत्याशी वंदना मिश्रा और पार्षद प्रत्याशियों के समर्थन में की गई वोट की अपील

**लखनऊ।** सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि प्रदेश की वर्तमान सरकार को विकास से कुछ लेना देना नहीं है। राजधानी को स्मार्ट सिटी बनाने का दावा सिर्फ हवाई वादा ही साबित हुआ है। नगर निकाय चुनाव से ही सन् 2024 के लोकसभा चुनाव के परिणाम तय होंगे। लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए सपा के लखनऊ में मेयर सहित सभी पार्षदों को भारी बहुमत से विजयी बनायें। राजेन्द्र चौधरी ने यह बात सोमवार को सपा की मेयर प्रत्याशी वंदना मिश्रा और पार्षद प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार के दौरान आयोजित जनसभा में कही।



सपा मेयर प्रत्याशी वंदना मिश्रा और पार्षद प्रत्याशियों के समर्थन में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष वर्मा के चिल्ड्रेन केयर सेंटर अस्पताल बाबूगंज में जहां शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर जुटे वहीं लाप्लास में समाजसेवी अनुराग मिश्र ने शहर के चुनिंदा लेखकों, रंगकर्मियों तथा समाज के सम्भ्रांतजनों की बैठक की। इन बैठकों में मेयर प्रत्याशी वंदना मिश्रा की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने सभी से समर्थन मांगते हुए लखनऊ को फिर स्वच्छ, सुरक्षित और हरियाली भरा शहर बनाकर इसका पुराना गौरव दिलाने का भरोसा दिलाया। बैठक में पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप, जूही सिंह, डॉ. मधु गुप्ता, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. अतहर हुसैन, डॉ. रविकान्त, दीपक रंजन, डॉ. अभिषेक मिश्र ने मेयर प्रत्याशी वंदना मिश्रा को विजयी बनाने की अपील की। सपा के नेता राम सागर और पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव के नेतृत्व में खरगापुर सरसवां से पार्षद प्रत्याशी राजेश कुमार, राजीव गांधी वार्ड प्रथम से पार्षद प्रत्याशी मनीष यादव राजीव गांधी वार्ड 2 से पार्षद प्रत्याशी दीपांशु सिंह, चिनहट वार्ड.1 से पार्षद प्रत्याशी शफीक अहमद तथा चिनहट वार्ड.2 से पार्षद प्रत्याशी श्री विकास यादव के साथ मेयर प्रत्याशी श्रीमती वंदना मिश्रा के समर्थन में रोड शो कर मतदान की अपील की गई। इसमें जनता की भारी संख्या में उपस्थिति रही। रोड शो में राम कुमार मौर्य, सर्वेश यादव, शाह आलम, शीबू, रज्जाकी, चंद्रिका यादव, शोभित हर्ष आदि अपने तमाम साथियों के साथ शामिल हुए। उत्तरी विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी वंदना मिश्रा के साथ पूजा शुक्ला ने भी जनता से वोट देने की अपील की है।

# कोई भी राष्ट्र श्रमिकों के बगैर पूर्ण नहीं हो सकताः खाबरी

### ● प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर दी बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अंतर्राष्ट्रीय** श्रमिक दिवस के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने देश भर के श्रमिक भाई-बहनों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्र के निर्माण में श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान है। कोई भी राष्ट्र श्रमिकों के बगैर पूर्ण नहीं हो सकता। पूरे विश्व में श्रमिकों को सम्मान देने के लिए आज के दिन श्रमिक दिवस मनाया जाता है। आज की तिथि श्रमिक भाई बहनों को समर्पित है।

खाबरी ने कहा कि श्रमिकों के अधिकारों की आवाज उठाने के उद्देश्य से भी इस दिन को मनाया जाता है ताकि श्रमिकों की स्थिति समाज में मजबूत हो सके। सर्वप्रथम श्रमिक दिवस 1889 में मनाने की रूप रेखा



अमेरिका के शिकागो शहर में बनी थी। जब श्रमिक एक होकर सड़क पर उतर आए थे। खाबरी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समाजवादी सम्मेलन की बैठक में तय हुआ कि श्रमिक प्रतिदिन 8 घंटे ही काम करेंगे उसी समय तय हुआ कि पहली मई को श्रमिक दिवस मनाया जाएगा। भारत में भी अत्याचार और शोषण के खिलाफ श्रमिक आवाज उठा रहे थे। पहली मई 1923 को पहली बार चेन्नई में श्रमिक दिवस मनाया गया। देश के तमाम संगठनों में इस फैसले का समर्थन किया। तब से लगातार प्रतिवर्ष एक मई को श्रमिकों के सम्मान में यह दिवस मनाया जाता है। पुनः समस्त श्रमिक भाई-बहनों को श्रमिक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

# भाजपा की हर तबके में स्वीकार्यता को देख बौखला गए हैं अखिलेश : भूपेन्द्र चौधरी

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सोमवार को कहा कि निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी का सूपड़ा साफ होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में अपनी हार की आहट सुनकर समाजवादी पार्टी कन्फ्यूज हो गई हैं इसलिए कहीं अपना प्रत्याशी मैदान से हटा लेती है तो कहीं अपने द्वारा घोषित प्रत्याशी को छोड़कर किसी अन्य प्रत्याशी के समर्थन का ऐलान कर रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि सपा प्रमुख को नगर निकाय चुनाव का मौसम रास नहीं आ रहा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि निकाय चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी कितनी गंभीर है ये इसी से पता चलता है कि जिन्हें चुनाव के समय भी एसी कमरों से बाहर निकलने की फुरसत नहीं हैं वे जनता की क्या सेवा करेंगे। जनता के प्रति इनके मन में कितना सम्मान हैए यह इसी से पता चलता है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सपा के लिए राजनीति जनसेवा का विषय नहीं हैए उनके लिए यह सिर्फ पॉलिटिकल टूरिज्म है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सपा प्रमुख के मुंह से विकास की कोरी बातें शोभा नहीं देती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार में प्रदेश के हर जिले में बेहतर कनेक्टिविटी, मेडिकल कॉलेज, बिजली, सीवर, सफाई और सुरक्षा बेहतरीन हुई है। ये तो प्रदेश की जनता को स्पष्ट दिखाई दे रहा है और इसके लिए हमें सपा प्रमुख से सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। जिनके राज में भ्रष्टाचार, गुंडाराज और माफिया का बोलबाला रहा हो, उनके मुंह से विकास की कोरी बातें शोभा नहीं देतीं। ये जनता है जो सब जानती है, सब देखती है और सब समझती है। भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रदेश की 15 करोड़ आबादी को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। किसानों को फसल बीमा, किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जा रहा है। जनहित में सैकड़ों योजनाएं चल रही हैंए जिनसे हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। नगरोंए कस्बों की सुंदरता के लिए कई उपाय किए गए हैं। स्वच्छता में हाल ही में उत्तर प्रदेश को केंद्र सरकार का प्रतिष्ठित हडको अवार्ड प्राप्त हुआ है। पार्कों का सुंदरीकरण भी हो रहा है और मेट्रो परियोजना का विस्तार भी। ट्रैफिक सिस्टम अब पहले से कहीं अधिक सुव्यवस्थित और सुरक्षित हो चुके हैं। अब जनता कह रही है कि भाजपा को ही लाइए और सुविधा पाइए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा की हर तबके में स्वीकार्यता को देखकर अखिलेश बौखला गए हैं। वो समझ चुके हैं कि भाजपा को टक्कर तो क्या वो और उनकी पार्टी सामना तक नहीं कर सकते। ऐसे में झूठ बोलकर वो साबित कर रहे हैं कि सरकार के खिलाफ षड्यंत्र ही उनका और उनकी पार्टी का असली चरित्र है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि निकाय चुनाव में भाजपा की लहर चल रही है।

# नये भारत में विरासत भी है और विकास भी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सोमवार को मराठी समाज, उप्र द्वारा महाराष्ट्र राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर भातखण्डे संस्कृति विवि में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर राज्यपाल ने महाराष्ट्र और गुजरात दिवस की बधाई देते हुए कहा कि स्थापना दिवस जैसे आयोजनों से आने वाली पीढ़ियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को जानने एवं समझने का अवसर मिलता है। साथ ही अपनी संस्कृति को संरक्षित एवं सुरक्षित रखने की प्रेरणा भी मिलती है। उन्होंने कहा कि युवा अपने पूर्वजों के योगदान को ध्यान में रखते हुए गौरवशाली इतिहास को संजोने और प्रगति की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए संकल्पित भाव से कार्य करें।



राज्यपाल ने कहा कि महाराष्ट्र और गुजरात राज्य के अलग होने से प्रत्येक क्षेत्र में विकास हुआ और उसका लाभ वहां के आमजन को प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राज्य को अपना स्थापना दिवस मनाना चाहिए और युवाओं को राज्य के अलग होने से पहले की समस्याओं को बताना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि मराठी समाज का उत्तर प्रदेश से बड़ा करीब का रिश्ता रहा है। महाराष्ट्र के अनेक महापुरूषों ने उत्तर प्रदेश को अपनी कर्म स्थली बनाया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में आने के बाद मराठा समाज के लोग कुछ ऐसे रचे.बसे कि वे यहीं के हो गये। उन्होंने उत्तर प्रदेश की संस्कृति को अपनाने के साथ ही अपनी संस्कृति को भी जीवन्त बनाये रखा। राज्यपाल ने कहा कि हमारे देश में भौगोलिक और प्राकृतिक विविधता से सम्पन्न प्रत्येक राज्य की अपनी विशेषता है। नये भारत में विरासत भी है और विकास भी है। राज्यपाल ने कहा कि बच्चों को भिक्षावृति से मुक्त कराना बहुत ही पुनीत कार्य है। बच्चों को शिक्षित करना और उनको आगे बढ़ाना समाज का दायित्व है। शिक्षा के लिए जो भी जरूरत हो करना चाहिए। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा महाराष्ट्र गीत की प्रस्तुति की गयी।

# योग को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएः राज्यपाल

### ● कुलाधिपति आनंदीबेन ने की सभी विश्वविद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में समस्त राज्य विश्वविद्यालयों के साथ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस-2023 की तैयारियों के संबंध में ऑनलाइन बैठक की। राज्यपाल ने कहा कि योग के प्रति जन-मानस को जागृत करने के लिए विश्वविद्यालयों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विवि तथा उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थी तथा उनके अभिभावक और विवि तथा महाविद्यालय के शिक्षकगण तथा उनके परिवार के सदस्य भी योग दिवस के दिन बढ़-चढ़कर हिस्सा लें तथा देश को निरोग बनाने की दिशा में अपना-अपना योगदान दें। इसी क्रम में राज्यपाल ने सुझाव दिया कि कार्यक्रम के आयोजन





के लिए विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में उपलब्ध स्थल जैसे स्टेडियम, खेल के मैदान, गार्डन, विभागीय परिसर तथा सार्वजनिक स्थानों का चयन किया जाए जिससे कि जगह की कमी से कोई भी इस महान योग पर्व में भाग लेने से वंचित न रह जाए। राज्यपाल ने योग के प्रति जिज्ञासा को बढ़ाने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के पहले से ही विश्वविद्यालयों में योग दिवस से संबंधित कार्यक्रमों को आयोजित करने के निर्देश दिए तथा सुझाव दिया कि योग के महत्व को दर्शाते हुए विभिन्न विषयों जैसे पेंटिंग, ड्राइंग स्पर्धा, भाषण स्पर्धा, निबंध स्पर्धा, योग प्रयोगात्मक स्पर्धा, योग प्रशिक्षण कैम्प आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाए।

राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा गोद लिए गए गांवों में भी एनसीसी तथा एनएसएस के छात्रों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाना चाहिए, जिससे ग्रामवासियों को योग के फायदों के प्रति जागरूक किया जा सके तथा उनको भी इसका लाभ प्राप्त हो सके। विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में स्टूडेंट काउंसिल के साथ योग क्लब की स्थापना तथा पूरे वर्ष योग संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन होना चाहिए। उन्होंने प्राइवेट विश्वविद्यालयों को अपने साथ जोड़ने का सुझाव देते हुए कहा कि कार्यक्रम को प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए योग प्रशिक्षकों की मदद ली जानी चाहिए। राज्यपाल ने बैठक में योग को पाठ्यक्रम में शामिल करने का निर्देश देते हुए कहा कि योग और आहार को साथ में लेकर चलने की जरूरत है। विद्यार्थियों को योग के साथ-साथ स्वस्थ आहार की भी शिक्षा दी जानी चाहिए। योग और मिलेट्स को एक साथ रखकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। सभी विश्वविद्यालयों को कैम्प लगाकर सभी अध्यापकों तथा स्टाफ का हेल्थ चेकअप करवाने का भी सुझाव दिया।

राज्यपाल ने कहा कि पशुओं के इलाज के लिए संगीत एक प्राचीन एवं प्रभावशाली विधा है। संगीत की धुनों का पशुओं के शारीरिक तथा मानसिक स्थिति पर बहुत प्रभाव होता है। उन्होंने कृषि विश्वविद्यालयों को इस दिशा में भी कार्य करने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के कार्यान्वयन के संदर्भ में विश्वविद्यालयों द्वारा की गई कार्यवाही के संबंध में चर्चा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों को जल्द से जल्द पुस्तकों का हिंदी में अनुवाद करा लेना चाहिए जिससे कि विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर प्राप्त हो सके। उन्होंने पुस्तकों के अनुवाद में दुहराव से बचने के लिए सभी विश्वविद्यालयों को आपस में सामंजस्य बनाकर कार्य करने का सुझाव दिया। इसी क्रम में विश्वविद्यालयों द्वारा नैक मूल्यांकन का राजभवन में प्रस्तुतिकरण के विषय पर चर्चा करतें हुए राज्यपाल ने क्यू एस एशिया तथा क्यू एस वर्ल्ड रैंकिंग के संबंध में विश्वविद्यालयों द्वारा किए गए कार्यों की भी जानकारी प्राप्त की तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा से ज्यादा एमओयू साइन करने को कहा जिससे कि हमारे विद्यार्थियों को उसका लाभ प्राप्त हो सके।

## राज्यपाल से एयर मार्शल आरजीके कपूर ने की शिष्टाचार भेंट

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से राजभवन में एयर मार्शल आरजीके कपूर, एवीएसएमवीएम, नवनियुक्त एयर आफीसर कमांडिंग इन चीफ प्रयागराज ने शिष्टाचार भेंट की। इसके पश्चात केंद्रीय संचार ब्यूरो, लखनऊ द्वारा राजभवन के अन्नपूर्णा हाल में मन की बात और आजादी का महोत्सव पर लगाई गई तीन दिवसीय प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 2 मई, 2023



# धूमधाम से मनाया गया विश्व मजदूर दिवस

● केन्द्र व प्रदेश सरकार को भेजा गया 12 सूत्रीय ज्ञापन

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में विश्व मजदूर दिवस स्थानीय नसरुद्दीन मौजी मेमोरियल हॉल के प्रांगण में मनाया गया। समारोह में भारत के 40 करोड़ मजदूर मिस्त्रियों सहित अति पिछड़े, दलित समाज, किसान व व्यापारियों की दीन दशा पर गहन विचार विमर्श किया गया। इसके बाद राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, उप्र राज्यपाल एवं उप्र मुख्यमंत्री को सम्बोधित 12 सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार अतुल सेन सिंह को सौंपा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनरेगा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि भारत को आजाद हुए लगभग 75 वर्ष हो चुका है लेकिन भारत के 40 करोड़ मजदूर मिस्त्रियों की सभी विभागों में पोस्टिंग नहीं की गई। भारत के सभी दलों की सरकारों ने ठेकेदारों के माध्यम से लूटने व लूटने का काम किया है। किसानों के गन्ना व गेंहू धन आलू का मूल्य नहीं दे पा रही हैं। कम से कम गन्ना का मूल्य आठ सौ रुपए प्रति क्विंटल व गेंहू धान का मूल्य पांच हजार रूपए प्रति क्विंटल किया जाए। ठेकेदारी प्रथा जड़ से खत्म की जाए। ग्राम पंचायत सदस्यों, सभासदों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों को दस हजार रूपए प्रति माह ग्राम प्रधान जिला पंचायत सदस्यों को 12 हजार रूपए प्रति माह, ब्लॉक प्रमुखों व नगर पालिका अध्यक्ष को 15 हजार रुपए प्रति माह, जिला पंचायत अध्यक्ष को 21 हजार रुपए प्रति माह दिया जाए। श्री शर्मा ने जोर देकर कहा भारत के पत्रकार बंधु, घटनाओं में भारी जोखिम उठाते है। अधिवक्ता देश में न्याय दिलाते हैं इनका बीस बीस लाख का बीमा किया जाय। इसके अलावा भी कई मुद्दों पर उन्होंने विचार व्यक्त करते हुए देश एवं प्रदेश की सरकारों से उन पर अमल करने की मांग की। इस मौके पर ओम प्रकाश शर्मा ग्राम प्रधान सहतपुर, बबलू वर्मा श्रमिक मजदूर यूनियन प्रमुख, पंडित वेद प्रकाश शर्मा प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश कोषाध्यक्ष अंजनी कुमार, जिला सहकारी बैंक प्रतिनिधि सुलोचना शर्मा, ग्राम पंचायत सदस्य माया देवी, सचिन शुक्ला ब्लॉक अध्यक्ष मजदूर संगठन, रंजीत कुमार, अराधना शर्मा, मिश्रा शर्मा प्रतिनिधि केंद्रीय उपभोक्ता भंडार लि लखीमपुर आदि ने संबोधित किया। बड़ी संख्या में मनरेगा मजदूर, खेतिहर मजदूर ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, किसान विश्वकर्मा समाज के लोग व व्यापारियों ने भाग लिया।

# राज्यमंत्री सुरेश राही ने भाजपा प्रत्याशियों के लिए मांगे वोट

● गौरी शंकर मंदिर से रैली का हुआ शुभारम्भ, की प्रत्याशियों को जिताने की अपील

**संवाददाता।** सीतापुर

**नगर** निकाय चुनाव का प्रचार अंतिम दौर में पहुंच चुका है। प्रत्याशी समर्थकों कार्यकर्ताओं के साथ प्रचार प्रसार में पूरी ताकत झोंक दे रहे है। भारतीय जनता पार्टी नगर निकाय चुनाव को लोकसभा और विधान सभा चुनाव की तरह लड़ रही है। सीएम, डिप्टी सीएम और मंत्री सासंद, विधायक पार्टी की प्रत्याशी की जीत के लिए कड़ी मेहनत कर रहे है। नगर पंचायत हरगांव में कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही के नेतृत्व में बाइक रैली निकालकर पार्टी से अध्यक्ष पद प्रत्याशी हरिनाम बाबू मिश्र और सभी 14 वार्डों के सभासद प्रत्याशियों को जिताने की अपील की गई। बाइक रैली का शुभारम्भ हरगांव तीर्थ स्थित गौरी शंकर बाबा दरबार से हुआ। यहां से चल कर रैली सरस्वती शिशु मंदिर पहुंची यहां से रामपुर बरौरा, जलालीपुर, तरपतपुर, जोशी टोला, पिथवा देवी मंदिर होकर महोली तिराहा से घूमकर हरगांव गंज, जहांगीराबाद, मिल कालोनी, पिपरा गेट, होकर चुनाव कार्यालय पहुंची। जहां बाइक रैली का समापन हुआ इस दौरान कार्यकर्ताओं समर्थकों ने गगन भेदी नारे लगाए। रैली निकालकर जनता के मध्य अपनी मजबूत स्थिति का एहसास कराया। रैली में कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही के अलावा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा, नगर पंचायत हरगांव से अध्यक्ष पद प्रत्याशी हरिनाम बाबू मिश्रा, राम शंकर अवस्थी, अमित मिश्रा, सोनू अवस्थी, बृजेन्द्र शुक्ला, संजय जायसवाल, उमाशंकर मिश्रा, वीरेन्द्र मिश्रा सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए।

# प्रत्याशी को जिताने के लिए सपाइयों ने कसी कमर, घर-घर किया संपर्क

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**सोमवार** को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष तनवीर खान के नेतृत्व में सरायकाईया, ख्वाजा फिरोज,ताड़ीन गाड़ीपूरा, नई बस्ती , विजयपुर रेती, सपा प्रत्याशी माला राठौर के समर्थन में डोर टू डोर जन सम्पर्क कर मांगे इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा इस बार जनता ने मन बना लिया है समाजवादी पार्टी की मेयर प्रत्याशी माला राठौर को वोट देकर जेट का सेहरा उनके सर बांधकर विरोधियों को उनके अहंकार का जवाब देगी उन्होंने कहा प्रदेश में युवा रोजगार को लेकर परेशान है और नेता है जो दूसरी पार्टियों के प्रत्याशियों को तोड़कर चुनाव जिताने की जुगत में लगे है। प्रदेश में साधु लाइव आकर पुलिस प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या कर रहे हैं, जबकि प्रदेश की कमान एक सन्यासी के हाथ में है। इस दौरान सपा प्रत्याशी माला राठौर के ससुर सर्वेश राठौर प्रत्याशी के पिता एडवोकेट राम निवास राठौर, सत्यम राठौर दीप राठौर गोविन्द राठौर शिवा राठौर राम शंकर दीक्षित अत्तिउल्ला सिद्दीकी प्रेम पाल यादव आशिफ कुरैशी, छोटे कुरैशी गुलशन तिवारी नईम खान, आरिफ अंसारी, सब्लू सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



# शहर के विकास के लिए हमेशा रहूंगी तत्परः अंजू सुबोध मिश्र

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी

**नगर** निकाय चुनाव के करीब आते ही राजनीतिक पार्टियां अपने अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। वही बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी अंजू सुबोध मिश्रा को मिल रहा है। जनता का अपार सहयोग अंजू सुबोध मिश्रा ने बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता बुद्धिजीवी वर्ग हजारों की संख्या में समर्थकों के साथ शहर के राजापुर गल्ला मंडी में वोट मांगे। इस दौरान अंजू सुबोध मिश्रा ने राजापुर मंडी में नुक्कड़ सभा के माध्यम से लोगों से बहुजन समाज पार्टी के हाथी चुनाव निशान पर मोहर लगाने की अपील की। अंजू सुबोध मिश्रा ने कहा कि शहर के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहूंगी। इस जनसंपर्क अभियान में बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष जयवीर गौतम मंडल कोऑर्डिनेटर क्या नाम है कि मंडल कोऑर्डिनेटर में बसपा अजय चौधरी आशीष रमन मिश्रा मनीष रमन मिश्रा अरुण मिश्रा वेद प्रकाश मिश्रा मनीषा मिश्रा सोनम मिश्रा सीमा मिश्रा नसीम अब्दुल कॉल मयंक श्रीवास्तव मयंक श्रीवास्तव अमर सिंह अकाश भारती सोनेलाल परमजीत सनी पीयूष मिश्रा पुनीत मिश्रा अमन सिंह अमित मिश्रा लोही आज हजारों की तादाद में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान बहुजन समाज पार्टी जिंदाबाद हाथी चुनाव निशान पर मोहर लगाने की जोर शोर से नारेबाजी की गई।



# पूर्व विधायक राकेश राठौर ने पत्नी नीलकमल के लिए मांगे वोट

● निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में नीलकमल राठौर लड़ रही चुनाव

● नपाप सीतापुर से अध्यक्ष पद की है प्रत्याशी नीलकमल

**संवाददाता।** सीतापुर

**नगर** पालिका परिषद सीतापुर से निर्दलीय प्रत्याशी नीलकमल राठौर के समर्थन में उनके पति पूर्व विधायक राकेश राठौर ने शहर के बाजार में पैदल भ्रमण किया और नीलकमल के पक्ष में मतदान करने की अपील की। पैदल भ्रमण के दौरान लोगों का हुजूम उनके साथ दिखा। राकेश राठौर ने दावा किया कि लोगों का व्यापक जन समर्थन उन्हें मिल रहा है। सपा और भाजपा दोनो दलों का बड़ा वोट बैंक टूटकर उनके साथ आया है। कहा कि अगर इसकी सच्चाई देखनी है तो कोई भी सर्वे करके पता लगा सकता है। पूर्व विधायक ने कहा कि सपा का 80 फीसदी से अधिक वोट उनके साथ आ चुका है। जबकि भाजपा का परंपरागत व्यापारियों का वोट भी उनके साथ आया है। क्योंकि व्यापारियों में डर घर कर गया है। बताते चले कि पूर्व विधायक राकेश राठौर ने नपाप सीतापुर से अध्यक्ष पद के लिए अपनी पत्नी नीलकमल राठौर का नामाकंन पत्र जमा कराया था। दूसरी तरफ सपा का सिम्बल पाने के लिए पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल ने अपनी पुत्र वधू रश्मि जायसवाल का भी नामाकंन पत्र जमा कराया था। बताते हैं कि सपा हाईकमान द्वारा दोनो लोगो को पार्टी सिम्बल का आश्वासन दिया गया था। बहरहाल नामाकंन पत्र जमा करने के बाद सपा का सिम्बल पूर्व विधायक राधेश्याम जासवाल की पुत्र वधू रश्मि जायसवाल को मिल गया तो पूर्व विधायक राकेश राठौर ने अपनी पत्नी नील कमल राठौर को निकाय चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में मैदान में उतार दिया। चुनाव मैदान में और भी दलों के एंव निर्दलीय प्रत्याशी है। अब शहर सीतापुर के मतदाता अपना चेयरमैन किसे चुनेगें यह तो 13 मई को होने वाली मतगणना के बाद ही पता चल सकेगा। फिलहाल सभी प्रत्याशी मतदाताओं को रिझाने में दिन-रात एक किए हुए है।

# पांच साल से थमी विकास की गति को बढ़ायेंगे आगे : डा. इरा श्रीवास्तव

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी

**लखीमपुर** नगर पालिका की निर्दलीय प्रत्याशी डा0 इरा श्रीवास्तव ने अपने समर्थकों के साथ सोमवार को शहर के मोहल्ला संकटा देवी, महराजनगर व बहादुरनगर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से मिलकर अपनी भावी प्राथमिकताएं बताईं और चुनाव में समर्थन की अपील की। डा0 इरा श्रीवास्तव ने अपने चुनावी जनसम्पर्क की शुरुआत संकटा देवी मोहल्ला से की। वह मतदाताओं के घर पहुंची। उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों को मतदाताओं के समक्ष रखा। कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होंने शहर के विकास के लिए काफी कुछ किया। काफी कार्य ऐसे थे जिन्हें वे पूरा नहीं कर सकीं। यदि इस बार जनता ने उन्हें सहयोग दिया तो निश्चित रूप से वह अवशेष कार्यों को पूर्ण कराकर शहर को समुचित विकास देंगी। उन्होंने लोगों को अच्छी सड़केंए प्रकाश व्यवस्थाए गंदगी व जलभराव से मुक्ति दिलाने का वादा किया। साथ ही शहर के सौंदर्यीकरण पर भी कार्य करने पर जोर देने का आश्वासन दिया। इसके बाद समर्थकों के साथ डा0 ईरा श्रीवास्तव ने महाराजनगर व बहादुरनगर में भी घर.घर पहुंचकर जनसम्पर्क किया। यहां डा0 इरा ने कहा कि मेरे पिछले कार्यकाल (2012-2017) में जो विकास कार्यों की गति को पिछले पाँच वर्षों में धीमा कर दिया गया था उसे फिर से उसी गति से आगे बढ़ाना है और यह सब आप लोगों के सहयोग और आशीर्वाद से ही सम्भव हो सकता है।



## क्विक न्यूज

### तमंचा-कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



**मोहम्मदी-खीरी।** ऊचौलिया थानाध्यक्ष कौशल किशोर ने बताया कि अवैध तमंचा और कारतूस के साथ एक अभियुक्त रहमान मानाखेडा को गिरफ्तार कर अपराध पंजीकरण कर जेल भेजा जा रहा है, वही रहमान के ऊपर अनेकों धाराओं में अनेकों मुकदमे पंजीकरण है, इसी के साथ साथ पुलिस टीम ने तीन वांरटियो के साथ साथ अवैध शराब बनाने बाले एक अभियुक्त को अवैध शराब के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। सभी को जेल भेजा जा रहा है, गिरफ्तार करने वाली टीम मे उप निरीक्षक प्रमोद कुमार त्यागी, लोकेश सिंह राणा, दीवान जय प्रकाश पटेल सहित अन्य पुलिस टीम शामिल रही।

### मतदान कर्मियों का मतदान पोस्टल बैलेट से कराया जायेगा

**शाहजहांपुर।** आगामी नगर निकाय निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारीध् जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को सभी रिटर्निंग सहायक रिटर्निंग अधिकारियो एवं रिजर्व रिटर्निंग सहायक रिटर्निंग अधिकारियो का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान पोस्टल बैलट द्वारा मतदान की प्रक्रिया के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के निर्देशों का पालन करते हुए निर्वाचन संपन्न कराया जाए। उन्होंने मतदान के दौरान अपेक्षित सावधानियों के विषय में भी बताया। जिलाधिकारी ने कहा कि पोस्टल बैलेट मतदान को भी अत्यंत गंभीरता से लिया जाये तथा समस्त व्यवस्थाए आयोग द्वारा जारी गाइडलाईन के अनुसार पूर्ण करायी जाये। उन्होने कहा कि पूर्ण निष्पक्षता के साथ मतदान प्रक्रिया पूर्ण करायी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में सभी वोट अत्यंत महत्वपूर्ण होते है, इसलिये किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन ने बताया कि सेंट पॉल इन्टर कालेज, 13 कैंट, शाहजहाँपुर पर दिनांक 05, 06 व 07 मई, 2023 को नगर निगम महापौर पार्षद हेतु 03 कक्षों में, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सदस्य जलालाबाद, पुवायां व तिलहर प्रत्येक हेतु 01-01 कक्ष एवं नगर पंचायतों अध्यक्ष सदस्य हेतु 08 कक्षों में द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्य में लगे समस्त मतदान कार्मियों का मतदान पोस्टल बैलेट के माध्यम से कराया जायेगा। इन काउन्टरों पर मतदान का संचालन उन्ही नियमों एवं प्राविधानों के अधीन किया जायेगा जिन्हे सामान्य मतदान प्रक्रिया में अपनाया जाता है। प्रतिदिन मतदान समाप्ति के उपरान्त मतपेटिका को स्ट्रॉग रूम में सुरक्षित रखे जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि संबंधित उम्मीदवार अपने स्तर से मतदान स्थल पर उपरोक्त तिथियों में मतदान अभिकर्ता नामित कर सकते है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि मतदान ड्यूटी में तैनात कार्मिक अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत कर मताधिकार का प्रयोग कर सकेगें उन्होने कंपार्टमेंट बनाने के विषय में भी जानकारी दी। उन्होने सभी कार्मिकों को निर्देश दिये ड्यूटी स्थल पर समय से पहुंचे व सभी से विनम्रता पूर्ण व्यवहार करें।

### भाजपा से अध्यक्ष पद प्रत्याशी झब्बन बेग ने निकाली बाइक रैली भ्रमण

**सीतापुर।** प्रत्याशियों के समर्थन में बड़ी-बड़ी जन सभाएं और रैलियां नगर निकाय चुनाव को और दिलचस्प बना रही है। पार्टी नेताओं के जरिए मतदाताओं को रिझाने का जतन किया जा रहा है। दलीय नेता विपक्षी दलो पर शब्दबाण चला रहे है। मतदाता नगर पालिका और नगर पंचायत में किस उम्मीद्वार को जिताएंगे यह वही जाने फिलहाल निकाय चुनाव के मैदान में उतरे सभी प्रत्याशी जनता के बीच जाकर अपने पक्ष में लाने की कोशिशों में जुटे हुए है। नगर पंचायत तंबौर अहमदाबाद में भारतीय जनता पार्टी से अध्यक्ष पद प्रत्याशी झब्बन बेग ने बाइक रैली निकालकर अपनी ताकत का एहसास कराया। बाइक रैली उनके आवास स्थित चुनावी कार्यालय से निकाली गई। रैली तंबौर के प्रमुख चौराहो सभी वार्डों से होकर पुनः चुनावी कार्यालय पहुंची यहां पर रैली का समापन हुआ। बाइक रैली के दौरान कार्यकर्ताओं समर्थकों ने सांसद राजेश वर्मा के पक्ष में जमकर नारेबाजी की। रैली में भाजपा मंडल अध्यक्ष सलिल श्रीवास्तव, अजय पटेल, संदीप जायसवाल, हरगोविंद मौर्य, हाजी गुड्डू, हारुन, अजीज मैनेजर, जियाउल्ला, गौतम नाथ, सुधीर वाल्मीकी, शामिल हुए।

### ओडीओपी योजना के अंतर्गत जरी जरदोजी कार्य के लिए ऋण की सुविधा

**शाहजहांपुर।** उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) वित्त पोषण योजनान्तर्गत जनपद शाहजहाँपुर में जरी जरदोजी कार्य से जुड़े इच्छुक व्यक्तियो के लिए उत्तर प्रदेश शासन ने ऋण की सुविधा प्रदान किये जाने के उद्देश्य से एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता योजना संचालित की है। जनपद शाहजहाँपुर के लिए चयनित उत्पाद जरी जरदोजी को बढ़ावा देने हेतु जरी जरदोजी कपड़ों के निर्माण हेतु निर्माण ध् सेवा ध् व्यवसाय हेतु स्वयं रोजगार स्थापित करने के लिए बैंको से वित्तीय सहायता प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है। योजनान्तर्गत रु0 25.00 लाख तक के ऋण पर 25 प्रतिशत रु0 50.00 लाख तक के ऋण पर 20 प्रतिशत एवं 50.00 लाख से अधिक ऋण पर 10 प्रतिशत या अधिकतम रु0 20.00 लाख तक का अनुदान दिया जायेगा। जरी - जरदोजी से जुड़े ऐसे इच्छुक युवक व युवतियां जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष या अधिक है, वह उद्योग सेवा एवं व्यवसाय हेतु ऑनलाइन वेबसाइट पर आवेदन कर सकता है। आवेदनकर्ता किसी भी बैंक का चूककर्ता (डिफाल्टर) नहीं होना चाहिए और न ही उसने या उसके परिवार ने भारत सरकार राज्य सरकार द्वारा संचालित किसी योजना में लाभ प्राप्त न किया हो। अधिक जानकारी के लिए कोविड़ नियमों का पालन करते हुए जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, शाहजहाँपुर कार्यालय के सहायक प्रबन्धक के मोबाइल नं0 9452529053 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### जिला बदर अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

**भीटी**अंबेडकर नगर पुलिस अधीक्षक अंबेडकरनगर के आदेशानुसार अपराध और अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए चलाए जा रहे अभियान के तहत गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर काली माता मंदिर के पास से समय लगभग 8रू00 बजे बलई पुर गांव के पास से जिलाधिकारी महोदय अंबेडकरनगर के आदेश पर राहुल पुत्र कीर्ति आजाद निवासी बलई पुर उम्र करीब 31 वर्ष थाना महरुआ को 10 ए02023 को जिला बदर कर दिया गया था अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मुकदमा संख्या55द23 धारा 10 उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अभियुक्त मुकदमा संख्या 69द16 धारा 354 506 376 थाना महरुआ मुकदमा संख्या 102 द14 धारा 354 महरुआ मुकदमा संख्या85द16 धारा3द4 गुंडा एक्ट थाना महरुआ मैं पंजीकृत है।

# जिलाधिकारी ने निर्वाचन कंट्रोल रूम का किया आकस्मिक निरीक्षण

● शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने को किया निर्देशित

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**नगरीय** निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कक्ष संख्या-07 में स्थापित कन्ट्रोल रूम का जिलाधिकारी श्री उमेश प्रताप सिंह ने सोमवार को आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों के सापेक्ष निस्तारित शिकायतों के विषय में भी जानकारी ली। कंट्रोल रूम में प्राप्त सभी 33 शिकायते निस्तारित पायी गयी। जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम प्रभारी को निर्देश दिए कि प्राप्त सूचनाओं पर नियमानुसार त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये एवं शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि समस्त प्रकार की सूचनाओं का संग्रहण एवं प्रेषण तथा निर्वाचन के दौरान प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों एवं उड़नदस्ता आदि टीम से समन्वय स्थापित करने हेतु कलेक्ट्रेट कक्ष संख्या-07 में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम अनवरत रूप से सप्ताह में सातों दिन 24 घंटे संचालित किया जा रहा है, जिसमे कर्मचारियों की तैनाती की जा चुकी है। निर्वाचन के दौरान सम्बन्धित इलैक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया, प्रिन्ट मीडिया का पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण कन्ट्रोल रूम द्वारा किया जायेगा तथा निर्वाचन के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की सूचना कंट्रोल रूम के दूरभाष संख्या 05842-297105 एवं 05842-297106 पर दी जा सकती है।

# एबीवीपी की प्रांतीय समीक्षा बैठक में संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी




**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद की जिला समीक्षा एवं योजना बैठक सोमवार को इमली चौराहा स्थित कार्यालय पर संपन्न हुई। इसमें प्रांतीय समीक्षा बैठक की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। जिला संयोजक अमन गुप्ता ने बताया कि बैठक में आगामी कार्य योजना पर चर्चा एवं गत वर्ष हुए कार्यों की समीक्षा व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आगामी वर्ष की योजना बनाई गई। साथ ही आयाम कार्य की गतिविधिए राज्य की वर्तमान परिस्थिति एवं सांगठनिक विषयों पर योजना बनाई गई। बैठक में प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में प्रांत सहमंत्री पुष्पेंद्र बाजपाई ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हमेशा छात्र हितए समाज हित और राष्ट्र हित के लिए कार्य करता है और इसी संकल्प के साथ हम अपने 75वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं। विभाग संगठन मंत्री अंकुर गुप्ता ने कहा कि राष्ट्र के प्रति निष्ठा, युवाओं की आवाज एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक विद्यार्थी परिषद है। प्रांत सह मंत्री हरप्रीत सिंह ने बताया कि अवध प्रांत के 14 जिलों से 180 प्रतिनिधि बैठक में भाग लेने के लिए लखीमपुर आएंगे और यह प्रतिनिधि दो दिन लखीमपुर में रुक कर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की भूमिका और विचारों को लेकर गहन मंथन करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से विभाग प्रमुख माधव चतुर्वेदीए कार्यकारिणी सदस्य अमन वर्माए अनुज चतुर्वेदी, जिला संगठन मंत्री हर्ष सिंह, जिला संयोजक अमन गुप्ता, सह संयोजक लक्ष्मी पांडे, तहसील संयोजक विनीत अवस्थी, रुचि तिवारी, रजनीश, अभय, कृष्णा, शिखर, प्रभात गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जेसीआई ने किया डाक्टरों का सम्मान



**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी

**जेसीआई** द्वारा सैल्युट द साइलेंट स्टार (डाक्टर्स) कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम निर्देशक अतुल मिश्राए रजत शेखर के कुशल निर्देशन में, अध्यक्ष सौरभ गुप्ता के नेतृत्व में डॉ0 राकेश माथुर, डॉ0 मुदित मेहरोत्रा, डॉ0 अनजानी मिश्रा, डॉ0 पायल मेहरोत्रा, डॉ0 सुप्रिया मिश्रा को गुलाब एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सभी डॉक्टर्स ने जेसीआई लखीमपुर खीरी का धन्यवाद किया कि आज जेसीआई लखीमपुर खीरी से यह सम्मान पाकर हम अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इस अवसर पर डॉ0 राकेश माथुर, डॉ0 अनजानी मिश्रा, डॉ0 मुदित ने अपने उद्बोधन में कहा की इस अभियान में जेसीआई लखीमपुर खीरी द्वारा किया गया सम्मान सराहनीय है कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत में सचिव कुमार उत्कर्ष ने संस्था का परिचय देते हुए बताया कि जेसीआई लखीमपुर खीरी समाज के बीच हम ऐसे लोगों को अवसर मिलने पर साइलेंट स्टार को सम्मानित भी करते हैं। इस कार्यक्रम में उपस्थित संस्था अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, सचिव कुमार उत्कर्ष, उपाध्यक्ष सचिन अग्रवाल, कुशाग्र अग्रवाल, अर्चित महेंद्रा, रितेश अग्निहोत्री, जेजे चेयरमैन हर्षित जोशी की उपस्थिति रही।

# वित्तमंत्री ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**सोमवार** को प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने भारतीय जनता पार्टी की महापौर प्रत्याशी अर्चना वर्मा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा प्रदेश में कानून का राज है और जनता को विश्वास है कि केंद्र व प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास में विश्वास रखती है। जनता इसलिए शहीदों की नगरी शाहजहांपुर में पहला महापौर भारतीय जनता पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी अर्चना वर्मा को बनाना चाहती है । विरोधियों में इसको लेकर थोड़ा घबराहट का माहौल भी है । इस अवसर पर मेयर पद की प्रत्याशी अर्चना वर्मा ने कहा जनता का पूरा समर्थन उनके साथ है जैसे-जैसे मतदान का दिन करीब आ रहा है, वैसे वैसे मतदाता में विकास बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से चुनाव जीतने के बाद वह सबसे पहले जनता की परेशानियों की वजह बनी सीवर लाइन के गड्ढों को बंद कराने के काम करेंगी, साथ ही पूरी ईमानदारी के साथ जनता की समस्याओं के समाधान के लिए मेहनत करेंगी। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# भाजपा प्रत्याशी हरिनाम बाबू ने कहा फिर मौका दीजिए, विकास करता रहूंगा

● पूर्व में नगर पंचायत हरगांव के रह चुके हैं चेयरमैन, पत्नी रीता रानी मिश्र को भी बनवाया अध्यक्ष, पूर्व में कराए गए विकास कार्यों का किया बखान

**संवाददाता।** सीतापुर

**निकाय** चुनाव का प्रचार चरम पर है। वोटरों को रिझाने के लिए प्रत्याशी विभिन्न वादे कर रहे है। कोई नगर पंचायत खेल का मैदान, तो कोई बारात घर बनवाने की बात कह रहा है। हर किसी के द्वारा संपूर्ण नगर क्षेत्र में विकास की गंगा बहाई जा रही है। सोमवार को नगर पंचायत हरगांव से भाजपा से अध्यक्ष पद प्रत्याशी एंव पूर्व चेयरमैन हरिनाम बाबू मिश्र ने मीडिया से मुखातिब होते हुए बताया कि अगर जनता ने उन्हें फिर मौका दिया तो नगर की मूलभूत समस्याओं का निराकरण कर समुचित विकास कराया जाएगा। नगर की जनता को शासन की मंशा अनुरुप लाभ देकर विकास के रथ को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। अपने पांच वर्ष के कार्यकाल और पूर्व चेयरमैन पत्नी रीता रानी मिश्रा के पांच वर्ष के कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यों का बखान किया। हरिनाम बाबू मिश्र ने बताया कि उन्होंने बाबा गौरी शंकर दरबार का सौंदर्यीकरण कराया है। जब वह चेयरमैन बने थे उस समय नगर की हालत बहुत दयनीय थी। सभी वार्डों में सड़कें बनवाने के साथ सौंदर्यीकरण कराया गया, जो कार्य हुए वह गुणवत्ता परक हुए। हरिनाम बाबू मिश्र ने अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा अगर वह फिर से अध्यक्ष चुने गए तो हरगांव मुख्य चौराहे पर फव्वारा बनवाकर सौंदर्यीकरण करवाएंगे। नागरिकों की सुविधा के लिए सामुदायिक शौचालय का निर्माण होगा। बाबा गौरी शंकर दरबार और हरगांव तीर्थ का भी सौंदर्यीकरण करवाया जाएगा। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हरगांव ब्लाक के पड़ोस में पीएचसी का विकास कर नए सिरे से जीर्णोद्धार कराएगें। उन्होने कहा रोजगार के लिए 200 दुकानों का निर्माण और नगर क्षेत्र में एक बारात घर बनवाने का काम भी करेगें। इसके अलावा नगर क्षेत्र को बिजली की रोशनी से सजाकर भव्यता प्रदान करने का काम किया जाएगा। पूर्व चेयरमैन हरिनाम बाबू मिश्र ने माना कि उनके द्वारा पिछले कार्यकाल में कुछ गलतियां हो गई थी। लेकिन अब वह नहीं होंगी।

# पुलिस ने लौढ़िया खुर्द गांव में हुई हत्या का किया 24 घंटे में पर्दाफाश

● हत्यारा भाई और मृतक की पत्नी गिरफ्तार

● अवैध सम्बन्धों में बाधक बनने पर हुई थी युवक की निर्मम हत्या



**संवाददाता।** चित्रकूट

**कोतवाली** कर्वी पुलिस ने 24 घंटे में हत्या की घटना का खुलासा किया है। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी ने लौढ़िया खुर्द गांव में हुई हत्या की घटना का खुलासा कर हत्यारोपी व सहआरोपी महिला को दबोचा है। एसपी वृंदा शुक्ला ने सोमवार को घटना का खुलासा करते हुए पुलिस टीम को ईनाम देने की घोषणा की है।

ज्ञातव्य को कि 29-30 अप्रैल की रात लौढ़िया खुर्द गांव के आलोक के डेरा में आलोक पटेल पुत्र गुलाब सिंह की हत्या कर दी गयी थी। इस बाबत मृतक के चाचा अवधनरेश पुत्र हरीशचन्द्र की तहरीर पर कोतवाली कर्वी में हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का निरीक्षण कर जल्द खुलासे के निर्देश कर्वी कोतवाल को दिये थे।

कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी ने मिथलेश पुत्र गुलाब सिंह निवासी लौढ़िया खुर्द व सहअभियुक्त सावित्री पत्नी स्व आलोक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में मिथलेश ने बताया कि वह मृतक आलोक का सगा भाई है। भाभी सावित्री से प्रेम संबंध था। इसके चलते सावित्री व उसने मिलकर आलोक को रास्ते से हटाने की योजना बनायी। इसके तहत 29-30 अप्रैल की रात मिथलेश जो रायपुर छत्तीसगढ़ में मजदूरी करता था। गांव आकर भाई आलोक को फोनकर रास्ते से घर ले जाने को बुलाया था। रास्ते में अपने खेत वाले डेरा पर बैठकर दोनों ने एक साथ शराब पी, फिर घर की ओर चल पड़े। आलोक के नशे में होने पर मिथलेश ने आलोक के सिर में डंडे से हमलाकर हत्या कर दी।

# भाजपा प्रत्याशी रामजी गुप्ता ने नगर पंचायत चुनाव प्रचार में झोंकी ताकत



**संवाददाता।** रूरा, कानपुर देहात

**नगर** पंचायत चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रामजी गुप्ता ने भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ लोगों से जनसम्पर्क कर वोट देने की अपील की। जनसम्पर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी के साथ भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। नगर पंचायत चुनाव में भाजपा ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जिला महामंत्री रामजी गुप्ता को टिकट देकर भगवा फहराने की जिम्मेदारी सौंपी है। नगर पंचायत चुनाव के अगर इतिहास की बात करें तो कद्दावर भाजपा नेता तथा वर्तमान में प्रत्याशी रामजी गुप्ता के नेतृत्व में दो बार मजबूत राजनैतिक पकड रखने वाले स्थानीय दिवंगत कद्दावर सपा नेता पूर्व मंत्री रामस्वरूप सिंह गौर के घोषित प्रत्याशियों को हराकर अपनी पकड व लोकप्रियता साबित की है। अब की बार भाजपा हाईकमान ने रामजी गुप्ता को ही प्रत्याशी बनाया है, प्रत्याशी बनाये जाने के बाद उनका भारी संख्या में समर्थकों के साथ जनसम्पर्क बदस्तूर जारी है। रविवार को पीएम नरेन्द्र मोदी की मन की बात के 100 वें संस्करण आयोजन पर सांसद देवेन्द्र सिंह भोले ने भाजपा प्रत्याशी को जिताने पर विकास की योजनाओं का पिटारा खोलने का आश्वासन दिया था।

# बच्चों में पढ़ाई के साथ रचनात्मकता का भी विकास हो : डीएम

● मजदूर दिवस पर डीएम की अभिनव पहल

● विद्यालयों में स्वच्छता की अलख जगाने का किया सराहनीय प्रयास

**संवाददाता।** कानपुर देहात



प्राथमिक विद्यालय में साफ-सफाई का काम करती हुई जिलाधिकारी नेहा जैन

**आज** मजदूर दिवस के अवसर पर जनपद कानपुर देहात की जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा एक अभिनव पहल की गयी जिसके तहत जनपद के सम्पूर्ण अधिकारियों द्वारा अपने गोद लिए विद्यालयों में जाकर बच्चों के साथ मिलकर श्रमदान द्वारा विद्यालय प्रांगण में साफ-सफाई का कार्य किया गया। इस पहल का उद्देश्य था कि छात्र-छात्राओं में उनके माता.पिता, शिक्षकों एवं समुदाय के प्रति सम्मान की भावना को विकसित करते हुए विद्यालय परिवेश की समग्र स्वच्छता के प्रति नैतिक जिम्मेदारी की भावना को विकसित करना। साथ ही छात्रों के मन में यह भाव पैदा करना कि विद्यालय की साफसफाई एवं स्वच्छता केवल एक विशिष्ट व्यक्ति का कार्य नहीं है बल्कि यह छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का भी नैतिक दायित्व है। इस अवसर पर बोलते हुए, जिलाधिकारी ने कहा कि हमारे सरकार की सोच है कि हर बच्चा स्कूल जाये और स्कूल का प्रांगण साफसुथरा हो स्वच्छ हो। इसी उद्देश्य से संचालित होकर सभी जनपद स्तरीय एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों ने अपने गोद लिए विद्यालयों में जाकर साफसफाई का कार्य किया, साथ ही साथ बच्चों की सीखने की क्षमता एवं उनके अध्ययन.अध्यापन में सहायक तत्वों को भी परखा गया। साथ ही साथ शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ मिलकर एक शिक्षा चौपाल लगाने हेतु भी निर्देशित किया गया। साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों में पढ़ाई के साथ रचनात्मकता का भी विकास करना चाहिए शिक्षा गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए ताकि बच्चे इस प्रतिस्पर्धी युग में अपनी एक अलग पहचान बना सकें। जिलाधिकारी ने बच्चों के साथ बैठ मध्यान्ह भोजन भी किया।

# संचारी रोग दस्तक अभियान में मिले 53 कुपोषित मासूम व 15 क्षय रोगी

**हमीरपुर।** जिले में शासनादेश के मुताबिक दो सप्ताह तक संचालित किया गया संचारी रोग दस्तक कार्यक्रम में टीम को बुखार,खांसी के एक भी मरीज नही मिले,इस अभियान में तिरेपन कुपोषित बच्चे व 15 क्षय रोगी मिले है जिनका इलाज किया जायेगा। जिला मलेरिया अधिकारी आरके यादव ने बताया कि संचारी रोग दस्तक अभियान 17 अप्रैल से लेकर तीस अप्रैल तक जिले में चलाया गया था जिसमे आशा संगिन व क्षेत्रीय एएनएम ने घर घर जाकर बुखार जुखाम,क्षय रोगी,कुपोषित बच्चों व मच्छरों के लार्वा संबंधित वर्तनों को स्वच्छ कराने का कार्यक्रम चलाया गया था। यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण था जिसमे बुखार संबंधित 164 लोगो की जांच की गयी जिसमे एक भी मरीज बुखार का नही पाया गया।

इसी प्रकार खांसी से संबंधित 69 मरीजों की जांच गयी जिसमे टीम ने दावा किया है कि एक भी मरीज की खांसी से पीड़ित नही मिला जब कि जिला अस्पताल में खासी व बुखार से सैकड़ो मरीजों को दवाइयां दी जा रही हैं। कम से कम पांच सौ मरीजों को ओपीडी में दवा दी जा रही है मगर दस्तक अभियान में मरीजों की संख्या शून्य आयी है जो किसी के गले नही उतर रही है। डीएमओ ने बताया कि जांच अभियान में 15 रोगी क्षय रोग के पाये गये है। जिसे जिला क्षय रोग अधिकारी को अवगत करा दिया गया है। इसी प्रकार 53 बच्चे कुपोषित पाये गये है इसके लिये डीपीओ को सूचित करने के बाद उन्हे एनआरसी में भर्ती कराया जायेगा।

इसी प्रकार अभियान में 12 हजार बर्तन यानी कूलर व अन्य प्रकार के बर्तनों की भी जांच की गयी और लोगों को लिखित चेतावनी देकर उसमे भरे पानी को नष्ट कराया गया। लोगो ने बताया कि जिले में इतने मच्छर लार्वा ने जन्म ले लिया है कि लोगो का जीना हराम हो गया है। हालांकि डीएमओ का कहना है कि मुख्य मुख्य स्थानों पर छिड़काव करा दिया गया है।

# फर्जी वर्कआर्डर दिखा ठेकेदार से हड़प लिए साढ़े तीन करोड़

**फतेहपुर।** मौरंग कारोबारी समेत चार के खिलाफ तीन करोड़ 52 लाख की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। नामी कंपनियों का फर्जी वर्कआर्डर दिखाकर रकम का गबन किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। सदर कोतवाली क्षेत्र के अमरजई मोहल्ला निवासी राम प्रकाश सिंह ठेकेदारी करते हैं। एमआईजी आवास विकास निवासी जय कुमार सिंह उर्फ लाला सिंह और पत्नी मंजू सिंह, राधानगर उपकेंद्र के पास रहने वाले अंशू सिंह के परिचित हैं। इनके साथी कानपुर किदवई नगर वाई ब्लॉक निवासी सुरेंद्र सिंह चौहान से भी जान पहचान है। इन लोगों ने उन्हें बताया कि जेकेएस माइनिंग फर्म बनाई है। फर्म में माइनिंग, ट्रांसपोर्ट का काम है। कंपनी का सरकारी टेंडर भी है। उसे जीएमआर, एपको इंफ्राटेक जैसी बड़ी कंपनियों का 30 करोड़ का वर्क ऑर्डर दिखाया। वर्क आर्डर में निवेशकों की जरूरत बताई। निवेश धन को तीन साल में वापस और मुनाफे का 25 प्रतिशत हिस्सा देने की बात कही। उन्होंने अपनी फर्म शारदा कंस्ट्रक्शन कंपनी के खाते से जेकेएस माइनिंग सर्विस फर्म के संचालकों जयकुमार सिंह, मंजू सिंह, अंशू सिंह और सुरेंद्र सिंह के खातों में 2018 में कुल तीन करोड़ 52 लाख रुपये डलवाए। समय पूरा होने पर रुपये मांगे। रुपये मांगने पर सुरेंद्र सिंह ने जान से मारने की धमकी दी। तब तब धोखाधड़ी का शिकार होने का पता लगा।

# फतेहपुर नगर पालिका सीट पर भाजपा को दूसरी जीत का है दशकों से इंतजार

● 28 साल, 5 चुनाव और भाजपा को जीत मिली सिर्फ एक बार

● भाजपा ने पहली बार एक बड़े चेहरे को बनाया है प्रत्याशी

**संवाददाता।** फतेहपुर

**निकाय** चुनाव के राजनैतिक इतिहास में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का सिक्का सलीके से अब तक चल नहीं पाया है। नगर पालिका परिषद (फतेहपुर) की अध्यक्षी के 28 वर्षों में सिर्फ एक बार भाजपा इस सीट पर जीत हासिल करने में सफल रही तो वहीं प्रत्याशित के लिहाज से इतिहास दोहरा पाने में यह बड़ा दल पूरी तरह नाकाम साबित हुआ है, इसके लिए पार्टी की प्रयोगवादी राजनीति को भी काफी हद तक जिम्मेदार ठहराया जाता रहा है...! वहीं पार्टी ने पहली बार बड़े चेहरे के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष को प्रत्याशी बनाया है।

उल्लेखनीय है कि नगर पालिका/नगर पंचायतों के चुनावी इतिहास में भाजपा की सीधी दखल 1995 के करीब शुरु होने का हवाला मिलता है। उस समय सूबे में भाजपा की कल्याण सिंह सरकार थी। इस चुनाव में पार्टी ने एक विद्युत कर्मी की पत्नी राजकुमारी लोधी के रूप में अपरिचित सा चेहरा मैदान में उतारा था। इस चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, तिवारी कांग्रेस, सपा और बहुजन समाज पार्टी के भी प्रत्यासी उतरे थे किन्तु तत्कालीन सदर विधायक एवं कल्याण सरकार में बतौर कैबिनेट मंत्री शामिल बाबू राधे श्याम गुप्ता ने ऐसी चुनावी बिसात बिछाई कि सभी विरोधी औंधे मुंह गिरे और राजकुमारी भारी अन्तर से चुनाव जीत गईं किन्तु उनके बाद भी जारी रहे प्रयोग वादी रुख के चलते भाजपा को फिर कभी इस सीट पर सफलता नहीं मिल पाई। एक सरकारी कर्मी की पत्नी से शुरू हुई भाजपा की निकाय राजनीति ने यहां उतार चढ़ाव के कई सावन तो देखे किन्तु बाबू राधे श्याम के बाद फिर किसी जनप्रतिनिधि की चुनावी रणनीति सफलता का शिखर नहीं छू पाई!

मौजूदा चुनाव में भाजपा ने पुन: सवर्ण कार्ड खेला है और पहली बार किसी बड़े चेहरे को मैदान में उतारा है। छात्र राजनीति के साथ साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रह चुके प्रमोद द्विवेदी को चुनावी मैदान में उतारने के पीछे भाजपाई रणनीतिकार शहर क्षेत्र में बहुतायत संख्या में ब्राह्मण, काफी संख्या में कायस्थ, वैश्य और क्षत्रिय वोटबैंक को आधार बताते हैं।

# समलैंगिकता कानून के विरोध में महिला जागृति मंडल ने सौंपा ज्ञापन



**चित्रकूट।** समलैंगिकता कानून को लेकर देशभर में चल रही बहस के बीच सोमवार को धर्म नगरी चित्रकूट की हिन्दू संगठनों की महिलाओं ने कानून को भारतीय संस्कृति के खिलाफ बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद विश्व हिन्दू परिषद मातृ शक्ति संयोजिका संगीता करवरिया के नेतृत्व में डीएम व एसपी को ज्ञापन सौंपकर सरकार से कानून लागू न करने की मांग की। सोमवार को समलैंगिकता कानून को लेकर भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट की हिन्दू महिला संगठनों ने कड़ी नाराजगी जताते हुए मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद विश्व हिन्दू परिषद मातृ शक्ति, राष्ट्र सेविका समिति ,गायत्री परिवार, मानव अधिकार सुरक्षा संगठन से जुड़ी संगीता करवरिया, संजूला पांडेय, रोमा दास, आदि महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम-एसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपकर प्रधानमंत्री से राष्ट्र हित में समलैंगिकता कानून लागू न करने की मांग की।

विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही विश्व हिन्दू परिषद मातृ शक्ति की जिला संयोजिका संगीता करवरिया ने कहा कि देश में समलैंगिक विवाह को मान्यता नहीं दी जानी चाहिए। उन्होने साफ तौर पर कहा कि समलैंगिकता कानून भारतीय संस्कृति के खिलाफ है।

# रोचक दौर में पहुंचा कोटरा का निकाय चुनाव

● भाजपा के सियाशरण को अधिसंख्य मतदाताओं का खुला समर्थन

● समसुद्दीन चच्चा, राकेश स्वामी व उमा बल्लभ शांडिल्य भी अखाड़े में डटे

● चार निर्दलीय प्रत्याशियों ने चुनाव को बनाया रोचक

**संवाददाता।** कोटरा, जालौन



**इस** बार सभी राजनीतिक पार्टियों ने उच्च मानकों का पालन करते हुए स्वच्छ बेदाग छवि वाले प्रत्याशियों को मौका दिया है। जिन्होंने पार्टी के लिए पूरे समर्पण के साथ काम किया है। इसी वजह से अत्यंत रोचक संघर्ष देखने को मिल रहा है। जहां तक नगर पंचायत कोटरा के अध्यक्ष निर्वाचन की बात है। मतदाता अभी भी निर्णय की स्थिति में आने से दूर बने हुये हैं।

निकाय चुनाव में नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिये भारतीय जनता पार्टी ने इस बार समर्पित और संघर्षशील प्रत्याशी सियासरन व्यास को मैदान में उतारकर लोगों का मन जीतने का प्रयास किया है। सियाशरण उन आधारस्तंभ में है जिन्होंने शुरुआती दौर में संघर्ष करते हुए भारतीय जनता पार्टी को उच्च स्तर पर पहुंचाया है। राम मंदिर अभियान के अगुआ रहे श्री व्यास अपनी बेदाग छवि के लिए नगर में जाने जाते है।

इस लिहाज से चुनाव में सियाशरण व्यास को इसका भी लाभ मिलने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। तो वहीं बसपा प्रत्याशी राकेश स्वामी सामाजिक तौर पर सभी छोटे-बड़े के यहां समान रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहे हैं एवं अपनी बेदाग छवि के लिए शहर में जाने जाते हैं। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी उमा बल्लभ शांडिल्य शिक्षा जगत में अपनी सेवाओं के लिए चर्चित है एवं स्वच्छ एवं बेदाग छवि के मालिक हैं। कांग्रेस प्रत्याशी समसुद्दीन चच्चा भी स्वच्छ एवं बेदाग छवि के सहारे साधारण बैकग्राउंड एवं जन जन के चहेते होने के कारण अपनी धमाकेदार उपस्थिति दर्ज करा रहे है। लेकिन अभी तक वह सपा की राजनीति करते रहे हैं। लेकिन अब निकाय चुनाव में वह कांग्रेस के प्रत्याशी बनकर मैदान में डटे हुये हैं। इसके अलावा भी चार निर्दलीय प्रत्याशी भी अपनी बेदाग एवं स्वच्छ छवि के लिए लोगों का आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

जिनमें पूर्व चेयरमैन पातीराम सोनकर, सुदेवी ओमरे, संतोष पांचाल और कौशल केवट शामिल हैं।

# बसपा के जुलूस में दिखी सर्वसमाज की भागीदारी

**संवाददाता।** उरई, जालौन

**निकाय** चुनाव 2023 में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सभी प्रमुख राजनैतिक दलों ने जुलूस निकालकर अपनी ताकत का प्रदर्शन नगरवासियों के बीच किया। जिसमें बसपा के जुलूस में जहां सर्व समाज की भागीदारी दे जो संकेत दिये है उसको लेकर राजनैतिक पंडितों के बीच चर्चाओं का दौर शुरू हो गया तो वहीं भाजपा के द्वारा निकाले गये जुलूस में समर्थकों का अभाव रहा जिससे कार्यकर्ताओं में निराशा देखी गयी। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन उरई नगरीय क्षेत्र में सभासद पद के प्रत्याशियों से लेकर चेयरमैन पद के प्रत्याशी समर्थकों ने जुलूस निकालकर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। उरई पालिका से चेयरमैन पद की प्रत्याशी गिरजा चौधरी के प्रचार की कमान संभाले पूर्व चेयरमैन विजय चौधरी ने समर्थकों के भारी हुजूम के साथ जुलूस निकाला जिसमें सर्व समाज के लोगों की भागीदारी देख नगरवासी ही नहीं बल्कि अन्य राजनैतिक दलों के लोग भौचक्के रह गये। बसपा के जुलूस में जुटी भीड़ ने चुनाव किस करवट बैठेगा इसका इशारा कर दिया।

## पति के विकास कार्यों के नाम पर कैलाशी मांग रही समर्थन

**जालौन , उरई।** कैलाशी गुलाब जाटव ने प्रचार में ताकत झोंकी। नगर के विभिन्न वार्डों में जाकर उन्होंने वोट की अपील की। लोगों का साथ भी उन्हें मिलता नजर आ रहा है। जैसे जैसे चुनाव की तिथि नजदीक आती जा रही है। वैसे वैसे कैलाशी गुलाब जाटव का चुनाव प्रचार भी जोर पकड़ता नजर आ रहा है। सोमवार को नगर के करीब आधा दर्जन वार्डों में कैलाशी गुलाब जाटव का तूफानी जनसंपर्क अभियान चला। जिसमें उन्होंने लोगों को नगर में उनके पति गुलाब सिंह जाटव द्वारा कराए गए विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि उनके पति ने अपने पिछले कार्यकाल में नगर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

# राठौर-साहू समाज ने भाजपा नेत्री को दिया समर्थन



**संवाददाता।** जालौन, उरई

**राठौर** साहू समाज के साथ हुई बैठक में राठौर साहू समाज ने नेहा पुनीत मित्तल को अपना समर्थन देने की घोषणा की। इसके अलावा अन्य वर्गों के लोगों का भी समर्थन नेहा पुनीत मित्तल को मिल रहा है। नगर के गेस्ट हाउस में राठौर साहू समाज के साथ भाजपा पदाधिकारियों की बैठक हुई जिसमें नगर पालिका चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन ने भाजपा से नगर पालिका अध्यक्ष की प्रत्याशी नेहा पुनीत मित्तल को लेकर कहा कि भारतीय जनता पार्टी का ध्येय है कि समाज भ्रष्टाचार मुक्त हो और नए व आधुनिक भारत का निर्माण हो। नेहा पुनीत मित्तल ने कहा कि वह भ्रष्टाचार मुक्त नगर पालिका के साथ ही नगर को विकसित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगी।

## बगैर अनुमति प्रचार वाहनों पर होगी कार्रवाई : एसडीएम



**जालौन, उरई।** नगर निकाय के चुनावों में प्रचार वाहन की अनुमति लेना अनिवार्य है। चुनाव प्रचार के लिए अभी तक सिर्फ4 प्रत्याशियों ने 12 वाहनों की अनुमति ली है। एसडीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्याशी बिना अनुमति के चल रहे प्रचार वाहन खड़े करा लें। अन्यथा की स्थिति में उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। एसडीएम सुरेश कुमार ने बताया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। इसमें किसी प्रकार की रियायत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका चुनाव में 4 प्रत्याशियों ने ही 6 कार व 6 ई रिक्शा समेत कुल 12 प्रचार वाहन की अनुमति उनके कार्यकाल में ली गई है।

## कलश यात्रा में कृष्ण भक्तों की रही हिस्सेदारी

**जालौन, उरई।** आनंदेश्वरी हनुमान गढ़ी लहचूरा में श्री देवी महायज्ञ एवं साप्ताहित भागवत कथा कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। काफी संख्या में भक्तों ने कलश यात्रा में भाग लिया। लहचूरा स्थित आनंदेश्वरी हनुमान गढ़ी पर श्री देवी महायज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके पहले दिन शुभमुहूर्त में कथा स्थल से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में महिला भक्त अपने सिरों पर कलश रखे हुए आगे बढ़ रही थीं। वहीं, भक्तिगीतों की धुन पर श्रृद्धालु झूमते नाचते हुए आगे बढ़ रहे थे। कलश यात्रा गांव के विभिन्न मंदिरों और मार्गों से होते हुए पुनः कथा स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई। यज्ञाचार्य पंडित धीरेंद्र दीक्षित ने यज्ञ हवनोत्सव शुरू कराया।

# पेज एक का शेष

## सुलह की गुंजाइश...

**यह** सरकारी नीति के विशिष्ट या बुनियादी सिद्धांतों का उल्लंघन नहीं होगा। संविधान पीठ में न्यायमूर्ति कौल के अलावा न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एएस ओका, न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी भी शामिल थे। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष विकास सिंह ने फैसले पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वह इस फैसले के खिलाफ हैं और इसका कारण यह है कि हिंदू विवाह अधिनियम में संशोधन करने के लिए संभवत: दो बार विधेयक को संसद में पेश किया गया था, ताकि न सुधरने वाले रिश्तों के पहलुओं को भी तलाक के आधार के रूप में माना जाए, लेकिन संसद ने इसे दो बार खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, इसलिए, मेरे अनुसार, यह विशुद्ध रूप से एक ऐसा विषय था, जिस पर संसद द्वारा विचार किया गया था। उन्होंने आगे कहा, आप वैसे मामलों पर निर्णय दे सकते हैं, जहां आप पाते हैं कि एक ऐसा क्षेत्र था, जिस बारे में संसद ने चर्चा या विचार नहीं किया था, लेकिन संसद ने इस मुद्दे पर विचार किया था और इसे खारिज कर दिया था। सिंह ने कहा, जहां संसद पहले ही एक विशेष विषय पर गौर कर चुकी है और महसूस करती है कि कानून में संशोधन करने की आवश्यकता नहीं है, ऐसी स्थिति में न्यायिक आदेश द्वारा (फिर) वही काम करना उचित नहीं है। पीठ की ओर से न्यायमूर्ति खन्ना ने 61 पन्नों का फैसला लिखते हुए कहा, हमने कहा है कि इस अदालत के दो फैसलों में उल्लेखित जरूरतों और शर्तों के आधार पर छह महीने की अवधि दी जा सकती है। शीर्ष अदालत ने पिछले साल 29 सितंबर को मामले में अपना फैसला सुरक्षित रखा था। उसने दलीलों पर सुनवाई करते हुए कहा कि सामाजिक परिवर्तनों में थोड़ा समय लगता है और कई बार कानून बनाना आसान होता है, लेकिन समाज को इसके साथ बदलाव के लिए मनाना मुश्किल होता है। पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 142(1) के तहत शीर्ष अदालत की शक्ति और अधिकार क्षेत्र के दायरे तथा सीमा से संबंधित सवाल का जवाब देते हुए कहा कि शीर्ष अदालत प्रक्रिया के साथ-साथ मूल कानूनों से भी हट सकती है, यदि निर्णय मौलिक सामान्य और विशिष्ट सार्वजनिक नीति के विचारों के आधार पर इस्तेमाल किया जाता है। शीर्ष अदालत ने इस बात पर भी विचार किया कि क्या वह घरेलू हिंसा कानून, दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 या भारतीय दंड संहिता की धारा 498-ए और अन्य प्रावधानों के तहत आपराधिक मुकदमों का भी निपटारा कर सकती है। दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 125 पत्नियों, बच्चों और माता-पिता के भरण-पोषण के आदेश से संबंधित है, आईपीसी की धारा 498-ए एक विवाहित महिला के साथ क्रूरता के अपराध से संबंधित है। संविधान पीठ ने इस मुद्दे पर भी निर्णय दिया कि क्या कोई वादकार न सुधरने वाले रिश्तों को आधार बनाकर संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सीधे शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है या नहीं। इस प्रश्न के उत्तर में शीर्ष अदालत ने स्पष्ट कर दिया कि ऐसे मामलों में अनुच्छेद 32 के तहत शीर्ष अदालत में सीधे रिट याचिका नहीं दायर की जा सकती है। संविधान पीठ ने पूर्व में दिए गए शीर्ष अदालत के एक फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसी व्यवस्था दी गई है कि इस तरह के किसी भी प्रयास को खारिज कर दिया जाना चाहिए और न सुधरने वाले रिश्तों के आधार पर अनुच्छेद 32 के तहत शीर्ष अदालत के समक्ष या अनुच्छेद 226 के तहत उच्च न्यायालय के समक्ष तलाक की याचिका दायर करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

## हाईकोर्ट ने...

**मथुरा** की अदालत के फैसले को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी। संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा कि इस वाद को अब वर्ष 2022 के मुकदमा संख्या 353 के तौर पर दर्ज किया गया है। निचली अदालत द्वारा पहले ही 26 मई, 2022 को समन जारी किए जा चुके हैं और इस तरह से इस मामले को वापस निचली अदालत के पास भेजकर इसका निस्तारण किया जाता है। अदालत ने कहा, निचली अदालत मुकदमा संख्या 353 पर कानून की उचित प्रक्रिया का पालन कर निर्णय करे। सभी पक्ष अपनी दलीलें निचली अदालत के समक्ष रखने को स्वतंत्र हैं।

## खड़गे के...

**प्रियंक** ने आगे कहा कि हालांकि मोदी बंजारा समुदाय के बेटे होने का दावा करते हैं, लेकिन कर्नाटक में भाजपा शासन द्वारा आरक्षण पर भ्रम पैदा किया गया। उन्होंने कहा कि क्या बंजारा समाज के साथ अन्याय नहीं हुआ? शिवमोगा जिले के शिकारीपुरा में एदियुरप्पा के घर पर पत्थर क्यों फेंके गए? कलबुर्गी और जेवरगी में बंद क्यों रखा गया? आज आरक्षण को लेकर भ्रम की स्थिति है। अपने कार्यकाल के आखिरी दिनों में, राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 17 प्रतिशत करने और अनुसूचित जाति समुदायों के लिए आंतरिक कोटा प्रदान करने के लिए एक विधेयक पारित किया। इससे बंजारा जैसे समुदायों में रोष फैल गया, जिन्हें डर था कि आंतरिक आरक्षण के कारण आरक्षण में उनका हिस्सा कम हो जाएगा।

## आनंद मोहन...

उन्होंने उच्चतम न्यायालय में दायर अपनी याचिका में कहा है, जब मृत्यु दंड की जगह उम्रकैद की सजा सुनाई जाती है, तब उसका सख्ती से पालन करना होता है, जैसा कि न्यायालय का निर्देश है और इसमें कटौती नहीं की जा सकती। आनंद मोहन का नाम उन 20 कैदियों में शामिल है, जिन्हें जेल से रिहा करने के लिए राज्य के कानून विभाग ने इस हफ्ते की शुरूआत में एक अधिसूचना जारी की थी क्योंकि वे जेल में 14 वर्षों से अधिक समय बिता चुके हैं। बिहार जेल नियमावली में राज्य की महागठबंधन सरकार द्वारा 10 अप्रैल को संशोधन किए जाने के बाद आनंद मोहन की सजा घटा दी गई, जबकि ड्यूटी पर मौजूद लोकसेवक की हत्या में संलिप्त दोषियों की समय पूर्व रिहाई पर पहले पाबंदी थी। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना के रहने वाले जी. कृष्णैया की 1994 में एक भीड़ ने उस समय पीट-पीटकर हत्या कर दी थी, जब उनके वाहन ने मुजफ्फरपुर जिले में गैंगस्टर छोटन शुक्ला की शवयात्रा से आगे निकलने की कोशिश की थी। तब आनंद मोहन विधायक था और शवयात्रा में शामिल था।

## जीएसटी संग्रह...

मंत्रालय ने यह भी कहा कि मार्च 2023 में नौ करोड़ ई-वे बिल सृजित हुए जो फरवरी 2023 के 8.1 करोड़ बिल के मुकाबले 11 प्रतिशत अधिक है। सरकार ने अप्रैल के दौरान आईजीएसटी से 45,864 करोड़ रुपए केंद्रीय जीएसटी और 37,959 करोड़ रुपए राज्य जीएसटी का निपटान किया। नियमित निपटान के बाद केंद्र और राज्यों का अप्रैल 2023 में कुल राजस्व केंद्रीय जीएसटी के मामले में 84,304 करोड़ रुपए और राज्य जीएसटी के संदर्भ में 85,371 करोड़ रुपए रहा। जीएसटी संग्रह पर उद्योग मंडल एसोचैम के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि अप्रैल में रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह वित्त वर्ष 2023-24 की एक शानदार शुरुआत है। उन्होंने कहा, उपभोक्ता मांग में तेजी के साथ जीएसटी संग्रह का आंकड़ा देश की अर्थव्यवस्था की मजबूत वृद्धि का संकेत है।

# नगर पालिका में लगेगा भाजपा का सिक्सर: केशव प्रसाद मौर्या

**गाजीपुर।** निकाय चुनाव में सोमवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने गांधीपार्क आमघाट में नगर पालिका गाजीपुर के चुनाव में अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी व 25 भाजपा सभासदो सहित सभी नगर पालिकाए नगर पंचायत के भाजपा प्रत्याशियो को जीताने का अपील किया। डिप्टी सीएम केशव मौर्या ने कहा कि हम कमल का फूल खिलाने के लिए आया हूं और सम्मानित नगर पालिका के मतदाताओ से अपील है कि भाजपा को गाजीपुर में सिक्सर लगाने के लिए आशीर्वाद दें। उन्होने कहा कि 13 मई को मतगणना के बाद सपा-बसपा और कांग्रेस का एक साथ सफाया हो जायेगा। उन्होने कहा कि 100 मे 60 हमारा है, 40 में बंटवारा हैए बंटवारे में भी हिस्सा हमारा है क्योंकि हमने सबका साथ.सबका विकास किया है कमल का फूल विकास की गारंटी है, सपा-बसपा और कांग्रेस की सरकारो ने राजनीति का अपराधीकरण किया है। उन्होने गाजीपुर के मतदाताओ से अपील किया है कि विधानसभा में भाजपा के घावों को भरने का यह सही मौका है। सपा साफहो गयी है बसपा का पता नही है। गाजीपुर से गाजियाबाद तक बीजेपी की लहर चल रही हैए यूपी का सम्मान पूरे देश में बढ़ रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भानूप्रताप सिंह व संचालन रासबिहारी राय ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, एमएलसी विशाल सिंह चंचल, पूर्व मंत्री संगीता बलवंत, विजय मिश्रा, सुभाष पासी, रामनरेश कुशवाहा, संतोष जायसवाल, विनोद अग्रवाल, कृष्णबिहारी राय, लोकसभा प्रभारी सुनील उपाध्याय, जिला प्रभारी अशोक मिश्रा, ओमप्रकाश राय आदि लोग उपस्थित थे।

पायनियर
नई दिल्ली , मंगलवार, 2 मई, 2023



# यूक्रेन पर रूसी मिसाइल हमले में 34 लोग घायल

● कई इमारतों को नुकसान

भाषा। कीव



**रूस ने** सोमवार को तड़के यूक्रेन के पूर्वी शहर पावलोह्राद पर कई मिसाइलें दागीं जिसमें कम से कम 34 लोग घायल हो गए और कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के संपूर्ण राजधानी क्षेत्र में देर रात तीन बज कर लगभग 45 मिनट पर हवाई हमले के सायरन बजने लगे। इसके बाद विस्फोटों की आवाज़ें सुनाई दीं क्योंकि इन मिसाइलों को यूक्रेनी रक्षा प्रणालियों द्वारा रोक दिया गया था। यूक्रेनी सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ वालेरी जालुजनी ने कहा कि मरमांस्क क्षेत्र और कैस्पियन क्षेत्र में कुल मिलाकर 18 क्रूज मिसाइलें दागी गईं और उनमें से 15 मिसाइलों को रोक दिया गया। कीव शहर के प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको ने कहा कि शहर में दागी गई सभी मिसाइलों और कुछ ड्रोन को मार गिराया गया। उन्होंने कहा कि इस बारे में अधिक जानकारी बाद में उपलब्ध होगी। शुक्रवार को यूक्रेन में 20 से अधिक क्रूज मिसाइलों और दो विस्फोटक ड्रोन के जरिए हमला हुआ। यह लगभग दो महीनों में कीव को निशाना बनाने वाला पहला हमला था। हमले में, रूसी मिसाइलों ने कीव से लगभग 215 किलोमीटर दक्षिण में उमान शहर में एक रिहायशी इमारत को निशाना बनाया, जिसमें तीन बच्चों सहित 21 लोगों की मौत हो गई थी। सोमवार के हमले में मिसाइलों ने पूर्वी निप्रॉपेत्रोव्स्क क्षेत्र में पावलोह्राद को निशाना बनाया, जिसमें पांच बच्चों समेत 34 लोग घायल हो गए।

## सूडान में दोनों प्रतिद्वंद्वी पक्ष संघर्ष विराम के लिए सहमत : संयुक्त राष्ट्र प्रतिनिधि

**काहिरा।** सूडान की सेना और उसके प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बल के जनरल वार्ता के लिए अपने-अपने प्रतिनिधि संभवतः सउदी अरब भेजने के लिए सहमत हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस बीच, संघर्ष विराम की अवधि और तीन दिनों के लिए बढ़ाए जाने के बावजूद राजधानी खार्तूम में दोनों पक्षो के बीच झड़पें हुई है। सूडान के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष प्रतिनिधि वोल्कर पर्थेस ने कहा कि वार्ता में, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों की निगरानी में स्थिर एवं विश्वसनीय संघर्ष विराम स्थापित करने पर शुरूआत में जोर दिया जाएगा। पिछले हफ्ते अस्थाई संघर्ष विराम ने कुछ इलाकों में संघर्ष को घटाया है, जबकि अन्य क्षेत्रों में भीषण लड़ाई जारी है, जिसके चलते एक मानवीय संकट पैदा हो गया है। पर्थेस ने आगाह किया कि वार्ता की योजना पर अब भी विचार-विमर्श जारी है। अब तक, सिर्फ सेना ने घोषणा की है कि वह वार्ता के लिए तैयार है, जबकि इसके विरोधी एवं अर्द्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज ने सार्वजनिक रूप कोई बयान नही दिया है। जनरल अब्देल फत्तह बुरहान नीत सेना और जनरल मोहम्मद हमदान दागलो नीत अर्द्धसैनिक बल के बीच 15 अप्रैल को शुरू हुए संघर्ष के बाद से कोई भी वार्ता शांति स्थापना की दिशा मे प्रगति का पहला बड़ा संकेत होगा। सूडानी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, तब से आम नागरिक और लड़ाकों सहित करीब 530 लोग मारे गए है, जबकि 4,500 अन्य घायल हुए है। सउदी अरब के अधिकारियो के अनुसार, सोमवार को अमेरिकी नौसेना का एक जहाज 308 लोगो को पोर्ट सूडान से जेद्दा स्थित सउदी बंदरगाह ले गया। खार्तूम के हिस्सों मे और पड़ोसी शहर मे विस्फोटो की आवाज सुनाई दी। स्थानीय लोगो ने यह जानकारी दी। दोनो प्रतिद्वंद्वी पक्षो ने रविवार देर शाम घोषणा की थी कि वे मानवीय संघर्ष-विराम अगले 72 घंटे के लिए बढ़ाएंगे।

## फातिमा भुट्टो ने निकाह के बाद कराची में हिंदू मंदिर के दर्शन किए

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत जुल्फिकार अली भुट्टो की पोती फातिमा भुट्टो ने अपनी शादी के बाद हिंदू मंदिर के दर्शन कर नई मिसाल कायम की। फातिमा के इस कदम से सोशल मीडिया पर हलचल मच गई। कुछ लोगों ने उनकी तारीफ की तो अन्य पूछा कि वह वहां क्या करने गई थीं। फातिमा (40) पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत बेनजीर भुट्टो की भतीजी और मुर्तजा भुट्टो की बेटी हैं। शुक्रवार को यहां उनके दादा के पुस्तकालय में सादगी से उनका निकाह हुआ। फातिमा और उनके पति ग्राहम जिब्रान ने रविवार को कराची में ऐतिहासिक महादेव मंदिर जाकर सोशल मीडिया पर हलचल पैदा कर दी। वह हिंदू सिंधियों के सम्मान में मंदिर पहुंचे थे, जिनकी जड़ें प्राचीन काल से कराची से जुड़ी हुई हैं। मीडिया में आईं खबरों के अनुसार फातिमा के पति ग्राहम ईसाई हैं और अमेरिकी नागरिक हैं।

## क्विक न्यूज

### इजराइल का संसदीय सत्र आरंभ, न्यायपालिका में परिवर्तनों को लेकर सांसदों के बीच हो सकती है तीखी बहस

**तेल अवीव।** इजराइली संसद का सत्र एक महीने के अंतराल के बाद सोमवार को फिर से आरंभ हुआ और इस दौरान न्यायपालिका में आमूलचूल परिवर्तनो की सरकार की योजना को लेकर सांसदो के बीच तीखी बहस हो सकती है। इस योजना को लेकर इजराइल के लोग बंटे हुए हैं जबकि देश के सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी अमेरिका ने भी इस पर चिंता जताई है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष और रिपब्लिकन पार्टी के नेता केविन मैकार्थी सोमवार को इजराइली संसद (नेसेट) को संबोधित करेंगे, जिसके बाद इस योजना को लेकर तनाव के अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई देने की आशंका है। सरकार मैकार्थी की इस यात्रा को इजरायल के प्रति अमेरिका के समर्थन के तौर पर पेश कर रही है। जानकारों का मानना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति तथा डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जो बाइडन को संदेश देने के लिए रिपब्लिकन पार्टी के नेता मैकार्थी को काफी सम्मान प्रदान किया जा रहा है। मैकार्थी 1998 मे न्यूट गिंग्रिच के बाद नेसेट को संबोधित करने वाले प्रतिनिधि सभा के दूसरे अध्यक्ष है।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे साल के अंत तक जातीय संघर्ष खत्म करने के इच्छुक

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने सोमवार को कहा कि वह अल्पसंख्यक तमिल समुदाय के साथ जातीय संघर्ष को इस साल के अंत तक निपटाने के इच्छुक है क्योंकि नकदी संकट से जूझ रहा देश लंबे समय से लंबित इस मुद्दे को हल करने पर आईएमएफ के राहत पैकेज से ही आगे बढ़ सकता है। विक्रमसिंघे ने अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर अपने संदेश मे कहा कि उन्हे इस साल के अंत तक देश के लंबे समय से चले आ रहे जातीय संघर्ष को हल करने के लिए समझौते पर पहुंचने की उम्मीद है। देश आईएमएफ (अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष) कार्यक्रम के साथ तभी आगे बढ़ सकता है जब दो शर्ते पूरी हो। एक यह है कि हमे जातीय संघर्ष को सुलझाना चाहिए। हम इस पर अपनी बातचीत जारी रखे हुए है। मै इस साल के अंत तक किसी समझौते पर पहुंचने की उम्मीद करता हूं। हमें किसी भी समुदाय को कमजोर नही करना चाहिए। हमें सिंहली बहुसंख्यक, तमिल, मुस्लिम, बर्गर और अन्य अल्पसंख्यक समूहो की रक्षा के लिए आगे बढ़ना चाहिए। हमे इसे हासिल करने के लिए समर्पित होना चाहिए।

### राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी शुक्रवार को करेगी प्रचंड नीत सरकार में शामिल होने पर कोई फैसला

**काठमांडू।** नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) शुक्रवार को निर्णय लेगी कि वह सरकार मे शामिल होगी है अथवा नही। आरएसपी के एक वरिष्ठ नेता ने सोमवार को यह जानकारी दी। इससे एक दिन पहले पार्टी के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड से यहां मुलाकात की थी। नेपाली संसद मे चौथी सबसे बड़ी पार्टी आरएसपी ने हाल ही मे हुए उपचुनाव मे प्रतिनिधि सभा की तीन मे से दो सीटें जीती थी। इससे निचले सदन मे पार्टी के सदस्यो की संख्या बढ़कर 22 हो गई। सोमवार को आरएसपी की केन्द्रीय समिति की बैठक के बाद पार्टी महासचिव एवं प्रवक्ता मुकुल धाकल ने संवाददाताओ से कहा कि वर्तमान सरकार मे शामिल होना है अथवा नही, इस पर कोई निर्णय लेने के लिए शुक्रवार को बैठक बुलाई गई है। समाचारपत्र माई रिपब्लिका की रिपोर्ट के अनुसार केन्द्रीय समिति के सदस्यों ने सरकार में शामिल होने के मुद्दे पर अलग-अलग राय दी है।

### अमेरिका में 200 से अधिक स्थानों पर मन की बात की 100वीं कड़ी के लिए कार्यक्रमों का आयोजन

**वाशिंगटन,।** भारतीय समुदाय के संगठनो ने प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो संबोधन की 100वी कड़ी का जश्न मनाने के लिए अमेरिका मे 200 से अधिक स्थानो पर मन की बात सुनने के लिए कार्यक्रमो का आयोजन किया। रेडियो संबोधन की विभिन्न कड़ियो मे प्रधानमंत्री ने विश्व मे रह रहे भारतीय समुदाय द्वारा किए गए योगदान पर प्रकाश डाला है। संगठन ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा कि मन की बात की 100वी कड़ी से जुड़े कार्यक्रम रविवार को ग्रेटर वाशिंगटन डीसी क्षेत्र मे 24 स्थानो पर आयोजित किए गए, जिसमे राष्ट्रीय राजधानी और मैरीलैंड तथा वर्जीनिया जैसे दो पड़ोसी राज्य शामिल है। सिख समुदाय ने भी मैरीलैंड के एलक्रिज मे एक कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रसाद ने कहा, कैलिफोर्निया से न्यू इंग्लैड तक, मिशिगन से टेक्सास तक, नेवादा से मिड-अटलांटिक तक, लोगो ने हर जगह शिरकत की( विदेश मंत्री एस जयशंकर रविवार को न्यू जर्सी मे एक विशेष सामुदायिक कार्यक्रम मे भारतीय समुदाय के सदस्यो की एक बड़ी सभा मे शामिल हुए।

### भारत, पाकिस्तान के हिंदू श्रद्धालुओं ने बलूचिस्तान में प्रसिद्ध हिंगलाज माता उत्सव में भाग लिया

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत मे कोविड-19 महामारी के कारण दो साल के विराम के बाद सदियो पुराना वार्षिक हिंगलाज माता उत्सव फिर से शुरू हुआ और इसमे भारत व अन्य देशो के श्रद्धालुओ ने भाग लिया। बलूचिस्तान मे लासबेला जिले के कुंड मलिर क्षेत्र मे स्थित प्राचीन मंदिर को हिंदू सभ्यता के सबसे बड़े तीर्थ स्थलो मे से एक माना जाता है। यह दुनिया भर के पांच प्राचीन हिंदू मंदिरो मे से एक है। बलूचिस्तान के सीनेटर दानेश कुमार ने कहा, हमने पिछले साल और इस साल भी त्योहार के लिए हिंदू तीर्थयात्रियों की बड़ी भीड़ देखी, क्योंकि यह कोविड महामारी के कारण दो साल तक आयोजित नही हो सका था। उन्होंने कहा कि सैकड़ो हिंदू विदेशो से भी आए और कुछ भारत से भी तीन दिवसीय धार्मिक उत्सव के लिए पहुंचे। कुमार ने कहा, मकरान तटीय राजमार्ग के माध्यम से शहरी पाकिस्तान से जुड़ने के बाद ऐतिहासिक मंदिर तक अब आसानी से पहुंचा जा सकता है।

### ट्रंप के वकील ने पक्षपातपूर्ण रवैए का हवाला देते हुए बलात्कार मामले पर रोक लगाने की मांग की

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वकील ने अपने मुवक्किल के खिलाफ दर्ज बलात्कार के मामले पर रोक लगाने का सोमवार को अनुरोध किया और कहा कि संघीय अदालत मे दीवानी मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश ट्रंप के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैया रखते है। अटॉर्नी जोए टैकोपीना ने न्यायाधीश लुई ए. कैपलन के व्यापक रूप से अनुचित और पक्षपातपूर्ण फैसलो का हवाला देते हुए मामले पर रोक लगाने का अनुरोध किया।

### भारतीय मूल की अभिनेत्री एवं लेखिका मीरा स्याल बाफ्टा की फेलोशिप से सम्मानित

**लंदन।** ब्रिटेन में रहने वाली भारतीय मूल की लोकप्रिय अभिनेत्री एवं लेखिका मीरा स्याल को ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (बाफ्टा) की फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। ब्रिटेन में फिल्म अथवा टेलीविजन के क्षेत्र में उत्कृष्ट और असाधारण योगदान देने के लिए किसी व्यक्ति को बाफ्टा द्वारा दिया जाने वाला यह सर्वोच्च सम्मान है। पंजाबी माता-पिता की संतान और इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र में पली-बढ़ी मीरा स्याल (61) को नाट्य और साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा एमबीई और फिर सीबीई से सम्मानित किया गया था।

### ब्रिटेन की पूर्व गृह मंत्री को धमकी भरा पत्र भेजने के जुर्म में एक व्यक्ति को जेल

**लंदन।** ब्रिटेन की पूर्व गृह मंत्री प्रीति पटेल को धमकी भरा पत्र भेजने के जुर्म मे 65 वर्षीय एक व्यक्ति को पांच माह जेल की सजा सुनाई गई है। लंदन की वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत ने पिछले सप्ताह पुनीराज कनकिआ को यह सजा सुनाई। क्राउन प्रॉसीक्यूशन सर्विस (सीपीएस) ने कहा कि प्रीति पटेल के नाम के इस पत्र में ऊपर व्यक्तिगत पत्र लिखा था और इसे पटेल के कार्यालय के एक कर्मचारी ने पिछले वर्ष 22 जनवरी को खोला था। उस वक्त पटेल गृह मंत्री थी।

### इमरान खान की पीटीआई को गहरा नुकसान होगा : पाक सरकार

**इस्लामाबाद।** नेशनल असेंबली को, चुनाव संबंधी वार्ता के सफल नतीजे के लिए 14 मई तक भंग करने की इमरान खान की मांग को अव्यावहारिक करार देते हुए पाकिस्तान के सत्तारूढ़ गठबंधन ने पूर्व प्रधानमंत्री को आगाह किया है कि अगर वार्ता विफल रही तो उनकी पार्टी को भारी नुकसान होगा क्योंकि चुनाव मे एक साल का विलंब हो सकता है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाले संघीय गठबंधन और इमरान खान की पार्टी पीटीआई के बीच मंगलवार को होने वाली तीसरे दौर की बातचीत से पहले सरकार ने खान से कहा कि वह बंदूक के दम पर बातचीत नही कर सकते। डॉन अखबार की खबर में पीएमएल-एन के महासचिव और संघीय विकास मंत्री अहसान इकबाल के हवाले से कहा गया है।

### मिस्र में चार साल से हिरासत में रखे गए पत्रकार को रिहा किया गया: अल जजीरा

**दुबई।** समाचार नेटवर्क अल जजीरा ने सोमवार को कहा कि 2019 से मिस्र मे हिरासत मे रखे गए उसके एक संवाददाता को रिहा कर दिया गया है। कतर द्वारा वित्तपोषित नेटवर्क ने दोहा मे कहा कि उसके अल जजीरा मुबाशेर चैनल के प्रोड्यूसर हिशाम अब्देल अजीज रिहा हो गए है। वही, मिस्र ने इस घटनाक्रम के बारे में कुछ नही कहा। इसके विदेश मंत्रालय ने टिप्पणी मांगे जाने के अनुरोध का तुरंत जवाब नही दिया। मिस्र के पत्रकार संघ के प्रमुख खालिद अल-बाल्शी ने कहा कि अब्देल अजीज को रविवार को रिहा कर दिया गया। वही, अजीज की पत्नी ने अपने पति की रविवार को एक तस्वीर ऑनलाइन पोस्ट की और ईश्वर का शुक्रिया अदा किया।

### चीन में रसायन संयंत्र में विस्फोट से पांच लोगों की मौत

**बीजिंग।** पूर्वी चीन के शेनडोंग प्रांत मे सोमवार को एक रसायन फैक्टरी मे हुए विस्फोट मे कम से कम पांच लोगो की मौत हो गई। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। सरकारी समाचार पत्र चाइना डेली की खबर के अनुसार लियाओचेंग शहर मे लक्सी केमिकल ग्रुप के हाइड्रोजन पेरोक्साइड उत्पादन क्षेत्र मे विस्फोट हुआ।

## चीन ने यूएनएससी सुधारों में विकासशील देशों को प्रतिनिधित्व देने की मांग की, भारत के नाम पर चुप




भाषा। बीजिंग

**चीन ने** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधारों को लेकर अपना रुख बरकरार रखते हुए कहा है कि विकासशील देशों, खासकर छोटे और मध्यम देशों को ज्यादा प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए, लेकिन उसने भारत और अन्य देशों की इस अपील पर सीधे प्रतिक्रिया देने से परहेज किया कि विश्व निकाय की शीर्ष इकाई का विस्तार किया जाना चाहिए और इसमें उन्हें भी शामिल किया जाना चाहिए। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की केंद्रीय समिति के विदेश मामलों के आयोग के कार्यालय निदेशक वांग ई ने शनिवार को बीजिंग में यूएनएससी सुधारों पर अंतर सरकारी वार्ता (आईजीएन) के सह-अध्यक्ष तारेक एम ए एम अल्बानाई और अलेक्जेंडर मार्शिक से मुलाकात की और विश्व निकाय के शीर्ष अंग के पुनर्गठन पर चीन के रुख को रेखांकित किया। फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका के साथ-साथ चीन भी 15 सदस्ईय सुरक्षा परिषद का स्थाई एवं वीटो शक्ति प्राप्त सदस्य है। सुरक्षा परिषद के पांच स्थाई सदस्य हैं, जबकि शेष 10 सदस्यों को दो साल की अवधि के लिए गैर-स्थाई सदस्यों के रूप में चुना जाता है और उनके पास वीटो शक्ति नहीं होती। परिषद में सुधार संबंधी वर्षों के प्रयासों में भारत सबसे आगे रहा है और वह यह कहता रहा है कि नई दिल्ली संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष इकाई में स्थाई सदस्य के रूप में जगह पाने का वास्तविक हकदार है। आईजीएन प्रतिनिधियों के साथ अपनी बातचीत में वांग ने कहा कि सुरक्षा परिषद के सुधार में निष्पक्षता और न्याय बनाए रखने के प्रयास किए जाने चाहिए, विकासशील देशों का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाना चाहिए।

## मालदीव पहुंचने पर राजनाथ सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया गया



भाषा। नई दिल्ली हिंद महासागर

**क्षेत्र में चीन** के बढ़ते सैन्य दबदबे की पृष्ठभूमि में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मालदीव की उनकी समकक्ष मारिया दीदी ने सोमवार को मुलाकात कर द्विपक्षीय सैन्य संबंधों का विस्तार करने पर सहमति जताई और नियम आधारित वैश्विक व्यवस्था को कायम रखने का आह्वान किया। राजनाथ सिंह ने मालदीव की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के पहले दिन मारिया दीदी और मालदीव के रक्षा बलों के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ व्यापक रूप से बातचीत की। राजनाथ सिंह का सोमवार को मालदीव पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मालदीव की रक्षा मंत्री मारिया दीदी ने उत्तरी माले एटोल में स्थित वेलाना हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी की। रक्षा मंत्रालय ने कहा, एक विशेष भाव के रूप में, द्विपक्षीय संबंधों में गर्माहट को दर्शाते हुए मालदीव की रक्षा मंत्री मारिया दीदी ने प्रोटोकॉल तोड़ा और हवाईअड्डे पर पहुंचने पर व्यक्तिगत रूप से रक्षा मंत्री का स्वागत किया। राजनाथ सिंह ने मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद के साथ भी बातचीत की और उनके साथ भारत द्वारा मालदीव में रक्षा और बुनियादी ढांचा सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की। सिंह-दीदी वार्ता पर, रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बैठक में आपसी सहयोग और द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा साझेदारी को और मजबूत करने के लिए नई पहल से संबंधित मामलों पर चर्चा की गई। राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया, माले में आज हमारी मुलाकात बहुत अच्छी रही। हमने भारत और मालदीव के बीच रक्षा साझेदारी को और बढ़ाने सहित कई विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। मालदीव के रक्षा बलों के प्रमुख मेजर जनरल अब्दुल्ला शमाल और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने राजधानी माले के पास स्थित हवाई अड्डे पर राजनाथ सिंह का स्वागत किया। मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, राजनाथ सिंह की यात्रा दोनों देशों के बीच संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर को दर्शाती है क्योंकि यह दोनों देशों के बीच मौजूदा रक्षा संबंधों में गतिशीलता और उत्साह के एक नए स्तर को लाती है।

## मजदूर दिवस : दुनिया भर में श्रमिकों ने काम की बेहतर स्थितियों को लेकर रैलियां निकाली

भाषा। सियोल

**दुनिया** भर में श्रमिकों और कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मजदूर दिवस पर उच्च वेतन, कामकाजी घंटों में कमी और काम करने की अन्य बेहतर स्थितियों की मांग करते हुए रैलियां निकाली। फ्रांस में श्रमिक संघों ने राष्ट्रपति एमैनुअल मैक्रों के सेवानिवृत्त की आयु 62 से बढ़ाकर 64 वर्ष किए जाने के हालिया कदम के विरोध में व्यापक प्रदर्शन करने की योजना बनाई। एक मई को आने वाले मजदूर दिवस को कई देशों में मजदूरों के अधिकारों का जश्न मनाने के तौर पर मनाया जाता है और इस दिन रैलियां, मार्च तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कोविड-19 संबंधी पाबंदियां हटने के कारण इस साल इन रैलियों में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। तुर्किए के स्वतंत्र टेलीविजन स्टेशन सोजकु ने बताया कि पिछले वर्षों की तरह ही देश में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के एक समूह को इस्तांबुल के मुख्य चौराहे तक्सिम तक पहुंचने से रोका और कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। इस चौराहे का तुर्किए के मजदूर संघों के लिए सांकेतिक महत्व है। अज्ञात बंदूकधारियों ने 1977 में तक्सिम में मजदूर दिवस मना रहे लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी की थी जिससे भगदड़ मच गई थी और कई लोग मारे गए थे। राष्ट्रपति रज्जब तैय्यब एर्दोआन की सरकार ने प्रदर्शनकारियों के तक्सिम पहुंचने तक रोक की घोषणा कर रखी है। इस बीच, छोटे समूहों को तक्सिम में पुष्पांजलि अर्पित करने की अनुमति दी गई है। पाकिस्तान में प्राधिकारियों ने तनावपूर्ण सुरक्षा स्थिति या राजनीतिक वातावरण के कारण कुछ शहरों में रैलियों पर प्रतिबंध लगाया है। देश के अशांत क्षेत्र पेशावर में श्रमिक संगठनों और श्रमिक संघों ने मजदूरों के बेहतर अधिकारों की मांग को लेकर बंद कमरे में कार्यक्रम आयोजित किए। श्रमिक संघ के नेता सैफुल्लाह खान ने कहा कि मुल्क में महंगाई और आर्थिक हालात लोगों की जिंदगी को मुश्किल बना रहे हैं।

### श्रीलंका को वर्ष 2048 तक विकसित देश बनाएं

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने सोमवार को देश के सभी श्रमिकों को वर्ष 2048 तक नकदी संकट से जूझ रहे द्विपीय राष्ट्र को विकसित देश बनाने में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। श्रीलंका 2048 मे ब्रिटेन से अपनी स्वतंत्रा की 100 वी वर्षगांठ मनाएगा। अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस के मौके पर अपने संदेश में उन्होंने कहा कि किसी देश की आर्थिक प्रगति मे काम करने वाले लोगो की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देना महत्वपूर्ण है।

## राज कपूर की हवेली पर स्वामित्व मांगने संबंधी याचिका खारिज



भाषा। **पेशावर**

**पाकिस्तान** की एक अदालत ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की राजधानी पेशावर स्थित दिवंगत बॉलीवुड अभिनेता राज कपूर की हवेली पर स्वामित्व की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। इस हवेली को 2016 में प्रांतीय सरकार ने राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया था। पेशावर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश इश्तियाक इब्राहिम और न्यायाधीश अब्दुल शकूर की पीठ ने बृहस्पतिवार को याचिकाकर्ता के स्वामित्व दावे से जुड़े मामले को खारिज कर दिया। यहां प्रसिद्ध किस्सा ख्वानी बाजार में स्थित दिवंगत बॉलीवुड अभिनेता दिलीप कुमार की हवेली के अधिग्रहण की प्रक्रिया से संबंधित इसी अदालत के पहले के फैसले के आलोक में उच्च न्यायालय ने राज कपूर की हवेली पर स्वामित्व से संबंधित याचिका को खारिज कर दिया। दिलीप कुमार की हवेली को भी राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया गया था।

### इस्लामिक स्टेट के नेता को मार गिराया

**अंकारा।** तुर्किए के सुरक्षाबलो ने सीरिया मे एक अभियान मे आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) के एक नेता को मार गिराया है। तुर्किए के राष्ट्रपति रज्जब तैय्यब एर्दोआन ने रविवार देर रात यह जानकारी दी। एर्दोआन ने कहा कि आईएस नेता को शनिवार को हुए एक हमले मे मार गिराया गया।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री अतिन शर्मा पुत्र श्री दिनेश शर्मा ने मोहल्ला प्रहलाद नगर, तहसील एवं जिला मेरठ में स्थित मकान नंबर 84/2, एरिया परिमाप 100 वर्ग गज, पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 14.01.1986 के माध्यम से मालिक हैं पुस्तक सं. 01, खंड सं. 3218, दस्तावेज़ सं. 425 पृष्ठ सं. 261/264 श्रीमती भगवती पत्नी श्री राम रोहतगी द्वारा श्रीमती कांति देवी पत्नी श्री कृष्ण के पक्ष में निष्पादित, बिक्री विलेख खो गया है जिसकी सूचना श्री अतिन शर्मा ने दिनांक 06.04.2023 को मेरठ पुलिस को दी है। सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री अतिन शर्मा और श्रीमती रितु शर्मा उक्त संपत्ति को इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के पास गिरवी रख रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफएफ 18, लोटस पौन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम
गाजियाबाद 201014. ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

## सबसे लुप्तप्राय बड़े स्तनधारियों में एशियाई हाथी



● सवा तीन सौ साल में एशिया में मानव गतिविधियों ने हाथियों के निवास दो-तिहाई घटाए

भाषा। वाशिंगटन

### हाथी पारिस्थितिकी तंत्र को परिभाषित करना

एशियाई हाथियो की होम-रेंज का आकार कुछ सौ वर्ग मील से लेकर कुछ हज़ार मील तक कही भी भिन्न हो सकता है। लेकिन चूंकि हम यह नही जान सकते थे कि सदियो पहले हाथी वास्तव मे कहां रहे होंगे, इसलिए हमें संभावनाओं का मॉडल इस आधार पर बनाना था कि वे आज कहां पाए जाते है। उन पर्यावरणीय विशेषताओ की पहचान करके जो उन स्थानो से मेल खाती है जहां अब जंगली हाथी रहते है, हम उन स्थानो की पहचान कर सकते है जहां वे संभावित रूप से अतीत में रह सकते थे। सिद्धांत रूप में, यहै अच्छै आवास का प्रतिनिधित्व करना चाहिए। आज कई वैज्ञानिक इस प्रकार के मॉडल का उपयोग विशेष प्रजातियो की जलवायु आवश्यकताओ की पहचान करने के लिए कर रहे है और भविष्यवाणी करते है कि उन प्रजातियो के लिए उपयुक्त क्षेत्र भविष्य के जलवायु परिवर्तन परिदृश्यो के तहत कैसे बदल सकते है। हमने जलवायु परिवर्तन के अनुमानो के बजाय भूमि-उपयोग और भूमि-आच्छादन प्रकारो का उपयोग करते हुए समान तर्क को पूर्वव्यापी रूप से लागू किया।

**अपनी प्रतिष्ठित** स्थिति और मनुष्यों के साथ लंबे जुड़ाव के बावजूद, एशियाई हाथी सबसे लुप्तप्राय बड़े स्तनधारियों में से एक हैं। माना जाता है कि दुनिया भर में 45,000 और 50,000 की आबादी के बीच, वे वनों की कटाई, खनन, बांध निर्माण और सड़क निर्माण जैसी मानवीय गतिविधियों के कारण पूरे एशिया में जोखिम में हैं, जिसने कई पारिस्थितिकी तंत्रों को नुकसान पहुंचाया है। मेरे सहकर्मी और मैं यह जानना चाहते थे कि कब मानव क्रियाओं ने वन्यजीवों के आवासों और आबादी को इस हद तक विखंडित करना शुरू कर दिया जैसा आज देखा जा रहा है। हमने इन प्रभावों को इस प्रजाति की जरूरतों के माध्यम से विचार करके निर्धारित किया है। एक नए प्रकाशित अध्ययन में, हमने एशियाई परिदृश्यों के सदियों पुराने इतिहास की जांच की जो कभी उपयुक्त हाथी आवास थे और अक्सर औपनिवेशिक युग से पहले स्थानीय समुदायों द्वारा प्रबंधित किए जाते थे। हमारे विचार में, इस इतिहास को समझना और इनमें से कुछ संबंधों को पुनर्स्थापित करना भविष्य में हाथियों और अन्य बड़े जंगली जानवरों के साथ रहने की कुंजी हो सकती है। मनुष्यों ने वन्यजीवों को कैसे प्रभावित किया है? एशिया जैसे बड़े और विविध क्षेत्र में और एक सदी से भी पहले वन्य जीवन पर मानव प्रभावों को मापना आसान नहीं है। कई प्रजातियों के लिए ऐतिहासिक डेटा विरल है। उदाहरण के लिए, संग्रहालयों में केवल कुछ स्थानों से एकत्र किए गए नमूने होते हैं। कई जानवरों की बहुत विशिष्ट पारिस्थितिक आवश्यकताएं भी होती हैं, और अतीत में बहुत दूर तक जाने के लिए अक्सर इन सुविधाओं पर पर्याप्त डेटा नहीं होता है। उदाहरण के लिए, एक प्रजाति विशेष जलवायु या वनस्पति को पसंद कर सकती है जो केवल विशेष ऊंचाई पर होती है। लगभग दो दशकों से मैं एशियाई हाथियों का अध्ययन कर रहा हूँ।

## ड्रोन से बुआई और ई-बीज

भाषा। पर्थ (ऑस्ट्रेलिया)

**एक ड्रोन लकड़ी** के एक छोटे प्रक्षेप्य को खेत में गिराता है, जिसमें तीन तरफ सर्पदार सिरे निकले हुए हैं और उनकी नोक पर एक बीज लगा हुआ है। यह धीरे-धीरे जमीन पर उतरता है और बारिश होने तक मिट्टी के तत्वों के संपर्क में रहता है। फिर, नमी लकड़ी के तंतुओं में प्रवेश करती है, और सर्पिल सिरे मुड़ने लगते हैं, जिससे धीरे-धीरे बीज मिट्टी की तरफ जाने लगता है, जहां यह अंकुरित होगा। हाल ही में नेचर में प्रकाशित इस अविश्वसनीय बीज वाहक का डिज़ाइन, कुछ घास प्रजातियों के अपने आप खत्म हो जाने वाले तंत्र से प्रेरित था। लेखकों के अनुसार, ए बीज वाहक, जिन्हें ई-बीज के रूप में भी जाना जाता है, विभिन्न प्रजातियों के लिए विभिन्न आकारों में बनाए जा सकते हैं और हवाई जहाज या ड्रोन द्वारा खस्ताहाल पारिस्थितिक तंत्र की सेहत सुधारने के लिए गिराए जा सकते हैं। इस जैव-प्रेरित इंजीनियरिंग चमत्कार ने बहुत से लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा है और इसकी खुले दिल से सराहना भी की है।

### कृषि में इनोवेशन पर जोर होगा

**नोएडा।** लीड्स कनेक्ट सर्विसेज किसान उत्पादक संगठनों के लिए मार्केटिंग रणनीतियों को लेकर एग्रीबिजनेस व इनोवेशन प्लेटफॉर्म इंटरनेशनल क्रॉप्स रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर द सेमी,एरीड ट्रॉपिक्स के सहयोग से एक कार्यक्रम 28 अप्रैल को हैदराबाद में आयोजित किया। लीड्सकनेक्ट सर्विसेज के चेयरमैन व प्रबंध निदेशक नवनीत रविकर ने आई सी आर आई एस ए टी का प्रतिनिधित्व कर रहे डॉ. विक्टर अफ़ारी.सेफा के साथ एम ओ यू पर हस्ताक्षर किए। विक्टर घाना के नागरिक हैं और वह मार्च 2022 में आई सी आर आई एस ए टी के ग्लोबल रिसर्च प्रोग्राम इनेबलिंग सिस्टम्स ट्रांसफॉर्मेशन के डायरेक्टर के तौर पर आई सी आर आई एस ए टी के साथ जुड़े।

**NOTICE**
**REGD/AD / DASTI**
**ANNEXURE-A**
**STATE CONSUMER DISPUTES REDRESSAL COMMISSION, HARYANA BAYS NO. 3-6, SECTOR 4, PANCHKULA**
**NO. SCDRC/All/2023**
**DATED PANCHKULA**
**C.M. No. 334. Of 2022 in E.A. No. 03 of 2012C.C. NO.53 OF 2011**
**Nameesh Miglani,**
APPELLANT(S)
**VERSUS**
**M/s JMD Promoters Ltd,**
RESPONDENT(S)
**NOTICE TO THE RESPONDENT(S)**
To
**Nameesh Miglani S/o Sh. S.N. Miglani. Resident of 15- D Pocket-1. DDA Flats. Ssector-7. Dwarka, New Delhi.**
Whereas, it has been proved to the satisfaction of the Commission that the Decree Holder / Complaint / Appellant above noted cannot be served in the ordinary way of service. Hence, this proclamation is hereby issued against decree holder / Complaint / Appellant named above to appear either personally or through their counsel or duly authorized representative on 21.07.2023 at 10.30 am. and also bring with you all the documents / evidence upon which you intend to reply, failing which proceedings shall be taken against them in their absence.
Given under my hand and the seal of this Commission this on 22th day of march, 2023.
**SUPERINTENDENT**

# अमित शाह ने कर्नाटक में किया विशाल रोड शो

## ● कहा-भाजपा सरकार ने चार प्रतिशत मुस्लिम कोटा खत्म कर दिया

**भाषा।** गुब्बी (कर्नाटक)



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को यहां एक विशाल रोड शो किया, जिस दौरान उन्होंने लोगों से 10 मई को होने जा रहे कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए समर्थन मांगा।

शाह विशेष रूप से डिजाइन किए गए एक वाहन पर खड़े थे और उनके साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तुमकुर से सांसद जी एस बसवराज तथा पार्टी के अन्य नेता भी थे। मार्ग के दोनों ओर और आस-पास की इमारतों पर मौजूद लोगों ने शाह का अभिवादन किया। रोड शो के दौरान शाह के वाहन के साथ-साथ काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता चल रहे थे, जो पार्टी का झंडा लिए हुए थे और भाजपा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में नारे लगा रहे थे। यहां तुमकुर जिले में रोड शो के समापन पर गृह मंत्री ने लोगों से भाजपा उम्मीदवार को वोट देने की अपील की और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि मोदी के नेतृत्व में राज्य में डबल इंजन की सरकार सत्ता में आए। शाह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा और मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कर्नाटक के लिए काफी काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने मुस्लिमों को मिलने वाला चार प्रतिशत आरक्षण खत्म कर दिया और वोक्कालिगा, लिंगायत तथा अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति समुदाय के लिए कोटा बढ़ा दिया। उन्होंने कहा, यदि कांग्रेस सत्ता में आएगी, तो वह (बढ़ाए गए) इन सभी आरक्षण को वापस ले लेगी और एक बार फिर से मुस्लिम आरक्षण ले आएगी। क्या आप चार प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण चाहते हैं?

उन्होंने कहा, यदि आप कर्नाटक में डबल इंजन की सरकार लाते हैं, तो मोदी जी एक बार फिर 2024 में प्रधानमंत्री बनेंगे।

### भाजपा ने जारी किया झूठ-लूट घोषणापत्र : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी की ओर से जारी किए गए घोषणापत्र को झूठ-लूट घोषणापत्र करार देते हुए सोमवार को कहा कि लोग सत्तारूढ़ पार्टी के झूठ और बकवास जुमलों से तंग आ चुके हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, यह कुछ नहीं, बल्कि भाजपा का झूठ-लूट घोषणापत्र है।

उन्होंने कहा, मोदी सरकार ने पिछले नौ वर्षों में एलपीजी सिलेंडर की कीमत तीन गुना बढ़ा दी। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में साल में दो सिलेंडर मुफ्त देने का वादा किया था। आज कर्नाटक में भी हर साल तीन सिलेंडर मुफ्त देने का वादा किया गया। रमेश ने दावा किया, लोग महंगाई, भाजपा के झूठ और बकवास जुमलों से तंग आ चुके हैं। 10 मई को कर्नाटक की जनता भाजपा को सत्ता से बाहर कर देगी। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को जारी अपने घोषणापत्र में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का वादा किया है।

भाजपा ने कहा कि वह गरीबी रेखा के नीचे (बीपीएल) जीवन यापन करने वाले सभी परिवारों को उगादि, गणेश चतुर्थी और दीपावली के महीनों के दौरान तीन मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर प्रदान करेगी।

# समान नागरिक संहिता लागू करने का भाजपा का प्रयास संविधान के दायरे में: जे.पी. नड्डा

**भाषा।** बेंगलुरु

**भारतीय** जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने के प्रयास में संविधान के दायरे में रहकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सभी के लिए न्याय और किसी का भी तुष्टिकरण नहीं की नीति का पालन करती है। कर्नाटक में सत्तारूढ़ भाजपा ने 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को जारी अपने चुनावी घोषणापत्र में राज्य में समान नागरिक संहिता और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने का वादा किया। मीडिया से बातचीत के दौरान यह पूछे जाने पर कि क्या भाजपा की ए योजनाएं राज्य को सांप्रदायिकता में नहीं झोंक देंगी, नड्डा ने कहा, हम संविधान के दायरे में काम कर रहे हैं। संविधान के भीतर, हमें समान नागरिक संहिता को लागू करने की अनुमति और निर्देश दिया गया है। हम समान नागरिक संहिता की ओर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा, हम जो जानते हैं और जिस पर विश्वास करते हैं, वह है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास।



उन्होंने कहा, समान नागरिक संहिता लागू करने के उद्देश्य के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा। इस उच्च स्तरीय समिति द्वारा दी गई सिफारिशों के आधार पर हम कर्नाटक में समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। हम कर्नाटक में राष्ट्रीय नागरिक पंजी लाएंगे और राज्य में सभी अवैध प्रवासियों का तेजी से निर्वासन सुनिश्चित करेंगे।

यह पूछे जाने पर कि क्या पार्टी यूसीसी को राष्ट्रव्यापी रूप से लागू करने की योजना बना रही है, नड्डा ने कहा, जिस भी राज्य में चुनाव हो रहे हैं, हम मजबूत हो रहे हैं। हम इसे (यूसीसी) आगे ले जाएंगे। राज्य, राष्ट्र बनाते हैं। यह केवल उसी रास्ते पर आगे बढ़ेगा।

भगवा पार्टी ने राज्य में धार्मिक कट्टरवाद और आतंक के खिलाफ कर्नाटक स्टेट विंग (के-स्विफ्ट) नामक एक विशेष विंग बनाने का भी वादा किया है। नड्डा के अनुसार, अल्पसंख्यकों को पीएम आवास योजना (पीएम आवास योजना) और पीएम गरीब कल्याण योजना (पीएम गरीब कल्याण योजना) से सबसे अधिक लाभ मिला। उन्होंने कहा, जब उन्हें (अल्पसंख्यकों को) लाभ मिल रहा है तो हम इससे खुश हैं। सभी को यह मिलना चाहिए और सभी को लाभ होना चाहिए। हिंदुत्व के एजेंडे को आगे बढ़ाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास और सभी के लिए न्याय, किसी का भी तुष्टिकरण नहीं के भाजपा के नारों को दोहराया। कर्नाटक में, भाजपा ने हिंदू-धर्म-आधारित विषयगत पर्यटन स्थलों जैसे पर्यटन सर्किट और पर्यटन गलियारों का वादा किया है। अगर वह सत्ता में आई तो 1,000 अपने घोषणापत्र में पार्टी ने कहा कि वह रामनगर में राम मंदिर का निर्माण कर रही है और भगवान हनुमान के जन्म स्थल आंजनाद्री की पहाड़ियों पर आंजनेय (हनुमान) मंदिर का विकास शुरू किया है।

## क्विक न्यूज

### सदन में 10 प्रतिशत सदस्यों वाली पार्टी को विपक्षी नेता का दर्जा देना लंबी परंपरा : उप्र विधानपरिषद

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय मे दलील दी कि सदन की कुल सदस्य संख्या के 10वें हिस्से के बराबर संख्या बल रखने वाले सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता को विपक्षी नेता का दर्जा दिया जाना दशकों पुरानी परंपरा है और इस प्रक्रिया में न्यायालय से हस्तक्षेप नही करने का आग्रह किया। उप्र विधानपरिषद अध्यक्ष की ओर से न्यायालय में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता के. वी. विश्वनाथन ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ से कहा कि अदालत को विपक्षी नेता की नियुक्ति के लिए सदन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा, कुछ अपवादों को छोड़ कर इस परंपरा का वर्षों से पालन किया जा रहा है। सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के नेता को विपक्षी नेता का दर्जा दिया जाता है, बशर्ते कि सदन की कुल सदस्य संख्या के 10वें हिस्से के बराबर उस पार्टी के सदस्यों की संख्या हो। विधान परिषद ने समाजवादी पार्टी (सपा) के एमएलसी (विधानपरिषद सदस्य) लाल बिहारी यादव की एक याचिका पर दाखिल किए गए जवाब में यह दलील दी है। याचिका में, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसमे विपक्ष के नेता के तौर पर उनकी मान्यता वापस लिए जाने के फैसले को बरकरार रखा गया था। उल्लेखनीय है कि राज्य विधानमंडल के उच्च सदन (विधानपरिषद) के अध्यक्ष ने सात जुलाई 2022 को जारी एक अधिसूचना में यादव का विपक्षी नेता के तौर पर दर्जा वापस लेने की घोषणा की थी।

### अब्दुल्ला आजम की अपील पर उत्तर प्रदेश सरकार से शीर्ष अदालत का जवाब तलब



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 15 वर्ष पुराने एक मामले में समाजवादी पार्टी नेता आजम खान के बेटे मोहम्मद अब्दुल्ला आजम की दोषसिद्धि पर रोक लगाने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ अपील पर सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार का रुख जानना चाहा। दोषसिद्धि के कारण अब्दुल्ला आजम को विधायक पद के अयोग्य ठहरा दिया गया है। न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने अब्दुल्ला आजम की अपील पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया और उससे जवाब मांगा। शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि अब्दुल्ला आजम की अयोग्यता के बाद खाली हुई स्वार विधानसभा सीट पर 10 मई को होने वाला चुनाव याचिका के परिणाम के अनुरूप होगा। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए जुलाई के दूसरे सप्ताह का समय निर्धारित करते हुए कहा, जवाब दाखिल होने दें। दस मई को होने वाला चुनाव इस विशेष अनुमति याचिका के परिणाम के पर आधारित होगा। पीठ ने सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज से कहा, क्या हम किसी व्यक्ति की दोषसिद्धि और सजा की न्यायसंगतता की जांच कर सकते है? क्या वह निर्वाचित प्रतिनिधि नही हो सकता है? आपको प्रथम-दृष्टया यह साबित करना होगा कि उन्होंने संबंधित अपराध किया है। एएसजी ने कहा कि वह अपील का जवाब दाखिल करेंगे। अब्दुल्ला आजम की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दावा किया कि उनके मुवक्किल उस वक्त किशोर थे जब यह घटना हुई थी।

### व्हॉट्सएप ने मार्च में 47 लाख भारतीय खातों पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** मेटा के स्वामित्व वाले त्वरित संदेश सेवा मंच व्हॉट्सएप ने मार्च में 47 लाख से अधिक भारतीय खातों को प्रतिबंधित किया है। यह संख्या फरवरी के 45 लाख से अधिक खातों से ज्यादा है। व्हॉट्सएप के प्रवक्ता ने कहा कि मार्च, 2023 मे मिली शिकायतो पर कार्वाई करते हुए 47 लाख से अधिक खातों पर रोक लगाई गई। इसके पहले फरवरी में 45 लाख, जनवरी मे 29 लाख, दिसंबर मे 36 लाख और नवंबर, 2022 मे 37 लाख खातो पर रोक लगाई गई थी। व्हॉट्सएप ने अपनी मासिक रिपोर्ट मे कहा कि नवगठित शिकायत अपीलीय समिति (जीएसी) से मार्च के महीने मे उसे तीन आदेश मिले थे जिनका उसने अनुपालन किया। हालांकि, सोशल मीडिया मंच ने इस बारे में अधिक जानकारी नही दी। रिपोर्ट के मुताबिक, एक मार्च से लेकर 31 मार्च के दौरान कुल 47,15,906 खाते प्रतिबंधित किए गए। इनमे से 16,59,385 खाते व्हॉट्सएप ने उपयोगकर्ताओ से कोई शिकायत मिले बगैर अपने स्तर पर ही कार्वाई करते हुए हटाए। रिपोर्ट कहती है कि मार्च, 2023 मे व्हॉट्सएप को कुल 4,720 शिकायते मिली थी जिनके आधार पर 585 खातो के खिलाफ कार्वाई की गई।

### सारथी से मिलेगा छात्रों को लाभ

**नई दिल्ली।** हायर एजुकेशन इकोसिस्टम कॉलेजदेखो ने सारथी, मेगा एडमिशन फेयर के शुभारंभ की घोषणा की। इसके माध्यम से कॉलेज एडमिशन डिग्री और जॉब लेने की यात्रा को आसान बनाया जा सके। यह फेयर 6 और 7 को उत्तर प्रदेश के मेरठ में ग्रैंड ऑरा बैंक्वेट में आयोजित होने वाला है। यह एक मल्टी-सिटी इवेंट होगा जो 2 महीने तक चलेगा। मेला छात्रों के लिए निरूशुल्क है और इसका उद्देश्य छात्रों के लिए हायर एजुकेशन जर्नी को आसान बनाना है। फेयर प्रत्येक शहर में 2 दिनों तक आयोजित किया जाएगा। भारत में 52,000 से अधिक कॉलेज हैं, जिससे छात्रों के लिए विभिन्न विकल्पों का चयन करना और उनकी हायर एजुकेशन और करियर की संभावनाओं के बारे में बेहतर निर्णय लेना बेहद कठिन बन जाता है। कॉलेजदेखो सारथी छात्रों को भारत और विदेश के 1500 से अधिक कॉलेजों में प्रवेश पाने का अवसर प्रदान करेगा। इस आयोजन में छात्रों को इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, फार्मेसी, नर्सिंग, पैरामेडिकल, होटल प्रबंधन, जन संचार, वाणिज्य और कृषि जैसे विभिन्न स्ट्रीम के साथ ऑन.स्पॉट काउंसलिंग दी जाएगी। सीईओ रुचिर अरोड़ा ने कहा कि इससे छोटे शहरों के लोगों को लाभ होगा।

# राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर साधा निशाना

## ● कहा, कर्नाटक चुनाव आपके बारे में नहीं है

**भाषा।** तुरुवेकेरे (कर्नाटक)



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें यह समझना चाहिए कि कर्नाटक चुनाव उनके बारे में नहीं है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री के इस आरोप को लेकर यह बात कही कि कांग्रेस की ओर से उन्हें 91 बार अपशब्द कहे गए। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री से कहा कि उन्हें अपने बारे में बात करने के बदले कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के काम और भविष्य की योजनाओं के बारे में चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने यहां तुमकुरु जिले में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, आप (प्रधानमंत्री मोदी) कर्नाटक में चुनाव प्रचार करने के लिए आते हैं, लेकिन आप कर्नाटक के बारे में नहीं बोलते हैं। आप अपने बारे में बोलते हैं। आपको यह बताना चाहिए कि आपने पिछले तीन साल में कर्नाटक में क्या किया? आपको अपने भाषणों में इस बारे में बताना चाहिए कि अगले पांच साल में आप क्या करेंगे, आप युवाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई के लिए क्या करेंगे?

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, यह चुनाव आपके बारे में नहीं है, यह कर्नाटक के लोगों और उनके भविष्य को लेकर है। आप कहते हैं कि कांग्रेस ने आपको 91 बार अपशब्द कहे, लेकिन आपने इस बारे में कोई चर्चा नहीं की कि कर्नाटक के लिए आपने क्या किया? आप अपने अगले भाषण में यह बताइए कि आपने कर्नाटक के लिए क्या किया और अगले पांच साल में आप क्या करेंगे? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जहरीला सांप वाली टिप्पणी को लेकर पार्टी पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा था कि कांग्रेस और उसके नेता अब तक 91 बार अलग-अलग तरह से उन्हें अपमानित कर चुके हैं। राहुल गांधी ने कहा कि वह जब कर्नाटक आते हैं और भाषण देते हैं, तो सिद्धरमैया और डी के शिवकुमार जैसे अपनी पार्टी के नेताओं और उनके काम की चर्चा करते हैं।

## वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में 171.5 रुपए की कटौती

**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में सोमवार को 171.5 रुपए प्रति सिलेंडर की भारी कटौती हुई, जबकि विमान ईंधन (एटीएफ) 2.45 प्रतिशत सस्ता हुआ। वाणिज्यिक एलपीजी का इस्तेमाल मुख्य रूप से होटल और रेस्टोरेंट जैसे व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा किया जाता है। सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं द्वारा जारी मूल्य अधिसूचना के अनुसार 19 किलोग्राम भार वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब दिल्ली में 2,028 रुपए से घटकर 1,856.5 रुपए रह गई है। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में यह लगातार दूसरी मासिक कटौती है। इससे पहले एक अप्रैल को दरों में 91.5 रुपए प्रति सिलेंडर (19 किलोग्राम) की कटौती की गई थी। इससे पहले एक मार्च से कीमतों में कुल 350.5 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई थी। घरेलू रसोई गैस एलपीजी की कीमत राष्ट्रीय राजधानी में 1,103 रुपए प्रति सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) पर बरकरार रही।

# सूडान से 186 भारतीयों का एक और जत्था स्वदेश लौटा

**भाषा।** नई दिल्ली

**हिंसाग्रस्त** सूडान से अपने नागरिकों को वापस लाने के भारत के अभियान ऑपरेशन कावेरी के तहत सोमवार को 186 भारतीय स्वदेश लौटे।



भारत ने हिंसा से प्रभावित सूडान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए पिछले सप्ताह ऑपरेशन कावेरी शुरू किया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया, ऑपरेशन कोवरी के तहत भारतीय नागरिकों का लौटना जारी। 186 यात्रियों के साथ एक विमान कोच्चि पहुंचा।

ज्ञात हो कि रविवार को इस अभियान के तहत 229 भारतीय बेंगलूरू पहुंचे थे, जबकि इसके एक दिन पहले 365 भारतीय नागरिक दिल्ली आए। वहीं, इस निकासी अभियान के तहत शुक्रवार को दो जत्थों में 754 नागरिक भारत लौटे थे।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अब तक ऑपरेशन कावेरी के तहत भारत लौटने वाले भारतीयों की संख्या 2,140 हो गई है।

ऑपरेशन कावेरी के तहत भारत ने जेद्दा में पारगमन सुविधा स्थापित की है। सूडान से निकाले जाने के बाद भारतीय नागरिकों को सऊदी अरब के इस शहर में लाया जा रहा है। भारत ने सऊदी अरब के शहर जेद्दा में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है ताकि सूडान से भारतीय नागरिकों को निकालने में सुविधा हो सके। सूडान में करीब 3,000 भारतीयों को निकालने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

सूडान से निकासी अभियान में भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सुमेधा, आईएनएस तेग और आईएनएस तरकश शामिल हैं। इसके अलावा भारतीय वायु सेना का विमान भी इसमें शामिल है। इस अभियान के तहत पोर्ट सूडान और जेद्दा में जरूरी आधारभूत ढांचा तैयार किया गया है। सूडान में सेना और एक अर्द्धसैनिक समूह के बीच सत्ता हासिल करने के लिए भीषण संघर्ष जारी है।



मजदूर दिवस पर भट्टे पर ईंटा ढोंती महिलाएं

# पीएम मोदी से पुष्कर धामी ने की शिष्टाचार भेंट

## ● उत्तराखंड में जारी चारधाम यात्रा और विकास कार्यों की दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान सीएम धामी ने उत्तराखंड में जारी चारधाम यात्रा और प्रदेश के विकास कार्यों के साथ आगामी इन्वेस्टर समिट के बारे में जानकारी दी।

प्रधानमंत्री मोदी और सीएम पुष्कर सिंह धामी के बीच करीब डेढ़ घंटे से अधिक समय तक बैठक चली। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के विकास और चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं से अवगत कराया। धामी ने बताया कि चारधाम यात्रा में रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आ रहे हैं। जोशीमठ में केंद्र सरकार के सहयोग से राहत कार्य की भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से माह अक्टूबर/नवम्बर 2023 में राज्य में प्रस्तावित इन्वेस्टर समिट के उद्घाटन के लिए समय दिए जाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर सीएम धामी ने प्रधानमंत्री को केदारनाथ और श्री बद्रीनाथ धाम का प्रसाद, गंगा तुलसी, गंगोत्री यमुनोत्री, अलकनंदा और मंदाकिनी का गंगाजल के साथ ही रुद्राक्ष की माला भी भेंट की।

# छत्तीसगढ़ में वरिष्ठ आदिवासी नेता नंद कुमार साय कांग्रेस में शामिल

**भाषा।** रायपुर

**छत्तीसगढ़** में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़ने के एक दिन बाद वरिष्ठ आदिवासी नेता नंद कुमार साय सोमवार को राज्य की सत्ताधारी पार्टी कांग्रेस में शामिल हो गए।

साय का यह कदम छत्तीसगढ़ में इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मुख्य विपक्ष दल भाजपा के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

कांग्रेस में शामिल होने के दौरान साय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का जो स्वरूप था आज वह बचा नहीं है।



तीन बार लोकसभा सदस्य और तीन बार विधायक रह चुके साय (77) पूर्व में छत्तीसगढ़ और अविभाजित मध्य प्रदेश में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। साय का राज्य के उत्तर छत्तीसगढ़ के (सरगुजा संभाग) आदिवासी बहुल हिस्सों में काफी प्रभाव है।

साय यहां कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम और राज्य के मंत्रियों की उपस्थिति में कांग्रेस में शामिल हुए।

कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए साय ने कहा, भारतीय जनता पार्टी का जो स्वरूप था वह आज बचा नहीं है। मैंने अटल जी (अटल बिहारी वाजपेई) आडवाणी जी (लालकृष्ण आडवाणी), सुषमा स्वराज जी और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ काम किया है। लेकिन आज मैं भाजपा में साधारण सदस्य था। मुझे किसी दायित्व में नहीं लगाया था। मुझे दायित्व की आवश्यकता नहीं है लेकिन पार्टी काम कैसे करे, इसमें शामिल तो किया जाना चाहिए।

# लुधियाना गैस रिसाव मामले की जांच के लिए बनाई एसआईटी

**भाषा।** लुधियाना

**शहर** के ग्यासपुरा इलाके में कथित तौर पर जहरीली गैस के रिसाव के कारण हुई 11 लोगों की मौत के मामले की जांच पंजाब पुलिस का पांच सदस्ईय विशेष जांच दल (एसआईटी) करेगा। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पंजाब के प्रमुख औद्योगिक केंद्र की घनी आबादी वाले इलाके में रविवार को यह हादसा हुआ था। जिले के अधिकारियों ने कहा कि हाइड्रोजन सल्फाइड के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए नालियों और अवजल (सीवरेज) लाइनों में कास्टिक सोडा डाल कर इलाके में रात भर परिशोधन मुहिम चलाई गई। अधिकारियों ने कहा कि पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दस्ते अवजल लाइन में जहरीली गैस के निर्माण के संभावित कारणों पर गौर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गैस का प्रभाव अब क्षेत्र में नहीं है। हाइड्रोजन सल्फाइड, जिसे सीवर गैस भी कहा जाता है, जहरीली होती है और इसमें सड़े हुए अंडे जैसी गंध आती है। यह गैस बेहोशी और मौत का कारण बन सकती है। लुधियाना के पुलिस आयुक्त मनदीप सिंह सिद्धू ने यहां मीडिया से बात करते हुए कहा कि एसआईटी का नेतृत्व पुलिस उपायुक्त (जांच) हरमीत सिंह हुंदल करेंगे। उन्होंने कहा कि टीम इस बात की जांच करेगी कि कहीं किसी औद्योगिक इकाई ने अवजल लाइन में कचरा तो नहीं डाला। सिद्धू ने कहा कि पुलिस इस पर पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का सहयोग लेगी और अगर इसके अधिकारी सहयोग नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ भी कार्वाई की जाएगी। अधिकारियों ने पहले कहा था कि इलाके में अवजल में कुछ रसायन डाले जाने के बाद जहरीली गैस निकली होगी। अधिकारी इसकी पुष्टि के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं। एक मजिस्ट्रेट जांच का आदेश पहले ही दिया जा चुका है, और पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भादंवि की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। शहर के ग्यासपुरा इलाके में रविवार को कथित रूप से जहरीली गैस के रिसाव के बाद तीन बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई थी। सभी मरने वाले उत्तर प्रदेश और बिहार के थे। प्रशासन ने मृतकों के परिजनों के लिए दो-दो लाख रुपए और घायलों के लिए 50 हजार रुपए के मुआवजे की घोषणा की थी। इस बीच, लुधियाना की उपायुक्त सुरभि मलिक ने सोमवार को कहा कि क्षेत्र का परिशोधन (डिकंटैमिनेशन) कर दिया गया है।

# वरिष्ठ नागरिकों की रियायत स्थगित कर रेलवे ने 2,242 करोड़ रुपए की अतिरिक्त कमाई की

**भाषा।** नई दिल्ली

**रेलवे** ने 2022-23 में वरिष्ठ नागरिकों को किराए में दी जाने वाली रियायत को रद्द कर उनसे लगभग 2,242 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया है। सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत एक आवेदन पर मिली जानकारी में यह बात सामने आई।

राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर ने 20 मार्च, 2020 से 31 मार्च, 2022 के बीच 1,500 करोड़ रुपए अधिक कमाए थे। कोविड महामारी की शुरुआत के बाद बुजुर्ग यात्रियों को दी जाने वाली छूट निलंबित कर दी गई थी। मध्य प्रदेश के चंद्रशेखर गौर द्वारा आरटीआई अधिनियम के तहत मांगी गई जानकारी के जवाब में रेलवे ने कहा कि एक अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 के बीच उसने लगभग आठ करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को छूट नहीं दी। इन वरिष्ठ नागरिकों में 4.6 करोड़ पुरुष, 3.3 करोड़ महिलाएं और 18,000 ट्रांसजेंडर शामिल हैं। आरटीआई के जवाब के मुताबिक इस अवधि के दौरान वरिष्ठ यात्रियों से कुल राजस्व 5,062 करोड़ रुपए रहा, जिसमें रियायत के निलंबन के कारण अर्जित अतिरिक्त 2,242 करोड़ रुपए शामिल हैं। वरिष्ठ नागरिकों के किराए से रेलवे को होने वाली कमाई में लगातार बढ़ोतरी हुई है। 20 मार्च 2020 से 31 मार्च 2022 के बीच रेलवे ने 7.31 करोड़ वरिष्ठ यात्रियों को रियायत नहीं दी। इनमें 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के 4.46 करोड़ पुरुष यात्री, 58 से अधिक उम्र की 2.84 करोड़ महिला यात्री और 8,310 ट्रांसजेंडर शामिल थे।

# बिहार में 1.23 करोड़ से अधिक निष्क्रिय मनरेगा जॉब कार्ड रद

**भाषा।** पटना

**बिहार** सरकार ने पिछले एक साल में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा)के तहत जारी 1.2 करोड़ से अधिक निर्षक्रिय जॉब कार्ड रद्द कर दिए हैं। बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सरकार ने इस अवधि के दौरान राज्य के विभिन्न जिलों में मजदूरों को 23.07 लाख नए जॉब कार्ड (9267 दिव्यांग लाभार्थियों सहित) प्रदान किए हैं। उन्होंने बताया, बिहार ग्रामीण विकास विभाग (30 अप्रैल तक) के एक अभियान के दौरान, 3,85,69,626 में से कुल 1,23,13,927 जॉब कार्ड पिछले कई वर्षों से निष्क्रिय पाए गए थे।

कुछ मामलों में, जॉब कार्ड फर्जी पाए गए या प्रदान किए गए आधार नंबर से जुड़े नहीं थे, या लाभार्थियों की मृत्यु हो गई थी। मंत्री ने कहा, हमने उचित भौतिक सत्यापन के बाद ऐसे सभी कार्ड रद्द कर दिए हैं। इसके अलावा, उन मजदूरों के कार्ड भी पिछले कई वर्षों से निर्षक्रिय पाए गए हैं, जिन्होंने पहले मनरेगा के तहत मजदूरी प्राप्त की थी और राज्य से पलायन किया था। विभाग ने इससे पहले भी राज्य में निर्षक्रिय जॉब कार्ड रद्द किए थे। उन्होंने कहा कि 2021-22 में 33.04 लाख, 2020-21 में 4.51 लाख और 2019-20 में 2.25 लाख जॉब कार्ड रद्द किए गए। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 (मनरेगा) का उद्देश्य एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों की रोजगार की गांरटी देना है ताकि देश के ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों की आजीविका को सुरक्षा प्रदान किया जा सके। रद्द किए गए जॉब कार्ड में सबसे अधिक संख्या वैशाली (8,89,150) के हैं और इसके बाद पटना (7,55,308), समस्तीपुर (6,30,654), अररिया (6,14,530), दरभंगा (5,79,778), औरंगाबाद (2, 20,330) और बेगूसराय (3,13,696) जिलों के हैं। मंत्री ने बताया कि योजना के तहत, सरकार ने 2022-23 वित्तीय वर्ष में राज्य के विभिन्न हिस्सों में 1.26 करोड़ कार्डधारकों को काम दिया था। विभाग ने पिछले एक साल में राज्य के विभिन्न जिलों में मजदूरों को कुल 23.07 लाख नए जॉब कार्ड जारी किए हैं। उन्होंने कहा, इसके अलावा, संबंधित अधिकारियों को उनकी मांग के 15 दिनों के भीतर नौकरी चाहने वालों को योजना के तहत रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं और मनरेगा के दिशा-निर्देशों का पालन करने में विफल रहने पर संबंधित अधिकारियों पर जुर्माना लगाया जाएगा।

# घर में फिर हार गए लखनऊ के सुपरजायंट्स

**लखनऊ।** सुहाने मौसम में हुए मैच में अपने घर एकबार फिर लखनऊ की टीम को हार का समाना करना पड़ा। डुप्लेसिस की आरसीबी ने 18 रनों से हरा दिया। लेग स्पिनर कर्ण शर्मा की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग के कम स्कोर वाले मैच में सोमवार को यहां लखनऊ सुपरजाइंट्स को हरा दिया। आरसीबी के 127 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरजाइंट्स की टीम कर्ण (20 रन पर दो विकेट), जोश हेजलवुड (15 रन पर दो विकेट) और वानिंदु हसरंगा (20 रन पर एक विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 19.5 ओवर में 108 रन पर सिमट गई। टीम के लिए मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल और ग्लेन मैक्सवेल ने भी एक-एक विकेट चटकाया। सुपरजाइंटस की ओर से कृष्णप्पा गौतम (23) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। अमित मिश्रा ने 19 रन बनाए। इससे पहले लेग स्पिनरों रवि बिश्नोई (21 रन पर दो विकेट) और अमित मिश्रा (21 रन पर दो विकेट), ऑफ स्पिनर

## ● गेंदबाजों ने आरसीबी को 18 रनो से जीत दिलाई

कृष्णप्पा गौतम (10 रन पर एक विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर कृणाल पंड्या (बिना विकेट के 21 रन) ने मिलकर 13 ओवर में सिर्फ 73 रन दिए और पांच विकेट चटकाए जिससे आरसीबी की टीम नौ विकेट पर 126 रन ही बना सकी। तेज गेंदबाज नवीन उल हक ने भी 30 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। आरसीबी के लिए कप्तान फाफ डुप्लेसी (44) शीर्ष स्कोरर रहे। उन्होंने विराट कोहली (31) के साथ पहले विकेट के लिए 62 रन जोड़े लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद आरसीबी की पारी लड़खड़ा गई। इन दोनों के अलावा दिनेश कार्तिक (16) ही दोहरे अंक में पहुंच गए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने 27 रन तक ही चार विकेट गंवा दिए जिससे टीम कभी नहीं उबर पाई। आरसीबी की पारी के दूसरे




ओवर में क्षेत्ररक्षण के दौरान चोटिल हुए कप्तान लोकेश राहुल की जगह काइल मायर्स के साथ आयुष बडोनी पारी का आगाज करने उतरे। सिराज की पारी की दूसरी ही गेंद पर मायर्स (00) ने मिड ऑन पर अनुज रावत को कैच थमाया। कृणाल पंड्या (14) ने सिराज पर लगातार तीन चौके मारे लेकिन मैक्सवेल की गेंद पर कोहली को कैच दे बैठे। हेजलवुड ने बडोनी (04) को कोहली के हाथों कैच कराया जबकि हसरंगा ने दीपक हुड्डा (01) को स्टंप कराके मेजबान टीम को चौथा झटका दिया। मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन ने आते ही क्रमश: हेजलवुड और हसरंगा पर छक्के मारे। लखनऊ की टीम पावरप्ले में चार विकेट पर 34 रन ही बना सकी। पूरन भी नौ रन बनाने के बाद कर्ण की गेंद को हवा में लहराकर महिपाल लोमरोर को कैच दे बठे। गौतम ने कर्ण की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके के साथ नौवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। गौतम ने हसरंगा पर सीधा छक्का जड़ा लेकिन कर्ण की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में स्टोइनिस (13) ने सुयश प्रभुदेसाई को कैच थमा दिया। अगले ओवर में गौतम भी रन आउट हो गए जिससे टीम का स्कोर सात विकेट पर 66 रन हो गया। महिपाल लोमरोर की गेंद पर रवि बिश्नोई (05) को जीवनदान मिला लेकिन वह दूसरा रन लेने की कोशिश में रन आउट हो गए। सुपरजाइंट्स को अंतिम चार ओवर में जीत के लिए 48 रन की दरकार थी। अगले दो ओवर में 17 रन बने। अंतिम दो ओवर में मेजबान टीम को 31 रन की जरूरत थी। नवीन उल हक (13) ने हेजलवुड पर चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद पर कार्तिक को कैच दे बैठे।

### स्कोरबोर्ड

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोरः** कोहली स्टं पूरन बो बिश्नोई 31,डुप्लेसी का कृणाल बो मिश्रा 44,रावत का मायर्स बो गौतम 09, मैक्सवेल पगबाधा बो बिश्नोई 04, प्रभुदेसाई का गौतम बो मिश्रा 06,कार्तिक रन आउट 16,लोमरोर पगबाधा बो नवीन 03,हसरंगा नाबाद 08,शर्मा का गौतम बो नवीन 02,सिराज का पूरन बो नवीन 00,हेजलवुड नाबाद 01,**अतिरिक्तः** 02,कुलः20 ओवर मे नौ विकेट परः 126 रन,विकेट पतनः।-62, 2-75, 3-80, 4-90, 5-109, 6-114, 7-117, 8-121, 9-121,**गेंदबाजीः**, कृणाल 4-0-21-0,स्टोइनिस।-0-11-0,नवीन 4-0-30-3,बिश्नोई 4-0-21-2,मिश्रा 3-0-21-2,ठाकुर 2-0-12-0,गौतम 2-0-10-।

**लखनऊ सुपरजाइंट्सः** मायर्स का रावत बो सिराज 00,बडोनी का कोहली बो हेजलवुड 04,पंड्या का कोहली बो मैक्सवेल 14,हुड्डा स्टं कार्तिक बो हसरंगा 01,स्टोइनिस का प्रभुदेसाई बो कर्ण 13,पूरन का लोमरोर बो कर्ण 09, गौतम रन आउट 23,बिश्नोई रन आउट 05, मिश्रा का कार्तिक बो हर्षल 19,उल हक का कार्तिक बो हेजलवुड 13, राहुल नाबाद 00,अतिरिक्तः 07,कुलः19.5 ओवर मे सभी विकेट खोकरः 108,**विकेट पतनः**।-0, 2-19, 3-21, 4-27, 5-38, 6-65, 7-66, 8-77, 9-103,**गेंदबाजीः** सिराज 3-0-24-।,हेजलवुड 3-0-15-2,मैक्सवेल।-0-3-।,हसरंगा 4-0-20-।,कर्ण 4-0-20-2,हर्षल 3.5-0-20-।, लोमरोर।-0-4-0

### आईपीएल-16 स्टेडियम से

## हमारे साथ ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चमक बिखेरेगा यशस्वीः संगकारा



**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा का मानना है कि यशस्वी जायसवाल बहुत तेजी से सीखते है और उनमें इंडियन प्रीमियर लीग की उनकी फ्रेंचाइजी की तरफ से ही नही बल्कि भारत की तरफ से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे भी चमक बिखेरने की क्षमता है। संगकारा ने राजस्थान रॉयल्स की मुंबई इंडियंस के हाथो छह विकेट से हार के बाद संवाददाता सम्मेलन मे कहा, वहा बेहद प्रतिभाशाली ही नही बल्कि कड़ी मेहनत करने वाला खिलाड़ी है। वह तैयारियो मे काफी समय लगाता है और नेट्स पर काफी समय बिताता है। उसने तीन से चार साल हमारे साथ बिताए है और इससे पता चलता है कि वह अपने काम के प्रति काफी एकाग्र चित्त है और उसके प्रदर्शन से भी इसका पता चलता है। संगकारा ने कहा, उसने बेहतरीन बल्लेबाजी की। वह लगभग पूरी पारी के दौरान बल्लेबाजी करता रहा। उसे केवल हमारे साथ ही नही बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अभी लंबा सफर तय करना है। उसे राष्ट्रीय टीम मे जगह बनाने के लिए लगातार रन बनाते रहने होंगे। जायसवाल की शानदार पारी से राजस्थान रॉयल्स मे सात विकेट पर 212 रन बनाए लेकिन मुंबई ने टिम डेविड की 14 गेंदो पर नाबाद 45 रन की पारी से जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया के इस ऑलराउंडर ने जेसन होल्डर पर लगातार तीन छक्के जड़कर अपनी टीम को जीत दिलाई।

## जायसवाल अपनी बल्लेबाजी को अगले स्तर पर ले गया हैः रोहित शर्मा

मुंबई। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने यशस्वी जायसवाल की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस युवा बल्लेबाज के स्ट्रोक्स की ताकत को देखकर वह हैरान थे। राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलने वाले इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार को मुंबई के खिलाफ 62 गेंदो मे 124 रन बनाए जिसमे 16 चौके और आठ छक्के शामिल है। रोहित ने मैच के बाद कहा, मैने उसे पिछले साल खेलते हुए देखा था और इस साल वह अपने खेल को अगले स्तर पर ले गया है। मैने उससे पूछा कि वह इतनी ताकत कहां से लाता है। उसने कहा कि वह जिम जाता है। उसका यह प्रदर्शन उसके लिए, भारतीय क्रिकेट के लिए और राजस्थान रॉयल्स के लिए अच्छा है। जायसवाल को उनकी शानदार पारी के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होने कहा कि वह कड़ी मेहनत करना और प्रक्रिया पर अपना ध्यान बनाए रखना चाहते है। जायसवाल ने कहा, मै प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित रखना और कड़ी मेहनत करना चाहता हूं। मै खुद पर विश्वास बनाए रखना चाहता हूं। मै सकारात्मक सोच रखता हूं तथा एक अच्छी और आदर्श जीवन शैली जीता हूं जिससे मुझे फायदा मिलता है। मुझे स्ट्रेट ड्राइव और कवर ड्राइव खेलने मे मजा आता है। इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ता है।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले स्टीव स्मिथ के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करेंगे पुजारा

**होव।** भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा को सात जून से शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले स्टीव स्मिथ की तैयारियो का जायजा लेने का मौका मिलेगा क्योकि ऑस्ट्रेलिया का पूर्व कप्तान इस महीने ससेक्स की तरफ से तीन काउंटी मैच खेलेगा। डब्ल्यूटीसी फाइनल भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सात से 11 जून तक ओवल मे खेला जाएगा। पुजारा अभी लंबी अवधि के प्रारूप मे ससेक्स की कप्तानी कर रहे है तथा वह तीसरे जबकि स्मिथ चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरेंगे। स्मिथ के ससेक्स की तरफ से तीन मैचो मे वॉर्सेस्टरशर (4-7 मई), लीसेस्टरशर (11-14 मई) और ग्लेमोर्गन (18-22 मई) के खिलाफ खेलने की संभावना है। इन मैचो से स्मिथ डब्ल्यूटीसी फाइनल और 16 जून से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली एशेज श्रृंखला के लिए तैयारी करेंगे। पुजारा ने ससेक्स क्रिकेट से स्मिथ के साथ खेलने के बारे मे पूछे जाने पर कहा, हम दोनो एक दूसरे से बात करते है लेकिन अधिकतर समय हमने एक-दूसरे के खिलाफ ही क्रिकेट खेली है। हम कभी एक टीम मे नही रहे। इसलिए उसके साथ एक ही टीम मे होना रोमांचित करने वाला होगा। मै इस बीच उसे थोड़ा बेहतर तरीके से समझने की कोशिश करूंगा। पुजारा ने स्वीकार किया कि डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले स्मिथ के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना उनके लिए मिश्रित भावनाओं जैसा होगा। हम डब्ल्यूटीसी फाइनल मे खेलेंगे इसलिए यह मिश्रित भावनाओं वाला होगा। मैदान पर हमने हमेशा एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी है।



# दिल्ली को पूरी जान लड़ानी होगी



## ● गुजरात के खिलाफ करो या मरो मै चआज

## ●मध्यक्रम की गुत्थी सुलझानी होगी

**भाषा।** अहमदाबाद

**भारतीय** बल्लेबाजों और मध्यक्रम के निराशाजनक प्रदर्शन से आहत दिल्ली कैपिटल्स को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी उम्मीदों को बरकरार रखना है तो उसे मंगलवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाले मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अक्षर पटेल को छोड़कर दिल्ली की तरफ से खेल रहा भारत का कोई भी बल्लेबाज अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है। पृथ्वी साव और सरफराज खान की लगातार नाकामी के कारण दिल्ली आठ मैचों में छह हार से अब करो या मरो की स्थिति में पहुंच गया है। दिल्ली को अब प्ले ऑफ में अपनी जगह सुनिश्चित करने के लिए अपने बाकी बचे सभी छह मैचों में जीत दर्ज करनी होगी लेकिन उसके खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए यह मुश्किल लगता है। पृथ्वी की असफलता के कारण फिल सॉल्ट को कप्तान डेविड वॉर्नर के साथ पारी की शुरुआत करने का मौका मिला। पिछले मैच में उन्होंने आक्रामक तेवर दिखाए और टीम उनसे तथा वॉर्नर और नंबर तीन पर बल्लेबाजी के लिए उतरने वाले मिशेल मार्श से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। मार्श ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में अपने ऑलराउंड खेल का अच्छा प्रदर्शन किया था। दिल्ली ने बीच के ओवरों में काफी विकेट गवाएं हैं और उसे इस पर गौर करने की जरूरत है। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे अक्षर पटेल को अंतिम ओवरों के लिए बचाए रखना समझा जा सकता है लेकिन पिछले 12 महीनों में उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए वॉर्नर उन्हें कम से कम पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेज सकते हैं। भारतीय बल्लेबाजों की नाकामी के कारण प्रियम गर्ग को मौका मिला और अगर वह इसका फायदा नहीं उठा पा रहे हैं तो इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार हैं। अनुभवी मनीष पांडे को भी चौथे नंबर पर बेहतर प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली की टीम में शामिल भारतीय गेंदबाज अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन मुकेश कुमार को निश्चित तौर पर अपने इकोनामी रेट में सुधार करना होगा। अनुभवी इशांत शर्मा ने अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उनमें अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि एनरिक नोर्किया आगामी मैचों में विकेट लेने के लिए आतुर होंगे।

## डेविड विली के विकल्प के तौर पर केदार जाधव आरसीबी टीम में

**भाषा। नई दिल्ली**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी मैचों के लिए डेविड विली की जगह केदार जाधव को टीम में शामिल किया है। इंग्लैंड के हरफनमौला विली ने इस सत्र में आरसीबी के लिए चार मैच खेलकर तीन विकेट लिए हैं। जाधव ने 2010 में आईपीएल में पदार्पण किया और अब तक 93 मैचों में 1196 रन बना चुके हैं। वह आरसीबी के लिए 17 मैच खेल चुके हैं और उन्हें एक करोड़ की बेसप्राइज पर खरीदा गया। भारत के लिए 73 वनडे खेलकर 1389 रन बना चुके जाधव ने 27 विकेट भी लिए हैं। पिछले साल आईपीएल की नीलामी में उन्हें खरीदा नहीं गया था और वह मराठी कमेंट्री कर रहे थे।

## श्रीजेश से दबाव का सामना करना सीख रहा हूं : गोलकीपर पवन मलिक

**नई दिल्ली।** मार्च मे एफआईएच प्रो लीग के दौरान भारत की सीनियर हॉकी टीम मे जगह बनाने वाले युवा गोलकीपर पवन मलिक ने कहा कि वह अनुभवी पी आर श्रीजेश से बड़ी टीमों के खिलाफ खेलने के दबाव का सामना करना सीख रहे है। 21 वर्ष के मलिक ने राउरकेला मे प्रो लीग के दौरान अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। उन्होने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति मे कहा , जर्मनी और आस्ट्रेलिया जैसी शीर्ष टीमों के खिलाफ काफी दबाव था।

## प्लेऑफ हारकर एलए चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रहीं अदिति

**लॉस एंजिलिस।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक यहां जेएम ईगल एलए चैंपियनशिप मे तीन खिलाड़ियों के बीच चले प्लेऑफ मुकाबले मे हारने के कारण आखिर मे दूसरे स्थान पर रही। पिछले सात वर्षो से एलपीजीए मे खेल रही 25 वर्षीय अदिति ने अंतिम दौर मे चार अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह हन्ना ग्रीन (69) और जयू लिन (67) के साथ प्लेऑफ मे पहुंची। तोक्यो ओलंपिक मे चौथे स्थान पर रही अदिति प्लेऑफ मे अपेक्षित प्रदर्शन नही कर पाई और आखिर मे उन्हे संयुक्त दूसरे स्थान पर रहकर संतोष करना पड़ा।

## एटलेटिको ने रियाल पर दबाव बनाए रखा

**मैड्रिड।** एटलेटिको मैड्रिड ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक और बड़ी जीत दर्ज की और स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा मे दूसरे स्थान के लिए रियाल मैड्रिड पर दबाव बनाए रखा। एटलेटिको ने रविवार को वल्लाडोलिड हो 5-2 से करारी शिकस्त दी जो उसकी पिछले नौ मैचो मे आठवी जीत है। अंक तालिका मे तीसरे स्थान पर काबिज एटलेटिको ने पहले हाफ मे तीन और दूसरे हाफ के अंतिम क्षणो मे दो गोल किए जिससे वह शहर के अपने प्रतिद्वंदी रियाल मैड्रिड से केवल दो अंक पीछे रह गया है जबकि अभी छह दौर के मैच होने बाकी है।

## लॉरेंट ने पीएसजी को 3-। से हराया

**पेरिस।** काइलन एमबापे के गोल के बावजूद पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को लॉरेंट के हाथो 3-। से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसकी रिकॉर्ड 11वी बार फ्रांसीसी फुटबॉल लीग का खिताब जीतने की राह थोड़ा मुश्किल हो गई है। पीएसजी को मैच मे अधिकतर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा क्योकि उसके खिलाड़ी अशरफ हकीमी को 20वे मिनट मे ही दूसरा पीला कार्ड मिलने के कारण बाहर बैठना पड़ा था।

## श्रीशंकर को एमवीए हाई परफॉर्मेंस एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** भारत के लंबी कूद के एथलीट मुरली श्रीशंकर ने अमेरिका के चुला विस्टा मे आयोजित एमवीए हाई परफॉर्मेंस एथलेटिक्स प्रतियोगिता मे स्वर्ण पदक जीता। पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलो मे रजत पदक जीतने वाले इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने इस सत्र की अपनी दूसरी प्रतियोगिता मे भाग लेते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया तथा वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8.36 मीटर को हासिल करने से केवल 0.07 मीटर से चूक गए। श्रीशंकर ने पिछले साल अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। चीन के मा वेइडोंग ने 7.99 मीटर की छलांग लगाकर रजत पदक, जबकि उनके हमवतन हुआफेंग हुआंग ने 7.61 मीटर की छलांग लगाकर कांस्य पदक जीता।

# एसीसी ने एशिया कप को स्थगित करने का प्रस्ताव नहीं रखाः सूत्र

**भाषा।** नई दिल्ली

**एशियाई क्रिकेट परिषद** (एसीसी) के सूत्रों ने एशिया कप के स्थगित होने और उसी समय दुबई में पाकिस्तान के बिना टूर्नामेंट के आयोजन से जुड़ी मीडिया की खबरों का खंडन करते हुए कहा कि उन्होंने सदस्य देशों को ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं भेजा है। पाकिस्तान की मीडिया की एक खबर में दावा किया गया है कि अगर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) तटस्थ स्थल पर एशिया कप खेलने के लिए राजी नहीं होता है तो देश से टूर्नामेंट की मेजबानी वापस ली जा सकती है। एकदिवसीय प्रारूप में होने वाले 2023 एशिया कप की मेजबानी का अधिकार पीसीबी के पास है लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव और एसीसी अध्यक्ष जय शाह ने स्पष्ट किया है कि भारतीय क्रिकेट टीम पाकिस्तान नहीं जाएगी। पीसीबी ने एशिया कप की मेजबानी के लिए हाइब्रिड मॉडल का प्रस्ताव रखा है जहां पाकिस्तान अपने



मुकाबले घरेलू सरजमीं पर खेलेगा जबकि भारत तटस्थ स्थल पर खेलेगा जो पूरी संभावना है कि दुबई होगा। पता चला है कि बीसीसीआई चाहता है कि पूरा टूर्नामेंट 2018 और 2022 की तरह यूएई में खेला जाए जहां दुबई, शारजाह और अबुधाबी में तीन मैदान हैं। एशिया कप 2018 का मेजबान भारत जबकि 2022 के टूर्नामेंट का मेजबान श्रीलंका था। दुबई में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बैठक के इतर हुई चर्चा की जानकारी रखने वाले एसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने पीटीआई को नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया, संदेशों का आदान-प्रदान हुआ लेकिन एशिया कप को स्थगित करने पर कोई चर्चा या प्रस्ताव पेश नहीं किया गया। सूत्र ने कहा, दूसरी बात, अगर एशिया कप रद्द होता है तो पहले पीसीबी को सूचित किया जाएगा। अब तक ऐसा कुछ नहीं हुआ है। एसीसी अध्यक्ष (शाह) ने अब तक कोई भी आधिकारिक फैसला नहीं किया है। टूर्नामेंट को स्थगित या रद्द करने के लिए एसीसी को कार्यकारी बोर्ड की बैठक बुलानी होगी। अध्यक्ष सात दिन में बैठक (वचुअल या ऑफलाइन) बुला सकता है। अब तक ऐसी किसी बैठक के बारे में सूचित नहीं किया गया है। एसीसी सूत्र ने कहा कि जहां तक उन्हें जानकारी है पीसीबी, एसीसी और बीसीसीआई के बीच पिछले आधिकारिक ईमेल में भारतीय टीम को आमंत्रण भेजा गया था जिसमें सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा और मेहमानवाजी का आश्वासन दिया गया है। लेकिन बेशक, मौजूदा संवेदनशील माहौल में भारत के लिए पाकिस्तान की यात्रा करना मुश्किल है।

## अदालत ने बिंद्रा , सोमाया को महासंघों को कोष देने वाली समिति में रखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा और पूर्व हॉकी खिलाड़ी एम एम सोमाया को उस समिति में रखा है जिसकी देखरेख में एशियाई खेलों के लिए टीम चुनने के लिए खेल महासंघों को धनराशि आवंटन किया जाएगा। अदालत ने समिति को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि पैसा सिर्फ खिलाड़ियों और उनके अभ्यास पर खर्च हो। इसने यह भी स्पष्ट किया है कि सरकारी धन खिलाड़ियों के अभ्यास, यात्रा, उनके लिए कोचों के बंदोबस्त, उपकरण खरीदने और फिजियोथेरेपिस्ट जैसी सेवाएं लेने पर ही खर्च किया जाए। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायाधीश सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा , सरकारी धन खेल महासंघों के पदाधिकारियों पर खर्च नहीं किया जाएगा जिनका खिलाड़ियों से कोई सरोकार नहीं है। पीठ ने तीन जून 2022 के अपने फैसले में संशोधन करते हुए यह आदेश दिया। केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि देश में खेलों के प्रशासन संबंधी कानून का पालन नहीं करने वाले राष्ट्रीय खेल महासंघों को कोई सहायता या धन नहीं दिया जाए।

# अल्कराज और स्वियातेक आगे बढ़े

**भाषा।** मैड्रिड

**शीर्ष वरीयता** प्राप्त कार्लोस अल्कराज और इगा स्वियातेक ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई। पहले दौर में तीन सेट तक जूझने वाले अल्कराज ने दूसरे दौर में 26वीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-2, 7-5 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया और इस तरह से अपने खिताब बचाने की उम्मीदों को बरकरार रखा। अल्कराज का अगला मुकाबला 13 वीं वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा जिन्हें



उन्होंने पिछले साल फाइनल में हराया था। दो बार के मैड्रिड ओपन चैंपियन ज्वेरेव ने क्वालीफायर ह्यूगो ग्रेनियर को एक घंटे से भी कम समय में 6-।, 6-0 से हराया। महिला वर्ग में स्वियातेक ने बर्नार्डा पेरा पर 6-3, 6-2 से आसान जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला 22वीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन या 16वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा से होगा। तीसरी वरीय जेसिका पेगुला को मैरी बूजकोवा पर 6-4, 7-6 (2) से जीत दर्ज करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने योशीहितो निशिओका पर 6-2, 7-5 से जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला 10वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव से होगा, जिन्होंने लगभग तीन घंटे तक चले मैच में रॉबर्टो बॉतिस्ता आगुट को 7-5, 4-6, 6-3 से हराया।

## ईपीएल में शीर्ष पर पहुंचा मैनचेस्टर सिटी

**मैनचेस्टर।** एर्लिंग हालैंड के रिकॉर्ड गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने फुलहम को 2-। से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता मे शीर्ष स्थान हासिल करके खिताब जीतने की अपनी उम्मीदे जगा दी। हालैड के गोल से जहा मैनचेस्टर सिटी ने जीत दर्ज की वही हैरी केन के रिकॉर्ड गोल के बावजूद टोटेनहैम को हार का सामना करना पड़ा जिससे उसकी अगले सत्र मे चैपियंस लीग मे जगह बनाने की उम्मीदो को भी करारा झटका लगा है।

## विश्व मुक्केबाजीः हुसामुद्दीन की विजयी पंच

**ताशकंद।** स्टार मुक्केबाज मोहम्मद हुसामुद्दीन ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए सोमवार को यहां आईबीए पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत के अभियान की शुरुआत शानदार जीत के साथ की। राष्ट्रमंडल खेलों के दो बार के कांस्य पदक विजेता हुसामुद्दीन (57 किग्रा) ने मैसेडोनिया के एलेन रुस्तमोवस्की को पहले दौर के एकतरफा मुकाबले 5-0 से हराया। भारत के वरिंदर सिंह हालांकि 60 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के मुजीबिलो तुर्सुनोव के खिलाफ 0-5 से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए। मंगलवार को तोक्यो ओलंपियन आशीष चौधरी और पदार्पण कर रहे हर्ष चौधरी रिंग में उतरेंगे। आशीष (80 किग्रा) जहां ईरान के मेसम घेशलाघी से भिड़ेंगे तो वहीं हर्ष (86 किग्रा) का सामना ऑस्ट्रेलिया के बिली मैकलिस्टर से होगा। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने प्रतियोगिता के लिए 13 सदस्ईय टीम उतारी है। प्रतियोगिता में 107 देशों के कई ओलंपिक पदक विजेताओं सहित 538 मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं।

## विदेशी खिलाड़ियों की संख्या घटाने पर विचार कर रहा है एआईएफएफ

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) आईलीग में टीमों की संख्या में इजाफा करने की योजना बना रहा है और उसे अपनी लीग समिति की सिफारिश मिली है कि टीम में पंजीकृत विदेशी खिलाड़ियों की संख्या पांच तक सीमित की जाए और एकादश में तीन खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिले। सोमवार को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए हुई लीग समिति की बैठक में इन सिफारिशों को पारित किया गया। एआईएफएफ ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, समिति के एजेंडे में पहली बात आईलीग में टीमों की संख्या में वृद्धि करना था, जिसके लिए इसके सदस्यों द्वारा यह सिफारिश की गई कि आकांक्षी क्लबों औराया विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के निवेशकों को मौका देने के लिए त्रिस्तरीय व्यवस्था के तहत बोली आमंत्रित की जाए।

# ट्रायल्स में भाग नहीं लेगी साइना

## ● फिटनेस कारणों से एशियाई खेलों से दूर

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रमंडल खेलों** में दो बार की चैंपियन साइना नेहवाल फिटनेस कारणों से एशियाई खेलों के लिए राष्ट्रीय बैडमिंटन चयन ट्रायल्स में भाग नहीं लेगी। भारतीय बैडमिंटन संघ तेलंगाना में स्थित ज्वाला गुट्टा अकादमी में चार से सात मई तक एशियाई खेलों के लिए टीम का चयन करने के लिए ट्रायल का आयोजन करेगा। एशियाई खेल 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक चीन के हांगझू में खेले जाएंगे। बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने पीटीआई से कहा, साइना नेहवाल फिटनेस कारणों से भाग नहीं लेगी।। इसके अलावा कुशल राज और प्रकाश राज ने भी



ट्रायल्स से अपना नाम वापस ले लिया है। हालांकि जिन अन्य खिलाड़ियों को ट्रायल के लिए आमंत्रित किया गया था वह सभी इसमें भाग लेंगे। साइना आखिरी बार ऑरलियन्स मास्टर्स में खेली थी। पिछले कुछ समय से चोटों से जूझ रही इस पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी ने जनवरी में बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के ट्रायल में हिस्सा नहीं लिया था। वह पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों के ट्रायल्स में भी हिस्सा नहीं ले पाई थीं। बैडमिंटन संघ ने विश्व रैंकिंग के आधार पर सिंधू (विश्व रैंकिंग 11),प्रणय (विश्व रैंकिंग 9), चिराग और सात्विकसाईराज (विश्व रैंकिंग 6) की पुरुष जोड़ी और त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद (विश्व रैंकिंग 6) की महिला जोड़ी का एशियाई खेलों के लिए सीधा चयन किया है।

**सूची :** पुरुष एकलः लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, प्रियांशु राजावत, मिथुन मंजूनाथ, साई प्रणीत, मैसनम मीराबा, भरत राघव, अंसल यादव, सिद्धांत गुप्ता ,महिला एकलः आकर्शी कश्यप, मालविका बंसोद, अश्मिता चालिहा , अदिति भट, उन्नति हुड्डा, अलीशा नाइक, श्रियांशी वलीशेट्टी, अनुपमा उपाध्याय ,पुरुष युगलः एमआर अर्जुनाध्रुव कपिला, कृष्ण प्रसादाविशुवर्धन, सूरज गोलापृथ्वी रॉय, नितिन एचवीसाई प्रतीका,महिला युगलः अश्विनी भटाशिखा गौतम, तनीषा क्रास्टोअश्विनी पोनप्पा, राधिका शर्मातन्वी शर्मा ,मिश्रित युगलः रोहन कपूरासिक्की रेड्डी, साई प्रतीकातनिषा क्रास्टो, हरिहरनावार्शिनी, हेमागेद्र बाबूकनिका कंवल।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल टीम में शामिल राहुल और उनादकट चोटिल

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान लोकेश राहुल और टीम के उनके बाएं हाथ के अनुभवी तेज गेंदबाज जयदेव उनादक को गंभीर चोट लगी है जिससे उनका सात से 11 जून तक ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में खेलना संदिग्ध हो सकता है। भारतीय सीनियर टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज राहुल को सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान दाएं पैर की जांघ में चोट लगी। मैच से एक दिन पहले टीम के उनके साथी उनादकट नेट में गेंदबाजी करते हुए बुरी तरह फिसल गए थे जिससे उनका पूरा वजन उनके बाएं कंधे पर पड़ा। वह



काफी दर्द में दिखे और टीम फिजियो को उनकी चोट पर बर्फ लगाते हुए देखा गया। अभी यह नहीं पता चला है कि क्या उनका कंधा खिसका है और क्या उन्हें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन की जरूरत पड़ेगी। राहुल को टीम फिजियो और एक साथी खिलाड़ी की मदद से मैदान से बाहर ले जाया गया। उनसे चला भी नहीं जा रहा था और कुछ समय तक वह दर्द के मारे मैदान पर ही लेट गए। उन्हें दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर चोट लगी जब फाफ डु प्लेसी ने मार्कस स्टोइनिस की गेंद को एक्स्ट्रा कवर में खेला था। दोंनो की चोट की गंभीरता का अभी पता नहीं चल सका है। अगर राहुल को जांघ में ग्रेड एक या दो की चोट है तो वह छह से आठ सप्ताह के लिए बाहर हो सकते हैं और ऐसी स्थिति में रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ को टीम की जरूरतों को देखते हुए फैसला करना होगा। भारतीय टीम ने डब्ल्यूटीवी फाइनल के लिए अपनी स्टैंडबाय खिलाड़ियों की आधिकारिक सूची नहीं सौंपी है। कोना भरत हमेशा विकेटकीर के रूप में पहली पसंद हैं, राहुल नहीं।